भोपाल
मंगलवार, 6 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-09
वर्ष : 14, अंक : 35
पृष्ठ : 12+8=20 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम उपलब्ध रहेगा

## मुख्यमंत्री आज जारी करेंगे 10वीं और 12वीं के परिणाम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार सुबह 10 बजे मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में घोषित करेंगे। मंडल द्वारा विभिन्न पोर्टल ▸▸ शेष पेज 6 पर

मंडला के रामनगर में 'आदि उत्सव' के समापन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की दी सौगात

# जनजाति के विकास के लिए 1600 करोड़ स्वीकृत प्रस्ताव तैयार करने कलेक्टर को मंच से दिए निर्देश



**जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पेसा कानून के तहत जल, जंगल और जमीन के संरक्षण तथा बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए 1600 करोड़ की राशि की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों से 2600 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। आगे किसानों को 5 रुपए में बिजली कनेक्शन भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ▸▸ शेष पेज 6 पर

- किसानों को 5 रुपए में मिलेंगे बिजली कनेक्शन, सोलर पम्प देकर बिजली मुक्त किसान की दिशा में सरकार



### गाय भैंस खरीदने पर 25 प्रतिशत अनुदान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में दूध उत्पादन को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के किसानों को 25 गाय या भैंस खरीदने पर 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। वहीं 200 गाय या भैंस खरीदने पर 50 गाय या भैंस शासन की ओर से दी जाएगी। सरकार ने दूध के उत्पादन पर अनुदान व गौ पालन करने वाले लोगों को चारे के लिए 20 की जगह 40 रुपए का अनुदान दिया जाएगा।



### आदि उत्सव में जनजातीय कन्याओं का विवाह आयोजन

आदि उत्सव की महत्वपूर्ण कड़ी में 600 कन्याओं का मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत विवाह आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पहुचते हुए सभी नव विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा की। साथ ही कार्यक्रम के अंत मे उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत कन्याओं को मिलने वाली 49 हजार रुपए की राशि के सांकेतिक रूप से चेक भी प्रदान किए।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
मुंबई गुजरात
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ


## खबर संक्षेप

### गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी



**अमरोहा।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जान से मारने की धमकी मिली है। उनको यह धमकी ईमेल के जरिए मिली है। इस मामले में मोहम्मद शमी के भाई हसीब ने अमरोहा पुलिस को एफआईआर के लिए तहरीर दी थी।

### दुनिया के चौथे अमीर एक्टर हैं शाहरुख



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान ना सिर्फ हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे महंगे कलाकारों में से एक हैं। दुनिया के टॉप-10 अमीर एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान की दौलत 87.65 करोड़ डॉलर (7380.93 करोड़) बैठती है।

### बीएसपी के युवा नेता शुभम साहू की हत्या



**सतना।** जिले में बसपा के एक युवा नेता की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मृतक नेता दो दिन पहले ही कांग्रेस छोड़कर बीएसपी में आए थे। सिविल थाना क्षेत्र के महादेवा मोहल्ले में रविवार देर रात शुभम साहू (26) की हत्या कर दी।

पुतिन ने कहा- पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाएं

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी से कहा हम आपके साथ, दुष्टों को सजा जरूर दीजिए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आतंकवाद के खात्में के लिए भारत को कई देशों ने खुला समर्थन दिया। उनका कहना है कि दुनिया के लिए कैंसर बन चुके आतंकियों का सफाया होना बेहद जरूरी है। रूस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात करते हुए स्पष्ट कह दिया कि दुष्टों को सजा जरूर दें, इसमें रूस पूरी तरह से भारत का साथ देगा।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत में कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के अपराधियों को न्याय के दायरे में लाया जाना चाहिए। उन्होंने इस भीषण हमले की कड़ी निंदा की। मोदी ने पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत में आयोजित होने वाले भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भी आमंत्रित किया। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इधर भारत आतंकियों और उनके आकाओं को सबके सिखाने के लिए अपनी तैयारियां कर रहा है। इसी तैयारियों के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने हाईलेवल की मीटिंग की। इसमें कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। एनएसए अजीत डोभाल ने गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी पीएम मोदी से मुलाकात ▸▸ शेष पेज 6 पर

- पीएम मोदी ने की हाई लेवल की मीटिंग, देश के प्रमुखों से हुई बातचीत, पीएम ने रूस का जीता भरोसा, भारत का देगा साथ

वित्त मंत्री सीतारमण ने एडीबी से की पाक की फंडिंग रोकने की मांग



भारत ने कई भड़काऊ अकाउंट कर दिए बैन

चीन ने दिखाई अपनी औकात कहा...

### हम पाकिस्तान के साथ

धोखा और दगा चीन के खून में है। आज तक का रिकॉर्ड है कि चीन कभी किसी का सगा नहीं हुआ। इस बार भी उसने अपनी औकात दिखाते हुए पाकिस्तान का साथ देने का ऐलान किया है। चीन के राजदूत जियांग जैदोंग ने कहा कि दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चीन हमेशा पाकिस्तान का समर्थन करेगा। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच तनाव के बीच राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से मुलाकात की। रिपोर्ट के अनुसार जियांग ने राष्ट्रपति ▸▸ शेष पेज 6 पर

### भारत ने पाक पर की इकोनॉमिक स्ट्राइक की तैयारी

*भारत पाकिस्तान को चौतरफा घेरने में लगा हुआ है। इसी कड़ी में भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसाटो कांडा से मुलाकात की और उनसे पाकिस्तान को दी जाने वाली फंडिंग में कटौती करने की मांग की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एडीबी के अध्यक्ष से यह मांग 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद* ▸▸ शेष पेज 6 पर

### कल से कई राज्यों में होगी मॉकड्रिल

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बड़ा कदम उठाते हुए कई राज्यों को मॉकड्रिल करने के निर्देश दिए हैं। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, निर्देश में कहा गया है कि राज्य 7 मई को सुचारू तरीके से नागरिकों की सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन करेंगे। पिछली बार ऐसा अभ्यास 1971 में किया गया था, जिस साल भारत और पाकिस्तान के बीच दो मोर्चों पर युद्ध हुआ था।

### डिफेंस वेबसाइट्स पर साइबर अटैक!

पाकिस्तानी हैकर्स भारतीय वेबसाइट्स को निशाना बना रहे हैं। भारतीय रक्षा वेबसाइट को निशाना बनाने से जुड़ा है। रक्षा से जुड़े सूत्रों के मुताबिक साइबर हमलों ने रक्षा कर्मियों की संवेदनशील जानकारी शामिल हैं। उनको खतरे में डाल दिया है। पाक साइबर फोर्स नाम के एक्स हैंडल ने दावा किया है कि मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज और मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेंस स्टडीज के संवेदनशील डेटा तक पहुंच बना ली है।
▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में टली सुनवाई

# सीजेआई बोले-ऐसी याचिकाओं पर मैं आदेश नहीं दे पाऊंगा

सीजेआई खन्ना 13 मई को पद छोड़ देंगे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 15 मई को न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सुनवाई तय की। अब वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 15 मई को अगली सुनवाई होगी। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आदेश पारित करने से पहले इस मामले पर उचित सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर किसी की बात सुननी होगी। ऐसी याचिकाओं पर आदेश नहीं देना चाहता। बता दें कि सीजेआई संजीव खन्ना 13 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं और इसी को देखते हुए उन्होंने कहा कि वे कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहते हैं।

- अब 15 मई को दूसरी बेंच मामले की सुनवाई करेगी

इसलिए उन्होंने ये केस दूसरी पीठ के समक्ष रखा है। जैसे ही मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ सुनवाई के लिए बैठी, सीजेआई ने कहा कि कुछ ऐसे पहलू हैं जिनसे केंद्र ने निपटा है, लेकिन उन्हें स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। सीजेआई ने आगे कहा कि मैं अपने कार्यकाल के अंतरिम चरण में कोई निर्णय या आदेश सुरक्षित नहीं रखना चाहता। इस मामले की सुनवाई जल्द ही करनी होगी और यह मेरे ▸▸ शेष पेज 6 पर

### केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को दिया था आश्वासन

*इससे पहले, केंद्र सरकार ने 17 अप्रैल को शीर्ष अदालत को आश्वासन दिया था कि वह 5 मई तक उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ सहित वक्फ संपत्तियों को न तो गैर-अधिसूचित करेगा और न ही केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति करेगा। केंद्र ने पीठ को यह आश्वासन देते हुए कहा कि संसद द्वारा उचित विचार-विमर्श के साथ पारित कानून को सरकार की सुनवाई के बिना स्थगित नहीं किया जाना चाहिए।*

भिंड में कार और बाइक की भीषण टक्कर

## चार लोगों की मौत पांच गंभीर घायल

**भिंड।** पिड़ौरा गांव के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर हो गई, जिससे कार पलट गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीन लोगों और कार में बैठे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।



- बाइक सवार फलदान से लौट रहे थे

जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा नेशनल हाइवे 719 पर पिड़ौरा गांव के पास हुआ। पुलिस ने मामला ▸▸ शेष पेज 6 पर

महाकाल मंदिर परिसर में भीषण आग

## कर्मचारी के हाथ झुलसे श्रद्धालुओं का प्रवेश रोका

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की छत पर आग लग गई। पीसीबी के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरियां जल गईं। दूर से ही धुआं और आग की लपटें दिखाई दे रही थी। आग लगने के बाद मंदिर में भक्तों का प्रवेश रोकना पड़ा।



- छत पर रखी बैटरियां जलकर खाक

आग पर काबू पाने और स्थिति सामान्य होने के बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया। आग बुझाने के दौरान एक कर्मचारी के दोनों हाथ झुलस गए। ये घटना ▸▸ शेष पेज 6 पर

जस्टिस वर्मा 'कैश कांड' केस

## समिति ने सीजेआई खन्ना को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के यहां अग्निकांड में अकूत नकदी मिलने के मामले की जांच करने वाली तीन जजों की इन-हाउस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंप दी है।



- समिति ने रिपोर्ट 43 दिनों बाद सौंपी

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति सुश्री अनु शिवरामन की तीन सदस्यीय समिति ने ▸▸ शेष पेज 6 पर

कानपुर: 4 मंजिला इमारत में भीषण आग

## रेस्क्यू से पहले ही जिंदा जले पति-पत्नी और तीन बेटियां

मां से चिपका मिला बेटी का शव

एजेंसी ▸▸ कानपुर

चमनगंज थाना क्षेत्र के प्रेम नगर में रविवार रात 8 बजे एक 4 मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में एक परिवार के 5 लोग जिंदा जल गए। मरने वालों में पति-पत्नी और उनकी 3 बेटियां हैं। बिल्डिंग के बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर जूता-चप्पल बनाने का कारखाना था। ऊपर के 4 फ्लोर में दो भाइयों का परिवार रहता था। आग की शुरुआत ग्राउंड फ्लोर पर कारखाने से हुई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई। घर में रखे सिलेंडर, केमिकल और एसी फटने लगे। आग ने 10 से 15 मिनट में पूरी बिल्डिंग को चपेट में ले लिया। हादसे में कारोबारी मो. दानिश ▸▸ शेष पेज 6 पर



### हथौड़े से तोड़ीं दीवारें सुबह तक बुझ पाई आग

*छह मंजिला भवन में लगी आग को काबू करने के लिए दमकल कर्मियों ने दोनों तरफ की दीवारों को हथौड़ों से तोड़ा। इसके बाद धुआं कम हुआ तो पानी की तेज बौछार के साथ कमरों में दाखिल हुए। हालांकि धुआं ज्यादा होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे इलाके की बिजली को काट दी गई है। सुबह आग बुझाने का काम पूरा हो पाया।*

जबलपुर के आईआईआईटी डीएम के गर्ल्स हॉस्टल में न्यूड वीडियो कांड


# छात्रा ने अपने सीनियर छात्राओं के नहाते हुए वीडियो बनाए, दिल्ली के बॉयफ्रेंड को भेजे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन और विनिर्माण संस्थान (ट्रिपलआईटी डीएम) में छात्राओं के बाथरूम में नहाते हुए वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। आरोप बीटेक सेकेंड ईयर की एक छात्रा पर है। एक छात्रा अपनी सीनियर छात्राओं के न्यूड वीडियो बनाकर दिल्ली में अपने दोस्त को भेजती थी। यह काम वह पिछले दो साल से कर रही थी।

इस बात का खुलासा तब हुआ जब एक सीनियर छात्रा ने उसे बाथरूम में नहाते समय वीडियो बनाते हुए पकड़ लिया। कॉलेज प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई ▸▸ शेष पेज 6 पर

छात्रा अश्लील वीडियो बनाने वाले किसी रैकेट से जुड़ी होने की आशंका, छात्रा हिरासत में



### थाने पहुंची छात्राएं

इस घटना के बाद कॉलेज के छात्र-छात्राएं थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। ट्रिपलआईटीडीएम के डायरेक्टर डॉ. बीके सिंह ने मीडिया को बताया कि ▸▸ शेष पेज 6 पर

### सीएसपी ने कहा-एफआईआर दर्ज की

सीएसपी सतीश साहू ने बताया कि एक छात्रा द्वारा दूसरी छात्रा का नहाते समय वीडियो बनाने की सूचना मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और कॉलेज प्रबंधन से पूछताछ की। प्रबंधन के अनुसार, इस घटना की जानकारी उन्हें रविवार को ▸▸ शेष पेज 6 पर

अगले दो-तीन दिन भोपाल सहित अधिकांश जिलों में बारिश, ओले और चलेगी आंधी

प्रदेश में 7 से 9 डिग्री तक पारा गिरा, सर्वाधिक गिरावट रायसेन में 8.6 डिग्री की रही

# प्रदेश में ओले-बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत 35 दिन बाद शहर का पारा 35.5 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में मौसम लगातार बदल रहा है। बादल, बारिश और कुछ स्थानों पर ओले गिरने से भोपाल सहित सभी जिलों में दिन का पारा तेजी से गिरा है। सोमवार को भोपाल में 35 दिन बाद अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री पर आया है, जिससे गर्मी से राहत रही है। यह सामान्य से 5.6 डिग्री कम है। इससे पहले यहां 31 मार्च को पारा 35.2 डिग्री रहा है। बदले मौसम के मिजाज के असर से प्रदेश में 7 से 9 डिग्री तक पारा गिरा है।

सर्वाधिक गिरावट रायसेन में 8.6 डिग्री की रही, पारा 27.4 डिग्री पर दर्ज हुआ। ▸▸ शेष पेज 6 पर

**इससे पहले 31 मार्च को भोपाल में दिन का पारा रहा 35.2 डिग्री अभी जारी रहेगा तापमान में एक से दो डिग्री तक उतार चढ़ाव**



कोलार के दानिश चौराहा इलाके में बारिश

### आज यहां गिरेंगे बारिश के साथ ओले

इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी में बारिश के साथ ओले गिरेंगे। वहीं, भोपाल, विदिशा, रायसेन, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, आलीराजपुर, झाबुआ, धार, रतलाम, सतना आदि जिलों में बादल, आंधी और गरज चमक के साथ बारिश की उम्मीद है।

### अभी सिस्टम मप्र से गुजर रहा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य पाकिस्तान और इससे सटे पंजाब और उत्तर पश्चिमी राजस्थान में सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पूर्वी राजस्थान और आसपास है, जबकि एक ट्रफ दक्षिण पूर्वी मध्य प्रदेश से कर्नाटक, मराठवाड़ा, तेलंगाना से होते हुए गुजर रही है। इससे मप्र में अभी दो से तीन दिन लगातार मौसम में बदलाव बना रहेगा। भोपाल में भी बादल, बारिश और तेज हवाओं के साथ गरज चमक की स्थिति बनी रहेगी।

### बुद्ध जयंती की पूर्व संध्या पर बुद्ध विहारों में होगी विश्व शांति व सामूहिक मंगल मैत्री वंदना

# सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग के विशेष संयोग में 12 को मनाई जाएगी वैशाख पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैशाख पूर्णिमा 12 मई को मनेगी। इस बार सर्वार्थ सिद्धि सर्वार्थ सिद्धि व रवि योग का संयोग बन रहा है। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 12 मई, सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा मनाई जाएगी। बौद्ध धर्म ग्रंथों में ऐसा वर्णित है कि वैशाख पूर्णिमा के दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था।

इस साल पूर्णिमा तिथि 11 मई को शाम 8 बजकर 01 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, 12 मई को रात 10 बजकर 25 मिनट पर बुद्ध पूर्णिमा की समाप्ति होगी। इसके चलते उदया तिथि में यानी 12 मई को पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा।



## भगवान बुद्ध जयंती पर बुद्ध विहारों में उमड़ेंगे श्रद्धालु, शिवालयों में शिवजी की होगी पूजा-अर्चना

### महिलाएं पीपल के पेड़ की करेंगी पूजा

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन पीपल के पेड़ की भी पूजा की जाती है। महिलाएं पीपल के वृक्ष का पूजन कर पुत्र के दीघार्यु और उसके सुख की कामना करती हैं। बुद्ध पूर्णिमा पर दिनभर व्रत रखकर शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोला जाता है। इस दौरान चंद्रदेव के दर्शन के साथ उन्हें सफेद चीजों को भोग लगाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु और चंद्रदेव की उपासना करने से आर्थिक तंगी दूर होती है।

### शिवालयों में दिनभर कार्यक्रम होंगे

श्री बड़वाले महादेव मंदिर में भगवान का दूध, दही, शहद, घी एवं गन्ने के रस से अभिषेक किया जाएगा। उसके बाद पवित्र नदियों के जल में 5 प्रकार के इत्र मिलाकर भगवान को जलमग्न किया जाएगा। इसके बाद भगवान को सतुआ एवं बेल के शरबत का भोग इसके बाद आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी का अभिषेक भी किया जाता है। अनेक मंदिरों में भगवान सत्यनारायण की कथा करने की परंपरा है। मंदिरों में दिनभर कार्यक्रम होंगे।

### 2009 में हुई स्थापना

बौद्ध महाविहार में 25 फीट ऊंची तथागत भगवान बुद्ध की प्रतिमा पहाड़ी पर स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 2009 में की थी। शहर में यह भगवान बुद्ध की सबसे बड़ी प्रतिमा है। बुद्ध पूर्णिमा के पूर्व इसका रंग-रोगन हो रहा है।

### बुद्ध जयंती समारोह मनेगा

बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री चुनाभट्टी कोलार रोड पर दि बुद्धभूमि धम्मदूत संघ और राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के संयुक्त तत्वावधान में तथागत भगवान बुद्ध की त्रिगुण पावन जन्म, बुद्धत्व और महापरिनिर्वाण, वैशाख बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव 11 व 12 मई को मनाया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन, भगवान बुद्ध के जन्म, बुद्धत्व एवं महापरिनिर्वाण की पावन स्मृति में विश्व शांति, मैत्री और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ किया जा रहा है। बुद्धभूमि महाविहार परिसर में आयोजित विश्व शांति सद्भावना मैत्री वंदना में हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, मुस्लिम, ईसाई धर्म के धर्मगुरु, आचार्यगण एवं प्रख्यात समाजसेवीगण एक साथ उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में 25 फीट ऊंची बुद्ध मूर्ति के समक्ष सामूहिक वंदना की जाएगी और 1111 दीपों से विश्वशांति हेतु प्रज्वलन कर मानवता के एकता संदेश को प्रकाशित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### करूणाधाम में रक्तदान शिविर आज

**भोपाल।** करुणाधाम मातृशक्ति ब्रह्मलीन मातुश्री स्मृति दिवस पर रक्तदान शिविर मंगलवार 6 मई को शाम 5 बजे से होगा। करुणाधाम आश्रम में ब्रह्मलीन मातुश्री दुर्गा शाण्डिल्य की स्मृति में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आश्रम के श्री शाश्वत शाण्डिल्य ने बताया कि पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शाण्डिल्य महाराज के मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में शिविर में युवा रक्तदान करेंगे। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से हम सब मिलकर किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकते हैं।

### बुद्ध पूर्णिमा पर लाखों घरों में होगा गायत्री यज्ञ

**भोपाल।** बुद्ध पूर्णिमा यज्ञ दिवस 12 मई को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में देश ही नहीं पूरे विश्व में एक साथ एक समय पर सुबह 8 से 12:30 बजे तक लाखों घरों में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ होगा। गायत्री परिवार के प्रशिक्षित पुरोहितों से, ऑनलाइन यूट्यूब पीडीएफ ब्राउजर के माध्यम से घर-घर में संपन्न कराया जाएगा। सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनोऔर संस्थानों मंडलों के माध्यम से आमजन तक पहुंचाया जाएगा। राजधानी के लगभग 24 हजार घरों में प्रशिक्षित पुरोहितों के माध्यम से एवं अन्य घरों में ऑनलाइन युटुब वीडियो एप पीडीएफ ब्राउजर के माध्यम से कराया जाएगा।

### लव जिहादः सकल हिंदू समाज की महिलाएं राज्यपाल से मिलीं

**भोपाल।** बीते शुक्रवार को शहर के 25 स्थानों पर लव जिहाद के विरोध में प्रदर्शन करने वाली सकल हिंदू समाज की महिलाओं ने सोमवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात की। महिलाओं ने बताया कि राज्यपाल ने इस मामले में सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हमने फंडिंग करने वाले के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले के बाद हम हिंदू युवतियों को जागरूक करने की योजना बना रहे हैं। मुख्यमंत्री से भी हमारी इसको लेकर बातचीत हो चुकी है। महिलाओं ने प्रदेश भर में समितियां बनाने और हेल्पलाइन नंबर जारी करने की मांग की जिस पर उन्होंने महिलाओं की मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया है।

### प्रदेशभर के मेडिकल कॉलेजों में जूनियर डॉक्टर और शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

## डॉ. अरुणा कुमार की नियुक्ति पर विवाद

# हमीदिया अस्पताल में प्रदर्शनः काली पट्टी बांधकर इलाज करते नजर आए डॉक्टर

प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के संगठन ने डिप्टी सीएम शुक्ल को पत्र लिखकर किया डॉ. अरुणा कुमार का समर्थन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सोमवार को जूनियर डॉक्टर और मेडिकल शिक्षकों ने डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन (डीएमई) के पद पर डॉ. अरुणा कुमार की नियुक्ति के खिलाफ सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध कर रहे मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (एमटीए) और जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) ने इस निर्णय को सरकार पर दबाव में लिया गया फैसला बताया है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर, छिंदवाड़ा, रतलाम, नीमच और विदिशा समेत सभी सरकारी मेडिकल कालेजों में भी डॉक्टरों ने सोमवार दोपहर एक बजे से 1:30 बजे तक काली पट्टी बांधकर मरीजों का इलाज किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष डॉ. राकेश मालवीय ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द नियुक्ति आदेश वापस नहीं लिया, तो प्रदेशभर के 18 मेडिकल कॉलेजों से पदाधिकारी भोपाल पहुंचकर धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगला चरण और अधिक उग्र होगा।

### नियुक्ति पर योग्यता को प्राथमिकता देना चाहिए

जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जूडा) के अध्यक्ष डा. कुलदीप गुप्ता ने बताया कि पूरे प्रदेश में डॉक्टरों ने मरीजों की सेवा जारी रखते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन और जूडा मध्यप्रदेश के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में डॉक्टरों ने स्पष्ट कर दिया कि डीएमई की नियुक्ति पर पारदर्शिता और योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## गायनिक, एनेस्थीसिया, मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों ने बनाई आंदोलन से दूरी

**भोपाल।** डॉ. अरुणा कुमार को संचालक चिकित्सा शिक्षा बनाए जाने का जहां एक तरफ विरोध हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर उनके समर्थन में भी पत्र लिखे जा रहे हैं। प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों के अधिष्ठाताओं के संगठन मेडिकल टीचर्स डीन एसोसिएशन ने उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल को पत्र लिखकर डॉ. अरुणा का समर्थन किया है।



पत्र में सभी डीन की तरफ से लिखा गया है कि कुछ लोग अपने व्यक्तिगत द्वेष के चलते डॉ. अरुणा का विरोध कर रहे हैं। उन्हें डीएमई पद से हटाने के लिए आंदोलन शुरू किया गया है, जो कि नैतिक रूप से गलत है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी शासन पर यह दबाव बना रहे हैं कि कौन एचओडी बनेगा, कौन अधीक्षक बनेगा और कौन डीन बनेगा। इसी तरह जूनियर डॉक्टर भी पीएमटीए के बहकावे में आकर विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस स्थिति में डीन एसोसिएशन शासन के निर्णय की प्रशंसा करता है।

### कई विभागों के डॉक्टर मौन

डॉ. अरुणा को शासन ने जब से डीएमई के पद पर नियुक्त किया है, तब से ही गांधी मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों का आंदोलन शुरू हो गया है। इस आंदोलन में एमटीए के साथ जूडा भी हैं, लेकिन सोमवार को स्थिति बदली बदली सी नजर आई। जीएमसी के एडमिन ब्लॉक के सामने हुए प्रदर्शन में मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। लेकिन कई विभाग के चिकित्सकों ने यहां शिरकत नहीं की। सूत्रों के अनुसार जीएमसी का गायनिक, एनेस्थीसिया, मेडिसिनि और अन्य विभागों के चिकित्सकों ने इस आंदोलन से खुद को दूर किया हुआ है। डॉ. अरुणा का विरोध न करने वाले चिकित्सकों का तर्क है कि वह किसी व्यक्तिगत द्वेष में आकर आंदोलन का हिस्सा नहीं बनेंगे।

### कार्यक्रम में साधु संत और श्रद्धालु पहुंचे

## मां बगलामुखी प्रकटोत्सव पर हवन पूजन, अनुष्ठान के साथ हुए भंडारे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां बगलामुखी जयंती सोमवार को मनाई गई। इस मौके पर मंदिरों में अनेक आयोजन हुए। राजधानी में सुबह लेकर रात तक देवी दर्शन पूजन के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला चलता रहा। अन्य देवी मंदिरों में भी माता बगलामुखी के प्रकटोत्सव पर पूजन, अनुष्ठान व धार्मिक आयोजन हुए। आयकर कॉलोनी कोटरा में पीताम्बरा बगलामुखी मंदिर मां बगलामुखी प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में विशेष आयोजन हुए, जिसमें सुबह अभिषेक, श्रृंगार किया गया। इसके बाद षोडशोपचार पूजन हुआ। इसके साथ ही बगलामुखी हवन का आयोजन किया गया। दोपहर में मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनेक साधु संत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



### कष्ट हरती हैं मां

कोटरा में पीताम्बरा बगलामुखी मंदिर मां बगलामुखी में भोपाल के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी यहा दर्शनार्थी पहुंचते हैं। इस मंदिर का इतिहास नवाबी दौर के पहले का है। यहां माता रानी की प्राचीन प्रतिमा के साथ मंदिर में अष्टधातु की प्रतिमा भी विराजमान है। यहां संतान प्राप्ति सहित अन्य मनोकामनाओं को लेकर श्रद्धालु पहुंचते हैं। वहीं मां भक्तों के कष्ट हरती हैं।

### अन्य देवी-देवता भी विराजमान

मंदिर में माता रानी के साथ राधा कृष्ण, शिव परिवार सहित अन्य देवी देवता भी विराजमान है। मंदिर में चारों नवरात्रि में विशेष अनुष्ठान और हवन किए जाते हैं। प्रकट और अश्विन के साथगुप्त नवरात्रि में भी यहां विशेष आयोजन होता है।

### पंजीयन की समस्या का तत्काल समाधान करें

## अमरनाथ यात्रा के समूह पंजीयन को लेकर आवेदक संशय में पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू हो रही है, जो नौ अगसत रक्षाबंधन तक चलेगी। 38 दिनों की इस यात्रा के लिए अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन ऑनलाइन, ऑफलाइन बैंकों और सूमह पंजीयन के माध्यम से होते हैं।

यात्री का पंजीयन आनलाइन, ऑफलाइन नहीं हो सका था, उनके द्वारा लगभग 15 दिन पूर्व यात्रा पंजीयन के लिए अपने आवेदन अमरनाथ श्राइन बोर्ड के श्रीनगर कार्यालय डाक से भेजे थे, लेकिन श्राइन बोर्ड द्वारा द्वारा उनको किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। इस तारीख के पंजीयन के लिए उन्होंने आवेदन किए थे, उसी



तारीख के रेल टिकट का आरक्षण भी शुरू हो चुके हैं। यात्री समझ नहीं पा रहे हैं कि रेल टिकट आरक्षित कराएं या नहीं? ओम शिवि शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने आगे बताया कि मंडल सदस्य द्वारा लगभग 500 से अधिक श्रद्धालुओं के पंजीयन के लिए भेजे हैं। अमरनाथ श्राइन बोर्ड से मांग कि है कि आवेदक को उन्हें समूह पंजीयन की समस्या का समाधान तत्काल किया जाए, ताकि वह रेलवे का आरक्षण करा सकें।

### चयनित मास्टर ट्रेनर्स प्रदेश में विज्ञान शिक्षकों को देंगे प्रशिक्षण

## नई शिक्षा नीति के तहत विज्ञान शिक्षक, प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में सोमवार से तीन दिवसीय विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हो गई है। कार्यशाला में प्रदेश के चयनित मास्टर्स ट्रेनर्स सहभागिता कर रहे हैं। यह मास्टर ट्रेनर्स अपने-अपने जिलों में जाकर जिले के विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यशाला में विज्ञान शिक्षकों के लिए कक्षा 6 से 12 के प्रायोगिक एवं प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण व्यवस्था की जानकारी दी जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को 'करके सीखने' की पद्धति, प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण और 21वीं सदी के कौशलों से विद्यार्थियों को सशक्त करना है। नई शिक्षा नीति के आधार पर शिक्षकों के प्रशिक्षण पर जोर दे रहा है। इसी उद्देश्य को पूरा करने विज्ञान शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की है।

### दो नवाचारी मॉड्यूलों को किया गया औपचारिक लॉन्च

विज्ञान शिक्षा का 'नवोन्मेष' मॉड्यूल तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण का चरणबद्ध संचालन मार्गदर्शित करता है। इस मॉड्यूल से विज्ञान विषय के मास्टर ट्रेनर्स संभाग स्तरीय प्रशिक्षण को प्रभावी बना सकेंगे। प्रशिक्षण का दूसरा मॉड्यूल 'प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण' है। इस मॉड्यूल में राज्य के शिक्षकों द्वारा पूर्व वर्षों में किए गए सफल प्रोजेक्ट्स को संकलित करना है, जो आगामी सत्र के लिए प्रोजेक्ट योजनाओं का मार्गदर्शन करेगा।

## मप्र फार्मासिस्ट पंजीयन में देरी से परेशान छात्र-छात्राएं, एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

काउंसिल के कार्यवाहक रजिस्ट्रार ने छात्रों को आश्वस्त किया कि सभी लंबित मामलों का होगा समाधान

मध्य प्रदेश में फार्मासिस्ट पंजीयन प्रक्रिया की धीमी गति से नाराज फार्मेसी छात्रों ने सोमवार को शहर में धरना देकर प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) भोपाल द्वारा आयोजित प्रदर्शन में छात्रों ने स्टेट फार्मेसी काउंसिल कार्यालय के बाहर नारेबाजी की।

इस दौरान परिषद से देरी का कारण भी पूछा। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि बीते एक साल से फार्मेसी काउंसिल द्वारा पंजीयन प्रक्रिया सुस्त गति से की जा रही है, जिससे हजारों छात्र रोजगार और उच्च शिक्षा के अवसरों से वंचित हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने काउंसिल के कार्यवाहक रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने पंजीयन प्रक्रिया में सुधार के लिए सात प्रमुख मांगें रखीं।



### नहीं तो जारी रहेगा आंदोलन

एबीवीपी के महानगर मंत्री शिवम जाट ने कहा कि जब तक पंजीयन प्रक्रिया में सुधार नहीं होता, तब तक परिषद चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेगा। वहीं राष्ट्रीय फार्माविजन संयोजक अनिकेत शेलके ने कहा, फार्मेसी छात्र देश की स्वास्थ्य व्यवस्था के मजबूत आधार हैं, और उनकी उपेक्षा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। प्रदर्शन के दौरान कार्यवाहक रजिस्ट्रार ने छात्रों को आश्वस्त किया कि अगले 60 दिनों में सभी लंबित मामलों का समाधान किया जाएगा। काउंसिल ने यह भी भरोसा दिलाया कि दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी, जिससे छात्रों को बार-बार दस्तावेज जमा करने की परेशानी से निजात मिल सके।

### गर्भावस्था के सातवें माह में पता चल गया था विकृति का

## एम्सः नवजात को हो रही थी सांस लेने में तकलीफ डॉक्टरों ने सर्जरी के बाद मासूम को दी नई जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के डॉक्टरों ने एक गंभीर जन्मजात बीमारी से पीड़ित नवजात शिशु को नया जीवन दिया है। संस्थान ने जन्मजात डायाफ्रामिक हर्निया (सीडीएच) से ग्रस्त एक कम वजन वाले बच्चे की सफल सर्जरी की है। यह जटिल मामला तब सामने आया, जब गर्भावस्था के सातवें महीने में ही बच्चे में इस विकृति का पता चल गया था। विशेषज्ञों की सलाह पर परिवार ने एम्स भोपाल के लेबर रूम में प्रसव कराने का फैसला किया, जहां शिशु का सुरक्षित जन्म हुआ। हालांकि जन्म के समय बच्चे का वजन केवल 2.2 किलोग्राम था और उसे सांस लेने में बहुत तकलीफ हो रही थी। इसके बाद नवजात शिशु को वेंटिलेटर पर रखा गया और लगभग तीन सप्ताह तक



गहन निगरानी में रखा गया। इसके बाद एम्स भोपाल की बाल शल्य चिकित्सा टीम ने एक बेहद जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। डॉक्टरों की कड़ी मेहनत और आधुनिक चिकित्सा तकनीकों के इस्तेमाल से बच्चे ने स्वस्थ रूप से रिकवरी की और अब उसका वजन बढ़कर लगभग 2.9 किलोग्राम हो गया है।

### क्या है जन्मजात डायाफ्रामिक हर्निया

जन्मजात डायाफ्रामिक हर्निया में पेट के अंग छाती में चले जाते हैं, जिससे फेफड़ों के विकास और कार्य में बाधा आती है। सर्जरी का उद्देश्य इन अंगों को वापस पेट में लाना और डायाफ्राम में बने छेद को बंद करना होता है। इस सफलता पर एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह ने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि एम्स भोपाल में अत्याधुनिक नवजात चिकित्सा और शल्य चिकित्सा सुविधाएं मौजूद हैं, जो गंभीर जन्मजात स्थितियों में भी जीवन बचाने में सक्षम हैं।

### चार साल पहले डिजिटल इंडिया मिशन के तहत शुरू की थी सुविधा

तकनीकी दिक्कतों के चलते लंबे समय से बंद थी सुविधा

## भोपाल मंडल के सभी स्टेशनों पर फिर शुरू होगा वाई-फाई अब पहले से दोगुना स्पीड की मिलेगी यात्रियों को सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को इंटरनेट की सुविधा देने के उद्देश्य से शुरू की गई मुफ्त वाई-फाई सेवा एक बार फिर से नए व पहले से ओर स्पीड के साथ बहाल होने जा रही है। करीब चार साल पहले डिजिटल इंडिया मिशन के तहत रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर यह सुविधा शुरू की थी, जिस पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे। लेकिन तकनीकी दिक्कतों के चलते लंबे समय से बंद है।

यात्रियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। न ही इसको लेकर यात्रियों को सूचना के लिए किसी तरह के पंपलेट व बोर्ड लगाए गए। पहले जो लगे थे, वह अभी अब दिखाई नहीं देते हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार यह सेवा एक साल बाद ही बंद हो गई थी। हालाकि रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह सेवा निरंतर चल रही है। यात्री इसका लाभ उठा रहे है।

### तीन वर्ष से बंद हुई सुविधा

सूत्रों के अनुसार जब यह सेवा शुरू की गई थी। उस यात्रियों में काफी उत्साह था। लोग स्टेशन पहुंचते ही अपने मोबाइल और लैपटाप से वाई-फाई से जुड़ जाते थे और इंटरनेट का उपयोग करते थे। खासतौर पर सीमित डाटा वाले यात्रियों को इससे राहत मिलती थी, लेकिन तकनीकी समस्याओं, देखरेख की कमी और एजेंसियों के आपसी समन्वय की कमी के चलते यह सुविधा धीरे-धीरे बंद होती चली गई। तीन वर्षों से यह सेवा बंद पड़ी थी, जिससे यात्रियों को डिजिटल इंडिया के इस लाभ से वंचित रहना पड़ा।

### नई टेक्नोलॉजी का उपयोग कर वाई-फाई को अधिक सक्षम बनाया जाएगा

भोपाल रेल मंडल एक बार फिर से इस सेवा को नए सिरे से शुरू करने जा रहा है। रेलवे सूत्रों के अनुसार, नई टेक्नोलॉजी का उपयोग कर वाई-फाई को अधिक सक्षम और टिकाऊ बनाया जाएगा। इसके लिए नई एजेंसी को जिम्मेदारी देने पर भी विचार किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि हमारी प्राथमिकता है कि स्टेशन पर इंतजार कर रहे यात्रियों को इंटरनेट की सुविधा मिले, ताकि वे अपने आवश्यक कार्य कर सकें। साथ ही ट्रेन से संबंधित अपडेट मोबाइल सहित अन्य माध्यम से ले सके।

### फैक्ट फाइल

- भोपाल मंडल के 87 स्टेशनों पर वाई-फाई सेवा की स्थापना की गई थी।
- एक बार कनेक्ट होने पर सेवा 30 मिनट तक निशुल्क उपलब्ध रहती थी।
- कनेक्शन के लिए यात्रियों को रेलवायर नेटवर्क चुनना होता था।




### सेवा निरंतर जारी है...

भोपाल मंडल के स्टेशनों पर वाई-फाई सेवा बंद नहीं हुई है, यह निरंतर जारी है। यात्रियों को इस सुविधा की जानकारी मिल सके। इसके लिए स्टेशन पर सूचना बोर्ड और लगाए जाएंगे।

■ नवल अग्रवाल, पीआरओ, भोपाल मंडल

### सीसीएम ने किया भोपाल स्टेशन का निरीक्षण, चैकिंग करने के दिए दिशा-निर्देश

पश्चिम मध्य रेलवे के चीफ कमर्शियल मैनेजर (पैसेंजर) रश्मि बघेल ने सोमवार को भोपाल स्टेशन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने स्टेशन यात्री सुविधा से जुड़ी कई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीसीएम मेडम सुबह करीब 11:40 बजे भोपाल स्टेशन की एक नंबर नई बिल्डिंग पहुंची। इस दौरान टीटीई स्टाफ से बातचीत कर उनकी समस्यां जानी। साथ ही टीटीई स्टॉफ से अधिक से अधिक टिकट चैकिंग करने दिशा-निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन की साफ-सफाई से लेकर अन्य व्यवस्था देखी।

# दोपहर 2 बजे से आंधी-बारिश, शाम को थमी, देर रात फिर जमकर बरसे

## मई में आ गई जुलाई: कई इलाकों में आती-जाती रही बिजली, कई जगहों पर बड़े पेड़ भी हुए धराशायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार को लगातार तीसरे दिन मौसम ने करवट बदली। सुबह से बादलों के टुकड़े शहर के आसमान पर मंडराते रहे, लेकिन दोपहर करीब 2 बजे से आंधी और बारिश का दौर चला। जिससे बड़े बड़े पेड़ धराशायी हो गए। फिर शाम 6 बजे और फिर देर रात तक बादल गड़गड़ाते रहे और अलग अलग हिस्सों में जमके बरसते रहे। शहर में तीन दिन से आंधी, बारिश का सबसे ज्यादा असर तापमान के साथ प्रदूषण पर भी पड़ा है। सोमवार को पूरे शहर का एक्यूआई ग्रीन लेबल पर पहुंच गया।





तलैया काली मंदिर के सामने एक बड़ा पेड़ जमींदोज हो गया। इनसेट : शाम 4.30 बजे दानिश चौराहे पर तेज बारिश का एक दृश्य।

### देर रात तक बिजली गुल, स्ट्रीट लाइट बंद

*शहर के दोपहर के समय आंधी, बारिश दौर चला। कुछ हिस्सों में देर शाम तक तेज हवाओं का दौर चला। इससे कई इलाकों में पेड़ों की डालियां टूट कर बिजली लाइन पर गिर गईं। इससे कई इलाकों में देर रात तक बिजली गुल रही। कंपनी के हेल्पलाइन पर लगातार तीसरे दिन शिकायतों का अंबार लगा रहा। अयोध्यानगर, पटेल नगर, भेल, पिपलानी, अशोकागार्डन, आनंदनगर, जिंसी, भानपुर सहित कई इलाकों में बिजली की शिकायतों का आना जारी रहा है। अयोध्या नगर इसरो गेस्ट हाउस के आसपास के इलाके में महीनों से स्ट्रील लाइट्स भी बंद पड़ी होने से बारिश, आंधी के बीच अंधेरी रात में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देर शाम से सुबह तक विशेषकर बच्चों का घर से निकला मुश्किल हो रहा है।*

### 100 के नीचे आया शहर के सभी इलाकों का एक्यूआई

*शहर के सभी इलाकों में सोमवार को एक्यूआई 100 के नीचे रहा। पर्यावरण परिसर 60, कलेक्टोरेट इलाका 76 और टीटी नगर में यह सर्वाधिक 95 पर दर्ज हुआ है।*



*दोपहर हुई अचानक तेज बारिश से दोपहिया वाहन चालक खासे परेशान हो गए। जिन्हें आसरा मिल गया, वे बारिश थमने का इंतजार करते रहे, जिन्हें नहीं मिला वे भीगने पर मजबूर हो गए। फोटोः जेके हॉस्पिटल के पास का।*

## क्लब-90 रेस्टोरेंट और निजी कॉलेज का भी किया निरीक्षण

# लव जिहाद: राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने लिए पीड़िताओं और परिजनों के बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सामने आए लव जिहाद कांड में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति ने सोमवार को पीड़िताओं के बयान लिए। इसके साथ ही टीम क्लब-90 रेस्टोरेंट और संबंधित निजी कॉलेज में निरीक्षण के लिए भी पहुंची। पहले आयोग की टीम रायसेन रोड स्थित उस कॉलेज भी गई जहां पीड़ित छात्राएं पढ़ती हैं। 5 पीड़िताओं की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर इस मामले की जांच कर रही एसआईटी के वरिष्ठ अधिकारी भी महिला आयोग की टीम के साथ कॉलेज पहुंचे। आयोग की टीम ने कॉलेज स्टाफ और संबंधित विभाग प्रमुखों से अलग-अलग बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान टीम ने कॉलेज प्रशासन, अधिकारियों और पीड़ित छात्राओं को पढ़ाने वाले स्टाफ से लंबी पूछताछ की। टीम ने कॉलेज परिसर में छात्राओं की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों पर भी विस्तार से जांच की। जांच के दौरान ये पता लगाने की कोशिश की गई कि क्या पीड़ित छात्राओं ने पहले कभी आरोपियों के खिलाफ किसी भी तरह की शिकायत कॉलेज प्रबंधन या संबंधित अधिकारियों से की थी। सभी प्रकार की जानकारी टीम ने रिपोर्ट में शामिल की है।

### आरोपियों को सार्वजनिक स्थान पर इस्लामी कानून के मुताबिक मिले सजा



*शहर में हुए लव जिहाद मामले पर अब मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भी सामने आकर इसकी कड़ी खिलाफत की है। शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी और शहर मुफ्ती अबुल कलाम कासमी ने मीडिया के समक्ष अपना वक्तव्य जारी करते हुए कहा क लव जिहाद मामले में गिरफ्तार हुए सभी आरोपियों को सार्वजनिक स्थान पर इस्लामी कानून के तहत कड़ी कार्रवाई हो। शहर काजी ने कहा कि इस्लाम एक पाक साफ मजहब है। इस्लाम में लव जिहाद की कोई गुंजाइश नहीं है, लव जिहाद कुछ नही होता है। आरोपियों द्वारा सवाब के लिए लव जिहाद करने वाले बयान पर शहर काजी नदवी ने कहा कि इस्लाम में जिना करना हराम है, गैर मेहराम को देखना भी गुना के दायरे में आता है। इस्लाम में इसकी कड़ी सजा का प्रावधान है। शहर काजी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने मीडिया से आव्हान किया कि बिना तस्दीक इस तरह की खबरों का प्रसारण नही करें, जिससे देश प्रदेश का अमनो-अमान खतरे में पड़े। वहीं शहर मुफ्ती कासमी ने कहा कि जो इसे सही काम बता रहा है उसे सख्त सजा देना चाहिए।*

### परिजन के साथ पीड़िताओं को बुलाया

शाम को राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने 3 पीड़िताओं के बयान दर्ज किए। पीड़िताओं को होटल रेडिसन बुलाया गया था। जबकि रविवार को एक पीड़िता के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। इसके अलावा परिजन के भी बयान लिए गए हैं।

### क्लब-90 के वे केबिन भी गए, जहां होते थे गलत काम



कॉलेज से निकलने के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम क्लब-90 रेस्टोरेंट पहुंची। यहां उन्होंने क्लब का जायजा लिया। इस दौरान उन केबिन का भी निरीक्षण किया गया, जहां पीड़िताओं को ले जाया गया था। इसी रेस्टोरेंट में आरोपी पीड़िताओं को ले जाने के बाद गलत काम करते थे। इस बात का खुलासा मुख्य आरोपी फरहान और साहिल ने पुलिस की पूछताछ में किया था। महिला आयोग की टीम बाग सेवनिया थाने भी पहुंची थी, जहां केस की शुरुआती कार्रवाई की गई थी।

## क्लब-90 रेस्टोरेंट के अवैध रूम और शेड तोड़े, लीज भी निरस्त



*निगम ने 2 लाख 80 हजार रुपए तय की थी सालाना लीज*

हिंदू युवतियों से ज्यादती कर उनका धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश के मामले में सोमवार को जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की टीम ने हथाईखेड़ा स्थित क्लब-90 रेस्टोरेंट के अवैध हिस्से को ढहा दिया। यहां संचालक मेहरबान सिंह गुर्जर ने छह शेडनुमा कमरे बनाए थे, जहां पर युवक-युवतियों को एक साथ बैठाया जाता था। सोमवार को मौके पर पहुंची टीम ने इन कमरों को ढहा दिया। इधर, नगर निगम ने इसकी लीज निरस्त कर दी है। जिसके बाद इसे सील कर दिया गया है। हथाईखेड़ा डैम स्थित क्लब-90 को नगर निगम ने 2026 तक के लिए सालाना 2 लाख 90 हजार रुपए की लीज पर मेहरबान सिंह गुर्जर को दिया था, लेकिन गुर्जर ने इसे मोहित सिंह बघेल को किराये पर दे दिया। जिसके बाद बघेल ने यहां बदलाव करते हुए 6 कमरानुमा शेड बना लिए, जहां पर अनैतिक काम किए जाते थे। युवतियों को फंसाने को लेकर पुलिस जांच में जब इसका खुलासा हुआ तो सोमवार को टीम ने इसे ढहा दिया। एसडीएम रवीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम के लीज निरस्त करने के बाद क्लब-90 को सील कर दिया गया है। हालांकि कैफे संचालक पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। किरायेदार से कैफे लेकर चलाने वाले को भी बचाया जा रहा है।

### अवैध हिस्सा तोड़ा

नगर निगम के जोन 15 के जेडओ ठाकुर सिंह ने बताया कि क्लब 90 में लीज की शर्तों का उल्लंघन कर अवैध रूप से कमरानुमा शेड बनाकर छह कमरे निकाले गए थे, जिन्हें जेसीबी की मदद से तोड़ दिया गया है। लीज भी निरस्त कर दी गई है, जिससे अब इसका संचालन नहीं किया जा सकेगा।

## अंतरराज्यीय या विदेशी नेटवर्क का लिंक तो नहीं, एसआईटी करेगी जांच

लव जेहाद के मामलों में पुलिस मुख्यालय ने जो एसआईटी गठित की है, उसके सामने एक बड़ा टास्क यह भी है कि इस तरह के मामलों में किसी अंतर्राज्यीय या विदेशी नेटवर्क का हाथ तो नहीं है? क्योंकि इस तरह के मामलों संलिप्त आरोपियों के लिए दूसरे संगठन या गिरोह द्वारा फंडिग किए जाने का शक है। इसके अलावा संबंधित जिलों में घटित हो रहे इस तरह के मामलों की पहचान करना जिसमें महिलाओं और युवतियों को प्रलोभन या किसी प्रकार के दबाव में धर्मांतरण करने के लिए विवश किया गया हो। घटनाओं में संलिप्त संगठन या गिरोह की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर एक्शन लेना एसआईटी की प्राथमिकता में शामिल है। वहीं, साइबर और डिजिटल तरीके से सबूतों को एकत्रित करना भी एसआईटी का जिम्मा है, ताकि इस तरह के मामलों में आरोपियों को न्यायालय से कठोर सजा दिलवाई जा सके। विदित हो कि स्टेट एसआईटी का गठन देहात आईजी अभय सिंह के नेतृत्व में किया गया है। इसमें सहायक पुलिस निरीक्षक महिला सुरक्षा, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल और एसपी स्टेट साइबर सेल को शाामिल किया गया है। एसआईटी ने दमोह के मामले में ब्यौरा मांगा है। इजराइल नाम के युवक ने खुद को शिवा शर्मा बताकर लॉज में एक युवती के साथ कमरा बुक किया था। पुलिस को शक है कि मामला लव जिहाद का हो सकता है इस लिए पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। स्टेट एसआईटी ने भी इस मामले का अपडेट स्थानीय पुलिस से लिया है।

### सुरक्षा का भरोसा दिलाएगी एसआईटी

भोपाल में लव जिहाद मामले में अलग अलग थानों में पांच एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। हालांकि अभी भी कई पीड़िताएं बदनामी के डर से सामने नहीं आ रही हैं। वहीं, उनको स्वयं और परिवार की सुरक्षा की भी चिंता है। स्टेट एसआईटी के पास यह भी जिम्मेदारी है कि वह इस तरह की पीड़ित युवतियों को सामने आने के लिए प्रेरित करे। वहीं उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाए ताकि इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश हो सके।

### एनसीडब्ल्यू की टीम ने डीजीपी से की मुलाकात

*राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम सोमवार को पुलिस मुख्यालय पहुंची और डीजीपी कैलाश मकवाना से मुलाकात की। वहीं भोपाल में हुए लव जेहाद के मामले की अब तक हुई पुलिस की जांच के मामले में विस्तृत जानकारी ली। इस तरह के मामलों से कैसे निपटा जाय इस पर भी विचार विर्मश हुआ। इस दौरान एडीजी महिला अपराध प्रज्ञा रिचा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। एनसीडब्ल्यू की टीम ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बने कानून को सख्ती से लागू करने पर विचार विमर्श किया। विशाखा गाइड लाइन सहित महिला सुरक्षा को लेकर बने प्रावधानों का पालन किस तरह से हो रहा है, इसकी भी पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली।*

### कृषि भूमि पर पनप रहीं कॉलोनियों की बाउंड्री तोड़ीं, सड़कें भी उखाड़ी

**भोपाल।** शहरी सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि पर भूमाफिया द्वारा अवैध कालोनियां काटी जा रही हैं। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि क्षेत्र की अवैध कालोनियों की सूची तैयार कर ली है, जिन्हें चिह्नित कर कार्रवाई की जा रही है।

दरअसल, अचारपुरा में भूमि स्वामी गब्बर घनश्याम, विनीत परिहार द्वारा करीब भूमाफिया के साथ मिलकर स्वयं की भूमि पर अवैध कालोनियां काटी जा रही थीं। यहां वे लोगों को बिना कोई अनुमति के प्लाट बेच रहे थे। शिकायत की जांच कराई गई तो वह सही निकली। इसके बाद सोमवार को अमले ने मौके पर पहुंचकर बैक होलोडर की मदद से अवैध निर्माण और कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई है। जमीनों की शासकीय कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है।

# टालमटोल से फायर एनओसी की पेंडेंसी बढ़ी 100 से अधिक आवेदनों की चल रही जांच

## छह सौ से अधिक सरकारी दफ्तरों ने नहीं ली फायर एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम से फायर एनओसी देने में अफसर टाल मटोल कर रहे हैं। जिस वजह से पिछले चार महीने से एनओसी की फाइलें लंबित हैं। इनकी संख्या 100 से अधिक बताई जा रही है। अफसरों का तर्क है कि अग्नि दुर्घटना की व्यस्थाओं की वजह से पेंडेंसी बढ़ी है।

दरअसल, यह स्थिति परिवीक्षा अवधि वाले कर्मचारी को प्रभार देने की वजह से बनी है। लंबे समय से नगर निगम ने सौरव पटेल को प्रभारी फायर आफिसर बना रखा है, लेकिन इनके कार्यकाल में ही ज्यादा अग्नि के मामले आए और ज्यादातर में तुरंत आग पर काबू नहीं पाया जा सका। वर्तमान में शहर में 300 से अधिक अस्पताल हैं, लेकिन 150 के पास ही फायर एनओसी है। वहीं, 600 से अधिक सरकारी भवनों की एनओसी नहीं है। वहीं तीन हजार ऐसी भी इमारतें हैं जिनकी निगम ने लंबे समय से न इनकी जांच की न नोटिस दिए। प्रभारी फायर आफिसर सौरभ पटेल का कहना है कि फायर एनओसी की फाइलें इसलिए लंबित हैं, क्योंकि ज्यादातर फाइलों में कुछ न कुछ कागजों की कमी है। हम लगातार संबंधितों को इसकी सूचना दे रहे हैं। जिससे कागजी कार्रवाई पूरी होते ही एनओसी जारी की जा सके।

### फायर-बिजली एनओसी का अंडरटेकिंग देकर खुल गए सभी 59 बार

आबकारी विभाग ने शनिवार को 59 रेस्टोरेंट, होटल और क्लब बार के लाइसेंस सस्पेंड कर उन्हें सील कर दिया था। सोमवार को फायर और बिजली एनओसी मिलने के बाद ये बार खुल गए हैं। इधर, बार संचालकों का कहना है कि विभाग ने दवाब बनाने के लिए बारों को सील किया था। बार संचालकों का कहना है कि यदि खामियां थीं तो आबकारी विभाग को पहले ही बता देना था। केवल दबाव बनाने के लिए कार्रवाई की गई। शनिवार और रविवार ही उनके व्यवसाय के मुख्य दिन होते हैं। आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया का कहना है सभी बार संचालकों ने फायर और बिजली को लेकर अंडरटेकिंग लेटर जमा कर दिया है। जिसके आधार पर बारों के लाइसेंस को बहाल कर दिया गया है।



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### तीन तस्कर से 167 लीटर अवैध शराब जब्त

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के समीपस्थ पुलिस ने भोजपुर रोड स्थित दांगी ढाबे के पास से तीन अवैध शराब तस्कर को पकड़ा है। तीनों के पास से 167 लीटर अवैध शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत एक लाख 25 हजार आंकी गई है। क्राइम ब्रांच ने सोनू उर्फ अमोल सिंह (35), रोहित रजक (25) और सत्यम दांगी उर्फ शक्ति दांगी (23) को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया है। मुख्य आरोपी अशोक दांगी समेत कुछ अन्य आरोपी अभी फरार हैं।

### नेशनल लोक अदालत 10 मई को

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में शनिवार को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

### नगर के विकास के लिए सब मिलकर काम करें

**औबेदुल्लागंज।** विगत 15 से 20 दिनों से नगर परिषद में जो गतिविधियां चल रही है, उससे नगर की छवि धूमिल हो रही है। स्थानीय नागरिक, पेंशनर समिति, व्यापार संघ और किराना व्यापार संघ के सदस्य नप की गतिविधियों पर वायर हो रहे वीडियो को देख कर भी मौन हैं। नगर के विकास के लिए सबको मिलकर कार्य करना होगा। नगर में कुछ नेता और पार्षदों के आपसी राजनीतिक खींचतान के कारण नगर का विकास कार्य रुक गया है।

### अर्जुन नगर में शीघ्र बने श्मशान घाट



**औबेदुल्लागंज।** अर्जुन नगर के वरिष्ठ नेता वचन लोधी, पूर्व पार्षद पदम चौहान, धर्मेंद्र चौरसिया तीनों नेता अर्जुन नगर की हालात पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि श्मशान घाट शीघ्र बनाया जाना चाहिए। तीनों नेताओं ने कहा कि बारिश से पहले संजीवनी अस्पताल चालू करना चाहिए, स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाएं। अर्जुन नगर के आरती यादव, रवि शंकर राय आदि ने सभी मांगों का समर्थन किया।

### कार्यकारी अध्यक्ष बने कैलाश चंद्र जैन

**औबेदुल्लागंज।** शांति नगर विकास समिति भोजपुर के कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चंद्र जैन को बनाया गया है। कैलाश चंद्र जैन भोजपुरी विकास के स्व. दादा लालचंद के बेटे हैं, वे भोजपुर के विकास के लिए संकल्पित हैं। कार्यकारी अध्यक्ष बनते ही उन्होंने कहा कि मुनि सुधा सागर महाराज जी के सानिध्य में भोजपुर का विकास करेंगे। उनके साथ अध्यक्ष विमल चंद राजदीप, सचिव जितेंद्र जैन, आजाद जैन, विनोद जैन, आरएन जी ने भी संकल्प लिया।



| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2736 | | |
| दिन: | 135 | 98 | 116 |
| रात: | 367 | 66 | 169 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 678 | 16 | 358 |
| रात: | 156 | 21 | 380 |

# 'रहस्य' का कैनवास... सूरज के चारों ओर बना अद्भुत प्रकाश का चमकदार घेरा, लोग बोले- ये चमत्कार है!

**यह दृश्य सोमवार सुबह करीब 8 बजे से शुरू हुआ, जो कुछ समय तक आसमान पर स्थिर बना रहा**

राजा छारी ▶▶ गंजबासौदा

गंजबासौदा और विदिशा जिले के अन्य हिस्सों में सोमवार की सुबह लोग जब नींद से जागे और आसमान की ओर देखा तो नजारा ऐसा दिखा, जिसे देखकर हर कोई ठिठक गया।

सूरज के चारों ओर बना चमकदार गोल घेरा, जैसे प्रकृति ने अपने ब्रश से आकाश पर दिव्यता की रेखा खींच दी हो। यह दृश्य करीब 8 बजे शुरू हुआ और कुछ समय तक आसमान में स्थिर बना रहा। लोगों ने इस दुर्लभ खगोलीय दृश्य को कैमरे में कैद किया। एक ही सवाल सबकी जुबान पर था कि आख़िर यह हुआ कैसे?

### विशेषज्ञ बोले- यह खगोलीय घटना

जो लोग विज्ञान से दूर हैं, उनके लिए यह दृश्य एक रहस्य या चमत्कार की तरह था, लेकिन विशेषज्ञों की मानें तो यह एक स्वाभाविक खगोलीय घटना है, जिसे सोलर हालो या सन रिंग कहा जाता है। जब सूर्य के चारों ओर गोलाकार प्रकाश वलय बनता है तो उसे इसी नाम से जाना जाता है।

### सूरज के चारों ओर घेरा क्यों और कैसे बनता है?

अलग खबर

विज्ञान कहता है कि यह घटना तब होती है जब पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल (ट्रोपोस्फियर से ऊपर) में मौजूद बेहद बारीक हेक्सागोनल आइस क्रिस्टल्स यानी बर्फ के षट्कोणीय कण-सूर्य की किरणों के संपर्क में आते हैं। ये क्रिस्टल्स सूर्य के प्रकाश को 22 डिग्री के कोण पर अपवर्तित करते हैं, जिससे सूर्य के चारों ओर एक गोल घेरा बनता है। इसे ही 22 डिग्री हालो कहा जाता है।

### धार्मिक और लोक मान्यताओं में जिक्र

ऐसी खगोलीय घटनाओं को रहस्यमयी माना जाता रहा है। खासकर ग्रामीण इलाकों में जब सूरज के चारों ओर घेरा बनता है, तो लोग इसे देवताओं की उपस्थिति या किसी शुभ या अशुभ घटना का संकेत मानते हैं। कुछ बुजुर्गों ने इसे देव संकेत बताया, तो कुछ लोगों ने कहा कि यह तो आसमान से उतरी आभा है।

### क्या यह घटना किसी बड़े बदलाव का संकेत है?

हालांकि कई बार सोशल मीडिया पर ऐसे दावे किए जाते हैं कि यह किसी आपदा या मौसम परिवर्तन का संकेत है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यह केवल एक सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है, जो अक्सर ठंडे और नमी से भरे वायुमंडलीय वातावरण में होती है। हां, इसका संबंध आने वाले मौसम परिवर्तन से हो सकता है, जैसे बारिश की संभावना या बादलों की अधिकता, लेकिन यह किसी अनहोनी का संकेत नहीं होता।



**जीवन में पहली बार देखा ऐसा दृश्य**

गंजबासौदा के स्थानीय निवासी शिवकांत दीक्षित ने बताया कि सुबह आसमान की तरफ नजर गई तो एकदम से ऐसा लगा जैसे कोई जादुई गोला सूरज के चारों ओर तैर रहा हो। इस तरह का दृश्य जीवन में पहली बार देखा।

### लगा कि आंखों का भ्रम है

गंजबासौदा के निवासी शुभम वर्मा ने कहा कि पहले तो लगा कि आंखों का भ्रम है, लेकिन जब सबने देखा तो समझ आया कि यह कोई बड़ी खगोलीय घटना है।

नजीराबाद क्षेत्र के पर्वतिया घाटी में हुआ हादसा, पुलिस मामले की जांच में जुटी

# अस्पताल से घर लौट रहे पिता-पुत्र की बाइक को बुलेट सवार ने मारी टक्कर, दोनों की मौत

- हादसे में बुलेट सवार दो युवकों को भी आई चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद इलाके में रविवार की अस्पताल से घर लौट रहे पिता-पुत्र की बाइक को बुलेट सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में पिता और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनको अस्पताल ले जाया गया। यहां उपचार के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 55 वर्षीय गोवर्धन अहिरवार ग्राम पीपाखेड़ी में रहते थे। वो मजदूरी का काम करते थे। उनके 18 वर्षीय बेटे जीतेन्द्र अहिरवार की तबियत ठीक नहीं थी। उसको लेकर वो सूरजपुरा स्थित अस्पताल गए हुए थे। इलाज कराने के बाद दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पर्वतिया घाटी पर बुलेट सवार ने सामने से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकों राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से शासकीय अस्पताल बैरसिया में भर्ती कराया। यहां दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे में बुलेट सवार दो युवकों को भी चोट आई है। थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर का कहना है कि बुलेट से टक्कर होने की जानकारी आई है। आरोपी वाहन चालक की पहचान की जा रही है।

### शादी समारोह से लौट रहे युवक की कार बेकाबू होकर पलटी, एक की मौत, तीन घायल



बैरसिया रोड पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार कार पलट गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई। कार में सवार तीन अन्य लोग घायल हैं। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अनीस खान (40) पिता अमीन खान मूल रूप से जिला विदिशा के रहने वाले थे। वर्तमान में वह भोपाल के काजीकैंप में रहकर कबाड़ बेचने का काम करते थे। रविवार को रिश्तेदार की शादी में शामिल होने सिरोंज गए थे। वहां से रात करीब 1 बजे भोपाल के लिए लौट रहे थे। करारिया जोड़ पर उनकी कार बेकाबू होकर पलट गई। कार को अनीस ही ड्राइव कर रहे थे। हादसे में कार सवार उनके तीन दोस्त घायल हुए है, जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने अस्पताल की सूचना पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की। सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बारात में शामिल हुई महिला को स्कार्पियो ने कुचला, मौत

खजुरी इलाके में शादी समारोह में शामिल होने आई एक महिला को स्कार्पियो वाहन चालक ने कुचल दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 60 वर्षीय सुरजी बाई पति सरवन निवासी सीहोर मंडी रविवार रात को खजुरी इलाके में आयोजित शादी समारोह में आई थी। महिला बारात में पेदल चल रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे स्कार्पियों चालक ने उसे कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल होने पर महिला को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### पति ने पत्नी से मारपीट कर चादर में लगा दी आग, झुलसी

परवलिया इलाके एक नवविवाहिता को उसके पति ने जलाकर मारने की कोशिश की। घटनाक्रम में झुलसी पत्नी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जब उसके बयान लिए तो इस मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पूजा सेन पति संजय सेन उम्र 23 वर्ष ने पुलिस को दिए बयान में खुलासा किया कि उसका पति अक्सर उस पर शक करता था और बाहर कोई भी जॉब करने से मना करता था। इस कारण पारिवारिक कलह की स्थिति बनती थी। रविवार के दिन भी उसने मारपीट की। वह चादर ओढ़कर जब बेड पर पड़ी थी तो वह आया और चादर में आग लगा दी। जिस कारण वह झुलस गई। उसने पास ही रहने वाली बहन को फोन कर घटनाक्रम बताया। वह तत्काल पहुंची और उसे ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है।

पत्नी ने शोर मचाया तो भाग निकला बदमाश

## रेलवे अफसर के घर चोरों का धावा जेवरात और नगदी किए पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



निशातपुरा स्थित रेलवे कॉलोनी में रहने वाले एक अफसर के घर चोरों ने सेंध लगाकर सोने चांदी के जेवरात और नगदी गायब कर दी। वारदात उस समय हुई जब रेलवे अधिकारी ड्यूटी पर थे। जीआरपी ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। जीआरपी के मुताबिक सुरेश चंद्र मौर्य रेलवे विभाग में सेटिंग मास्टर के पद पर कार्यरत है।

विगत शनिवार रविवार की दरमियान रात जब वो ड्यूटी पर थे, तब पत्नी ने उनको फोन कर चोरी की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि बेटी के साथ सो रही थीं, उसी समय किसी के कूदने की आवाज आई, जिससे उनको शंका हुई और अंदर जाकर देखा तो आलमारी का लॉकर खुला था। सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। सामने का गेट भी खुला था, जिस पर एक युवक भागता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने शोर मचाया, लेकिन तब तक वो गायब हो गया था। सूचना के आधार पर एफएसएल की टीम पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण भी किया।

मामले की शिकायत के बाद जीआरपी ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं चोरी गए माल की कीमत का आकलन नगदी 20 हजार समेत डेढ़ लाख के करीब बताया जा रहा है।

### बाइक सवार बदमाश मोबाइल झपटकर फरार

**अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज**

**भोपाल।** पिपलानी इलाके में एक डिलेवरी ब्वॉय से मोबाइल झपटने का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देकर आरोपी बाइक सवार फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक रजत बागुल पिता अशोक बागुल उम्र 30 राजीव नगर एक फूड डिलेवरी की कंपनी में काम करते है। विगत 17 अप्रैल को पैदल पैदल अपने घर की ओर जा रहे थे इसी दौरान निजामुद्दीन रोड पर दो अज्ञात बाइक सवार आए और मोबाइल झपट कर फरार हो गए। पीड़ति ने उनका पीछा करने का भी प्रयास किया लेकिन वो बाइक स्पीड से भगाते हुए इंद्रपुरी की ओर चले गए। मामले के बाद पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है। हालांकि अब तक आरोपियों का सुराग नहीं मिला है।

## ई-केवाईसी नहीं कराई तो राशन कार्ड से हट सकते हैं नाम

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा 2 मई से 15 मई तक ई-केवाईसी के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। सभी हितग्राहियों के लिए यह जरूरी है कि परिवार के हर सदस्य की ई-केवाईसी कराई जाए।

यह कार्य शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता द्वारा पीओएस मशीन से किया जा सकता है। यदि कोई सदस्य बाहर है या परिवार में छोटे बच्चे हैं, तो मेरा ई-केवाईसी एप के जरिए मोबाइल से पूरी प्रकिया कर सकते हैं। यह एप प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। जिन सदस्यों की ई-केवाईसी नहीं होगी, उनके नाम शासन द्वारा भविष्य में कभी भी राशन कार्ड से हटाए जा सकते हैं। इसकी जिम्मेदारी परिवार की होगी। सहायक आपूर्ति अधिकारी ने सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे समय रहते अपने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी अवश्य करवा लें।



**औबेदुल्लागंज पहुंचा भगवान महावीर का रथ**

**औबेदुल्लागंज।** भगवान महावीर का रथ सोमवार को औबेदुल्लागंज पहुंचा। इस अवसर पर वर्तमान अध्यक्ष सुनील जैन, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जैन, तरुण जैन, संभव जैन, एलसी जैन, विनय जैन, संतोष जैन सहित महिला मंडल ने आरती की एवं अभिषेक किया।

### सफाई पर विशेष ध्यान दें सफाई दरोगा: सीएमओ



**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद में नए सीएमओ सुधीर उपाध्याय के चार्ज लेते ही नगर परिषद का माहौल बदल गया। प्रभारी रहे सी ए म ओ राजकुमार शर्मा कार्यालय से नदारत हैं। नए सीएमओ उपाध्याय ने सभी सफाई दरोगाओं से कहा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना होगा, जिससे स्थानीय रहवासियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

बहरहाल नगर परिषद के नवरत्न जो लाभ का कार्य देख रहे थे, वे कानाफुसी करते हुए कहते हैं कि नए सीएमओ सीधे विधायक सुरेंद्र पटवा के खास हैं। इसीलिए संभल जाओ और पूरी इमानदारी से कार्य करो। नए सीएमओ के आने से नगर परिषद कार्यालय में हलचल मची है।

## एमपीईबी सुपरवाइजर के साथ हुआ ऑनलाइन फ्रॉड

**खाते से निकाले 2 लाख 11 हजार रुपए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




एमपीईबी के सुपरवाइजर के सामने ऑनलाइन फ्रॉड का मामला सामने आया है। मार्केट में मोबाइल गुम होने के बाद उसके खाते से अलग-अलग समय पर 2 लाख 11 हजार रुपए निकल लिए। उसे तब चला जब उसने अपने सिम को दोबारा से चालू कराया। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर प्रकरण दर्ज कर लिया है। फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है। विगत 13 मार्च को इंद्रपुरी मार्केट में उनका मोबाइल गुम हो गया था। इसके बाद उन्होंने जब नई सिम लेकर उसको दूसरे मोबाइल में डाला तो खाते से ट्रांजेक्शन होने के मैसेज आने लगे। उन्होंने एचडीएफसी बैंक में जाकर संपर्क किया तो पता चला कि उनके फोन पे के माध्यम से पैसा निकाला गया है। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस थाने जाकर दी। पुलिस ने मामले में जांच की तो खुलासा हुआ कि सीहोर नाके के आसपास रहने वाले विकेन सिंह का नाम सामने आया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 5 वर्ष की सजा

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** पिता के साथ बाल कटवाने गई 7 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ अश्लील छेड़छाड़ करने वाले आरोपी मो. जैद सलमानी (21) निवासी मछली बाजार सीहोर मप्र को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कुमुदिनी पटेल ने भादंसं की धारा-354 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा- 9 एम/10 के अंतर्गत दोषसिद्ध पाते हु, 5 वर्ष के सश्रम कारावास और 3000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला और ज्योति कुजूर द्वारा प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी की गई। अभियोजन के अनुसार 26 जून 2022 को सुबह 11:30 बजे पीड़िता अपने पिता के साथ बाल कंटिग कराने अशोका गार्डन स्थित आरोपी के किंग कॉस्मो हेयर कटिंग सैलून गई थी। आरोपी ने पीड़िता को कंटिग वाले कपड़े पहनाकर उसके साथ कई बार अश्लील छेड़छाड़ की थी।

तीन बार आदेश जारी किए, एसडीएम ने सोमवार को फिर रोकी टीम

# सरकारी जमीन पर आसाराम के साधकों का कब्जा हटाने का काम फिर टाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गोंदरमऊ स्थित आसाराम आश्रम के साधकों ने सरकारी रास्ते पर कब्जा कर लिया है, जिससे यहां खेती करने वाले किसानों को दिक्कत हो रही है। पिछले दिनों कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सरकारी रास्ते से अतिक्रमण हटाने के आदेश बैरागढ़ तहसीलदार को दिए थे, जिसके बाद तहसीलदार अशोक सिंह ने सोमवार को कब्जा हटाने के लिए नगर निगम और पुलिस से बल मांगा था, लेकिन ऐन मौके पर कार्रवाई को टाल दिया। इसके पहले भी 26 अप्रैल को बल मांगा गया था, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा सकी।

भोपाल चेंबर ऑफ कामर्स की कार्यकारिणी सदस्य एकता प्रधान ने पिछले दिनों कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को शिकायत दर्ज कराई थी। कलेक्टर ने तहसीलदार अशोक सिंह को अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। इस मामले में कलेक्टर और तहसीलदार आसाराम आश्रम के साधकों का कब्जा हटाने का आदेश कर चुके हैं। तीन बार आदेश जारी कर नगर निगम और पुलिस बल मांगा गया, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। शिकायतकर्ता किसान का आरोप है कि अफसर आसाराम के साधकों पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं। एसडीएम रविशंकर राय का कहना है कि 40 फीट चौड़ी सरकारी सड़क से आसाराम साधक और बिल्डर का कब्जा हटाना है। कार्ट कार्य की वजह से नई तारीख तय की जाएगी।

### बिल्डर ने भी किया सड़क पर कब्जा

इस सड़क पर बिल्डर मानसरोवर प्रॉपर्टी, ऋषि कंस्ट्रक्शन के अजय, संजय और मनोज बूलचंदानी ने कब्जा किया। यहां पर द ब्लेयर कॉलोनी का गेट बनाकर बेरियर लगा दिया गया है, जबकि सड़क पर चादरें लगाकर आसाराम के साधक अशोक मालवीय और सीताराम गुप्ता ने कब्जा किया है। सरकारी सड़क बंद होने की वजह से पीछे स्थित जमीन के किसान को आने जाने में दिक्कत हो रही है।

**शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने स्कूलों में बच्चों के प्रवेश, पाठ्यपुस्तक वितरण और लंबित छात्रवृत्ति भुगतान की समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सुदामा प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, स्वामी विवेकानंद पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना सहित अन्य छात्रवृत्ति योजनाओं में शेष रहे सभी विद्यार्थियों को भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान संचालित छात्रावासों और आश्रमों में निर्धारित सभी सीटों के विरुद्ध कम प्रवेश होने पर अधिकारी को सभी सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत अधिक संख्या में विद्यार्थियों को भुगतान लंबित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक संचालक संगीता जायसवाल को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। टीएल बैठक में



कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन पर लंबित शिकायतों और निराकरण, विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर विश्वकर्मा ने विभागवार और अधिकारीवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की वर्तमान स्थिति तथा निराकरण की कार्रवाई की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए। शिकायत प्राप्त होते ही नियमानुसार निराकरण की कार्यवाही प्रारंभ की जाए।

# बच्चों को वकील, डॉक्टर व इंजीनियर बनाओ, कॉलेज की फीस वहन करेगी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनजातीय समाज के लोगों से कहा कि वे अपने बच्चों खासकर जनजातीय विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने में पूरी ताकत लगा दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को वकील,डॉक्टर और इंजीनियर जो चाहे बनाओ। बच्चों के कॉलेजों की फीस सरकार वहन करेगी।

उन्होंने कहा कि यदि वे विदेश जाकर भी पढ़ाई करना चाहते हैं तो सरकार इसके लिए भी तैयार है। उन्होंने बच्चों को अच्छी से अच्छी कोचिंग दिलाने को भी कहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव ने रखें।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समाज से किया आह्वान
- रामनगर में दो दिनी आदि उत्सव में सीएम हुए शामिल

## आदिवासी संस्कृति की मिलेगी जानकारी: मंत्री उइके



मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि रामनगर में सन 2015 से लगातार आदि उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आदि उत्सव का कार्यक्रम कोरोना काल में संपन्न नहीं हो सका था। आदि उत्सव में आदिवासी लोक संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा और इतिहास के संबंध में जानकारी दी जाती है।

### युवा पीढ़ी इतिहास, परंपरा से होगी अवगत: कुलस्ते

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने बताया कि आदि उत्सव कार्यक्रम में संपूर्ण भारत के आदिवासी लोग शामिल होते हैं। गोंडवाना की इस भूमि में गोंड राजाओं ने 1500 से अधिक वर्षों तक शासन किया है। आदि उत्सव में आदिवासी संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा और इतिहास के बारे में बताया जाता है। जिससे आने वाली पीढ़ी अपने आदिवासी समाज की संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा और इतिहास से अवगत हो सके।

### छग और उप्र के मंत्री, विधायक और सांसद हुए शामिल

रामनगर में आयोजित हुए आदि उत्सव कार्यक्रम में मप्र शासन के अलावा छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश सरकार के मंत्री व विधायक सांसद शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर महिला बाल विकास, उत्तरप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री समाज कल्याण अनु.जा. एवं जन. कल्याण संजीव गौड़, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, शहडोल लोकसभा सांसद हिमाद्री सिंह, लोकसभा सांसद कांकेर भोजराज नाग, विधायक बरघाट कमल मर्सकोले, विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश, विधायक सिहोरा संतोष वरकड़े, विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे, विधायक धरमपुरी कालूसिंह ठाकुर, विधायक रामकोला उत्तरप्रदेश विनयप्रकाश गौड़ शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री ने किए भगवान विष्णु वराह के दर्शन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर के मझौली में भगवान विष्णु वराह के दर्शन कर विष्णु वराह मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, राजकुमार पटेल इस अवसर पर साथ थे।

**खबर संक्षेप**



### मप्र में अपना दल (एस) के प्रभारी बने पटेल

**भोपाल।** अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देश पर यह नियुक्ति की गई है।

### संविधान बचाओ अभियान पर बैठक

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस कमेटी सभागार में अल्पसंख्यक विभाग की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी, मध्य प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी तथा मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर हुई। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी निजाम कुरैशी एवं मप्र कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शेख आलम ने की। बैठक का प्रमुख उद्देश्य वक्फ संशोधन विधेयक एवं संविधान बचाओ अभियान की आगामी रणनीति तय करना रहा। कार्यक्रम में मप्र कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले, मप्र अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी हमीद काजी, मप्र कांग्रेस कमेटी के विभागों के प्रभारी महेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने की राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध के बाद हुई कार्रवाई की समीक्षा

# सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी उपलब्ध कराई जाएगी आवश्यक कंसल्टेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना हमारा संकल्प है। इसके लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की डेयरी क्षेत्र में विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। सहकारी संघों के साथ निजी डेयरी संचालकों को भी आवश्यक कंसल्टेंसी उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए अन्य राज्यों की बेहतर नस्ल की गाय-भैंसों को प्रदेश में लाने और उन्हें किसानों को उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मप्र राज्य सहकारी दुग्ध संघ के मध्य संपादित अनुबंध के बाद की गई कार्रवाई की समत्व भवन में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रमुख मिनेश शाह, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस. रघुपति, महाप्रबंधक संजय गोबानी सहित अधिकारी उपस्थित थे।

**खास बातें**

- निजी विश्वविद्यालय डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें: डॉ. यादव
- राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की विशेषज्ञता का लाभ संपूर्ण प्रदेश को समान रूप से मिले
- प्रदेश में उत्पादित दूध के वैल्यू एडिशन के बाद ही डेयरी उत्पाद प्रदेश के बाहर जाएं



### मप्र में बड़ी गोशालाएं विकसित की जा रही, दूध उत्पादन में होगा लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़ी गोशालाएं विकसित की जा रही हैं। इनके विकास और बेहतर प्रबंधन से भी दूध उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय भी डेयरी टेक्नोलॉजी और एनिमल हसबेंडरी संबंधी कोर्स संचालित करें। विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं के तकनीकी विशेषज्ञों को गोशालाओं से जोड़कर उनके मार्गदर्शन और निर्देशन से गोशालाओं के प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में बताया गया कि अनुबंध के परिपालन में प्रदेश के दुग्ध संघों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों का प्रभार राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से नामित मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सौंपा जा चुका है।

### अधोसंरचना विकसित करने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के समन्वय से कार्य जारी

प्रदेश की दुग्ध सहकारी समितियों के कवरेज क्षेत्र के विस्तार, दुग्ध संकलन, दुग्ध प्रसंस्करण और दुग्ध उत्पादों के लिए अद्यतन तकनीक पर आधारित अधोसंरचना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के समन्वय से कार्य जारी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड अगले पांच साल में कम से कम 50 प्रतिशत गांवों में प्राथमिक डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना के लक्ष्य के साथ कार्य कर रहा है। इससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा। किसानों को दूध का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से दुग्ध संघों द्वारा दूध खरीदने की दर में वृद्धि की गई है। दुग्ध संकलन, गुणवत्ता नियंत्रण, भंडारण व्यवस्था आदि की विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा की जा रही है। सम्पूर्ण डेयरी वैल्यू चेन के डिजिटलाईजेशन के तहत ऑटोमेटिक मिल्क कलेक्शन सिस्टम का क्रियान्वयन प्रस्तावित है।

### दूध के उत्पादों के विपणन में सुधार के लिए कोल्ड चैन इंफ्रास्ट्रक्चर

*मप्र डेयरी विकास योजना के तहत डेयरी सहकारी कवरेज के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के साथ ही दूध और दूध के उत्पादों के विपणन में सुधार के लिए कोल्ड चैन इन्फ्रास्ट्रक्चर, मिल्क पार्लर स्थापना, ब्राण्ड प्रमोशन, मार्केट स्टडी प्रस्तावित है। दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुओं के पोषण और स्वास्थ्य के संबंध में विशेषज्ञतापूर्ण गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही राज्य शासन की किसान कल्याण योजनाओं की डेयरी सहकारी संस्थाओं के समन्वय से क्रियान्वयन के लिए भी पहल होगी।*

### प्रदेश के टेक्सटाइल सेक्टर को नई गति देगा पार्क

# टेक्सटाइल सेक्टर को नई उड़ान देने भोपाल में विकसित हो रहा रेडीमेड गारमेंट्स होजरी पार्क



▶ मल्टी प्रोडक्ट पार्क के रूप में किया जा रहा विकसित

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेश और उद्योग अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए किए जा रहे ठोस प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का प्रतिफल है कि राजधानी भोपाल में रेडीमेड गारमेंट्स होजरी पार्क की स्थापना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह पार्क न केवल राज्य के टेक्सटाइल सेक्टर को नई गति देगा, बल्कि मध्यप्रदेश को एक उभरते हुए औद्योगिक हब के रूप में स्थापित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

सतगढ़ी गांव, तहसील कोलार, भोपाल में यह औद्योगिक पार्क मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की देखरेख में विकसित किया जा रहा है। कुल 69.60 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले इस पार्क को मल्टी प्रोडक्ट पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें टेक्सटाइल, रेडीमेड गारमेंट्स और फूड प्रोसेसिंग जैसे विविध औद्योगिक क्षेत्रों को शामिल किया गया है। लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी की दृष्टि से यह पार्क बेहतर स्थान पर बन रहा है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-46 से 12 किलोमीटर, राजा भोज एयरपोर्ट से 25 किलोमीटर तथा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। भोपाल शहर से मात्र 13 किलोमीटर की दूरी होने के कारण श्रमिकों, उद्यमियों और औद्योगिक गतिविधियों के लिए आवागमन की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो जाती है।

इस औद्योगिक परियोजना पर कुल 1997.97 लाख रुपए की लागत संभावित है। पार्क के निर्माण से भोपाल सहित आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# प्रदेश कांग्रेस ने खत्म किया मुख्य प्रवक्ता का पद, 53 प्रवक्ता किए नियुक्त




विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस ने अपने मीडिया विभाग का पुनर्गठन कर दिया है। इसमें मुख्य प्रवक्ता के पद को समाप्त कर दिया गया है। प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष के साथ अब सिर्फ प्रवक्ता होंगे। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर संगठन प्रभारी महामंत्री संजय कामले द्वारा नए 53 प्रवक्ताओं की सूची जारी की गई है। नई सूची में प्रवक्ता रहे 4 पूर्व विधायकों कुणाल चौधरी (कालापीपल), डॉ अशोक मर्सकोले (निवास), बैजनाथ कुशवाह (सबलगढ़), विपिन वानखेड़े (आगर) के नाम नहीं हैं। इसके अलावा 4 अन्य प्रवक्ताओं राजकुमार केलू उपाध्याय, रीना बौरासी, अवनी बंसल और अमित शर्मा को भी हटा दिया गया है। अमित शर्मा को वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी के कैम्प का माना जाता है। हालांकि अब पचौरी भाजपा में हैं।

- ▶ प्रवक्ता पद से हटाए गए 4 पूर्व विधायक
- ▶ 4 अन्य प्रवक्ताओं के नाम भी सूची में नहीं

### प्रदेश कांग्रेस के 53 प्रवक्ताओं की सूची

प्रवक्ताओं की सूची में अजीत भदौरिया, अपराजिता पांडे, अब्बास हफीज, अभिनव बरोलिया, अमित चौरसिया, अमित तावड़े, अंबिका शर्मा, अवनीश बुंदेला, आनंद जाट, आनंद जैन कासलीवाल, आरपी सिंह, कुंदन पंजाबी, गुंजन शुक्ला, जितेंद्र मिश्रा, ज्योति पटेल, धर्मेंद्र शर्मा, नीलाभ शुक्ला, नूरी खान, प्रतिभा विक्टर, प्रमोद द्विवेदी, प्रवीण धौलपुरे, प्रियंका शर्मा, फिरोज सिद्धीकी, भूपेंद्र गुप्ता, मिथुन अहिरवार, मुकेश पंथी, मृणाल पंत, योगेश यादव, रवि वर्मा, राजेश चौकसे, राम पाण्डेय, राहुल राज, रितेश त्रिपाठी, रोशनी यादव, विक्रम चौधरी, विनय सक्सेना, विनोद शर्मा, विवेक त्रिपाठी, शहरयान खान, शैलेंद्र पटेल, संगीता शर्मा, संतोष सिंह गौतम, संतोष सिंह परिहार, संदीप सबलोक, समर सिंह, साबिर फिटवाल, सीताशरण सूर्यवंशी, सुनील मिश्रा, स्पर्श चौधरी, स्वदेश शर्मा, हर्ष जैन और हिमानी सिंह हैं।

### पहले थे ये 9 मुख्य प्रवक्ता, 22 प्रदेश प्रवक्ता

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 27 मार्च 2024 को 9 मुख्य प्रवक्ता और 22 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की थी। इनमें भूपेन्द्र गुप्ता, मृणाल पंत, शैलेन्द्र पटेल, कुणाल चौधरी, विपिन वानखेड़े, विनय सक्सेना, निशा बांगरे, रोशनी यादव, अब्बास हफीज को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया था। 22 प्रदेश प्रवक्ताओं में डॉ अशोक मर्सकोले, बैजनाथ कुशवाह, रवि सक्सेना, अमित शर्मा, राम पांडे, मिथुन अहिरवार, रवि वर्मा, फरहाना खान, आरपी सिंह, स्वदेश शर्मा, संगीता शर्मा, अवनीश बुंदेला, राजकुमार केलू उपाध्याय, योगेश यादव, विवेक त्रिपाठी, अपराजिता पांडेय, संतोष गौतम, आनंद जाट, अभिनव बरोलिया, स्पर्श चौधरी, अवनी बंसल और रीना बौरासी शामिल थे।

# तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र में चार ट्रांसमिशन टॉवर क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछले दिनों तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 केवी अमरकंटक–सीधी तथा 220 केवी सीधी–रीवा ट्रांसमिशन सर्किट के चार टॉवर क्षतिग्रस्त हो गए। इस कारण अमरकंटक से सीधी 220 केवी सर्किट में विद्युत प्रवाह प्रभावित हुआ, लेकिन 220 केवी सबस्टेशन सीधी में वैकल्पिक ट्रांसमिशन सप्लाई उपलब्ध होने से क्षेत्र में इस कारण कोई विद्युत व्यवधान नहीं हुआ। साथ ही इससे अमरकंटक थर्मल पावर स्टेशन चचाई में उत्पादित विद्युत की निकासी एवं पारेषण पर भी कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा और अन्य सर्किट अनूपपुर एवं जबलपुर में विद्युत आपूर्ति निर्विघ्न बनी रही।

▶ अमरकंटक में उत्पादित विद्युत की निकासी और पारेषण पर कोई प्रभाव नहीं

### 72 मीटर ऊंचा टॉवर भी हुआ क्षतिग्रस्त

एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता संदीप गायकवाड़ ने बताया कि विंध्य क्षेत्र में सोन नदी के आसपास मौसम के अचानक बिगड़ने से उपरोक्त दोनों सर्किट में दो टॉवर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा दो अन्य टॉवर आंशिक रूप से प्रभावित हुए। इन टॉवरों में से एक 72 मीटर ऊंचाई का विशेष ट्रांसमिशन टॉवर है, जो सोन नदी क्रॉसिंग के लिए स्थापित किया गया था। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद, क्षतिग्रस्त टॉवरों की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। प्रभावित सर्किटों से विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल करने में कम से कम तीन सप्ताह का समय लग सकता है।

# सेवानिवृत्त उप संचालक जनसंपर्क नीरज शर्मा को अर्पित की श्रद्धांजलि

▲ जनसंपर्क संचालनालय में अधिकारियों ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त उप संचालक नीरज शर्मा को सोमवार को जनसंपर्क संचालनालय में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

दिवंगत आत्मा की शांति के लिए जनसंपर्क अधिकारियों ने 2 मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर अपर संचालक जीएस वाधवा, संजय जैन, संयुक्त संचालक पंकज मित्तल, मुकेश मोदी, उपसंचालक अरुण राठौर, क्रांति दीप अलूने, बिंदु सुनील, अरुण शर्मा, सुनील वर्मा, संतोष मिश्रा, दुर्गेश रायकवार, टीके चटर्जी, बबीता मिश्रा, सहायक संचालक राजेश पांडेय, सोनिया परिहार आदि उपस्थित थे।

## एनआईटीटीआर ऑडोटोरियम में भाजपा के वरिष्ठ नेता का चतुर्थ पुण्य स्मरण कार्यक्रम

# लूनावत कुशल संगठक और प्रखर वक्ता के साथ बहुत अच्छे इंसान थे : शिवप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजेश लूनावत की स्मृति में विजेश लूनावत स्मृति फाउंडेशन ने सोमवार को एनआईटीटीआर ऑडोटोरियम में आयोजित चतुर्थ पुण्य स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने विजेश लूनावत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि विजेश लूनावत आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका उनकी स्मृतियां आज भी हमारे बीच मौजूद हैं। उनका व्यक्तित्व ही ऐसा था कि आज भी उनको याद किया जा रहा है। उनका व्यक्तित्व कितना विराट और श्रेष्ठ था, सुना था आज देख भी लिया। समय से पहले दुनिया न छोड़ते तो राजनीति के लिए और बड़ा योगदान हो सकता था। पार्टी संगठन में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे कुशल संगठक और प्रखर वक्ता के साथ बहुत अच्छे इंसान थे। एक बार जो व्यक्ति उनसे मिलता था, उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की वजह से उनकी तरफ खिंचा चला जाता था।

पुण्य स्मरण कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय सहित अन्य लोगों ने श्रद्वासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। फाउंडेशन की संयोजिका स्मिता लूनावत ने अतिथियों का स्वागत किया।

### व्यक्तित्व में आकर्षण था, लूनावत हर समस्या के समाधान थे: शुक्ल



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विजेश लूनावत अजनबी से भी इतनी आत्मीयता के साथ मिलते थे कि हर कोई उनका मुरीद हो जाता था। उन्होंने दोस्ती को कभी भी स्वार्थ में बदलने नहीं दिया और न ही कभी स्वार्थ को संबंधों के बीच आने दिया। यही कारण है कि उनके सच्चे मित्रों की बहुत लंबी फेहरिस्त है। उन्होंने सभी के बीच अमिट छाप छोड़ी है। उनके व्यक्तित्व में एक चुंबकीय आकर्षण था। वे हर समस्या के समाधान थे। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उनका काम हमेशा याद किया जाएगा।

### सलूजा को क्षेत्रीय व प्रदेश संगठन महामंत्री ने अर्पित की श्रद्धांजलि



भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को इंदौर में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता स्व. नरेन्द्र सलूजा के निवास पहुंचकर उनकी आत्मिक शांति के लिए कीर्तन में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिजनों से भेंटकर ढांढस बंधाया। इस दौरान संभाग प्रभारी राघवेन्द्र गौतम एवं जिला अध्यक्ष सुमित मिश्रा उपस्थित रहे।

# मप्र राज्य शूटिंग अकादमी के चेतन ने स्वर्ण और साहिल ने जीता कांस्य पदक

- 23वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी के राज्य शूटिंग अकादमी में चल रही 23वीं कुमार सुरेन्द्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 का समापन सोमवार को हो गया। इस शूटिंग चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के शूटिंग खिलाड़ी चेतन सप्कल ने स्वर्ण और साहिल चौधरी ने कांस्य पदक अर्जित कर कुल 2 पदक अर्जित किए। आज प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेल अकादमी के शूटिंग खिलाडी ने अपने खेल का शानदान प्रदर्शन कर पहले चरण में 279 और द्वितीय चरण में 270 अंक सहित कुल 549 अंको प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगिता में आज खेल अकादमी के शूटिंग खिलाडी ने भी 25मी. सेन्टर फायर पिस्टल सीनियर मेन वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दोनो पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# इंदौर को इंदौर में 4 रन से हराकर भोपाल डिवीजन पहुंचा फाइनल में

ट्रॉफी के लिए ग्वालियर से आज मुकाबला

- भोपाल की रोमांचक जीत में मैन ऑफ द मैच रहे शिवांश चतुर्वेदी
- खिताबी मुकाबला आज ग्वालियर संभाग की टीम से होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शिवांश चतुर्वेदी के दोहरे प्रदर्शन की मदद से भोपाल ने इंदौर को इंदौर में चार रन से हराकर एमपीसीए अंडर 22 बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां कल 6 मई को उसका खिताबी मुकाबला ग्वालियर की टीम से होगा। ग्वालियर ने आज दूसरे सेमीफाइनल में नर्मदापुरम को 21 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमी फाइनल मुकाबले में भोपाल ने इंदौर के होलकर स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवरों में 9 विकेट पर 248 रन बनाए। इनमें पृथ्वी राज तोमर ने 77, विकास शर्मा ने 39 और शिवांश चतुर्वेदी ने 37 रन बनाए। इंदौर के गेंदबाज अनवेश चावला ने 3,ईशान, सारांश, अनुज और अंजनेय शुक्ला ने एक-एक विकेट लिए।

जवाब में इंदौर डिविजन 43.4 ओवर में 244 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आयाम वर्मा ने 64, सोहम ने 50 और अंश ने 43 रन बनाए। भोपाल के गेंदबाज शिवांश चतुर्वेदी ने 4, तनिष्क ने 3, प्रथम सेंगर ने 2 और अनिमेष ने एक विकेट लिया। शिवांश चतुर्वेदी को दोहरे प्रदर्शन (37 रन और 4 विकेट) के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा नगरीय पुलिस जिला भोपाल (म.प्र.)**

OFFICE OF THE POLICE STATION KOHEFIZA BHOPAL PIN460021 (MP)

क्रमाक थाना/कोहे/भो/अप.क्र. 194/25 दिनाँक 28/4/25

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सूचक सन्तोष कुमार विश्वकर्मा पिता मोहर लाला उम्र 40 साल निवासी म.न. ग्राम विजोरी थाना शहपुरा जिला डिन्डोरी हाल पता म.न. 116 शांति चोहान का मकान पंचवटी कालोनी थाना कोहे फिजा भोपाल का थाना उपस्थित आकार सूचना दिया कि मेरी पुत्री मनीषा विश्वकर्मा उम्र -17 साल निवासी-सदर के दिनांक 25/03/25 को दिन में करीवन 11:00 बजे विना वताये घर से कही चली गयी है कि सूचना पर गुम इन्सान सदर 17/25 कायम कर जांच में लिया गया है तथा गुम सुदा नावालिक होने से सर्वोचय न्यायालया के आदेश अनुसार अज्ञात आरोपी के विरुध अपराध अप.क्र 194/25 धारा 137(2) बी.एन.एस की कायमी कर विवेचना में लिया गया है अतः अपहर्ता बालिका मनीषा विश्वकर्मा कि तलाश पता रसी हेतु दैनिक समाचार पत्रो मे प्रकाशन करने कि कृपा करे। अपहर्ता का हुलिया ,कद- 5.5 फिट ,रंग - सांवला ,चेहरा- गोल ,बदन सामान्य , पहनावा हरे रंग का सलवार सूट ,पैरो काले रंग कि चप्पल

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा भोपाल

जी -12391/25 स्वच्छता ही सेवा

## पेज एक का शेष...

### मुख्यमंत्री आज...

के माध्यम से परीक्षा परिणाम प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। छात्र डीजी लॉकर के माध्यम से परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। साथ ही गूगल प्ले स्टोर पर एमपीबीएसई मोबाइल एप अथवा एमपी मोबाइल एप डाउनलोड में अपना अनुक्रमांक (रोल नंबर) तथा आवेदन क्रमांक (एप्लीकेशन नंबर) डालकर कर परीक्षा परिणाम ज्ञात कर सकते हैं। बता दें कि दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में प्रदेशभर में इस बार करीब 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इसमें हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9 लाख 53 हजार 777 विद्यार्थी और 12वीं में करीब 7 लाख 6 हजार 475 विद्यार्थी शामिल हुए हैं।

### जनजाति के विकास के...

सभी किसानों को सोलर पम्प प्रदान कर बिजली बिल से मुक्त करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। अब प्रदेश का किसान बिजली का उत्पादन करेगा, उनकी बिजली सरकार खरीदेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंडला के रामनगर में आदि उत्सव कार्यक्रम के समापन में बोल रहे थे। उन्होंने आजादी के वीर नायक हृदय शाह की ओर से बनवाए गए मोती महल का अवलोकन किया। लोक कला प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 61 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

**आजादी के लिए न तो अंग्रेजों से और न तोप से डरे:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आजादी के लिए आन, बान और शान के लिए लड़ने वाले राजा हृदय शाह, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा और टंट्या मामा ने महान कार्य किया है। वे जल, जमीन, जंगल और जमीर की रक्षा के लिए आगे आए हैं। उन्होंने हमारे प्रदेश और देश के जनजातीय महापुरुषों ने हमें गौरवान्वित किया है। हमें गर्व है ऐसी जनजातियों पर जिसने आजादी में न तो अंग्रेजों से और न तोप से डरे। जनजातीय महापुरुषों के उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में खरगोन में टंट्या मामा विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है। यह विचार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंडला के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव ने रखें।

**स्मारकों व किलों के विकास कार्य होंगे:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय समुदाय के गौंड राजाओं के बने स्मारकों व किलों के विकास कार्य कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि रामनगर और मंडला नगर में राजा शंकरशाह, कुंवर रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, मोतीमहल, रानी महल को भी विकास कार्यों में शामिल किया जाएगा। उन्होंने मंच से कलेक्टर सोमेश मिश्रा को रामनगर स्थित मढ़िया के विकास के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसमें करीब 5 हजार नागरिकों की बैठक व्यवस्था के लिए सभागार, पेयजल और ठहरने की व्यवस्था आदि के प्रस्ताव शामिल होंगे।

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन...

की। इससे पहले सोमवार दोपहर को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने भी पीएम से चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में लगातार हाईलेवल मीटिंग हुई जिसमें एनएसए अजित डोभाल ने साउथ ब्लॉक स्थित पीएमओ में पीएम मोदी से मुलाकात की। इसके बाद गृह सचिव गोविंद मोहन भी पीएम मोदी से मिलने पहुंचे। हाल ही में पीएम मोदी ने कहा था कि इस बार भारत निर्णयक फैसले के मूड में है। प्रधानमंत्री ने सेना को कार्रवाई करने के लिए खुली छूट दे दी है। सोमवार दोपहर को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी।

**पाई-पाई का होगा मोहताज होगा पाक: मूडीज:** भारत से दुश्मनी लेकर पाकिस्तान बर्बाद हो जाएगा यह बात प्रसिद्ध रेटिंग एजेंसी मूडीज ने जारी रिपोर्ट में कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे अरसे तक काफी बुरी स्थिति से गुजर रहे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में अब सुधार के लक्षण दिखाई दे रहे थे। लेकिन मौजूदा तनावपूर्ण स्थिति उसकी विकास दर को भी प्रभावित कर सकती है और राजकोषीय संतुलन स्थापित करने की पाकिस्तान सरकार की नीतियों को भी धत्ता बता सकती है। मूडीज की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की तुलना में भारतीय इकोनॉमी के आधारभूत तत्व ज्यादा मजबूत नजर आते हैं। यहां स्थिरता है, विकास की दर कम होने के बावजूद काफी ऊच्च स्तर पर है क्योंकि सरकारी खर्चे में इजाफा हो रहा है और निजी खपत की स्थिति भी अच्छी है।

**पाकिस्तान के भड़काऊ अकाउंट बैन:** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच भारत सरकार ने एक और सख्त कदम उठाते हुए दो न्यूज पोर्टल्स बलूचिस्तान टाइम्स और बलूचिस्तान पोस्ट के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया है। यह कार्रवाई कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ अपनाए गए आक्रामक रवैये का हिस्सा है।

**शीर्ष कोर्ट ने वकील को लताड़ा, मामले की गंभीरता को नहीं समझ रहे:** पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में लगी याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता वकील को आड़े हाथों लेते हुए पूछा कि आप इस मुद्दे की गंभीरता को क्यों नहीं समझ रहे हैं? क्या आप पर जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए। इतना ही नहीं पीठ ने वकील के उद्देश्य पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लगता है कि इस याचिका का कोई सार्वजनिक उद्देश्य नहीं है, बल्कि इसके जरिए केवल प्रचारित होना है।वकील विशाल तिवारी ने कश्मीर के सुदूर पहाड़ी इलाकों में पर्यटकों की सुरक्षा की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और एन कोटेश्वर सिंह की पीठ ने इसे दाखिल करने वाले वकील को जमकर लताड़ लगाई। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, आखिर आपने इस तरह की याचिका दायर क्यों की है? आपका मकसद क्या है? क्या आप इस मुद्दे की संवेदनशीलता को नहीं समझते? मुझे लगता है कि इस याचिका को दायर करने के लिए भारी जुर्माना लगना चाहिए।

### हम पाकिस्तान के ...

जरदारी से मुलाकात की और पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि बैठक के दौरान राष्ट्रपति जरदारी ने घातक पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत द्वारा हाल ही में उठाए गए कदमों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इस तरह की कार्रवाइयां क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं।

### *भारत ने पाक पर की ...*

*भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद उठाई है। सीतारमण ने को ईटली के मिलान में आयोजित 58वीं एशियन डेवलपमेंट बैंक की वार्षिक बैठक में इटली के वित्त मंत्री जियानकार्लो जियोर्जेट्टी से सामने यह मांग की।*

### सीजेआई बोले...

समक्ष नहीं होगा। सीजेआई ने कहा कि हमने केंद्र के जवाबी हलफनामे पर बहुत गहराई से विचार नहीं किया है। हां, केंद्र ने वक्फ संपत्तियों के संबंध में कुछ बिंदु उठाए हैं और कुछ विवादित आंकड़े दिए हैं, जिन पर कुछ विचार करने की आवश्यकता होगी। सीजेआई खन्ना 13 मई को पद छोड़ देंगे और उनकी सेवानिवृत्ति के एक दिन बाद न्यायमूर्ति गवई उनका स्थान लेंगे।

### चार लोगों की मौत...

दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, भिंड जिले के कठमा गांव के रहने वाले बिहारीलाल बघेल, उनके चाचा सुजान सिंह बघेल और चाचा का बेटा ऋषिकेश बघेल एक फलदान कार्यक्रम में शामिल होकर रात करीब 1 बजे बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक ऋषिकेश चला रहा था। उसी समय पोरसा से भिंड की ओर आ रही एक तेज रफ्तार कार ने एक वाहन को ओवरटेक करते हुए ऋषिकेश की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार में सवार महमूद (पिता हमीद खान, निवासी पोरसा) की मौके पर ही मौत हो गई। कार में बैठे सूरज, कल्लू, अंशु, शकील और चालू गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से भिंड जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उधर, विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह जब मौके से गुजर रहे थे तो उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और एंबुलेंस व पुलिस को बुलाया। उन्होंने घायलों को अस्पताल भिजवाने में मदद की और बाद में अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को अच्छे इलाज के निर्देश दिए।

### कर्मचारी के हाथ...

मंदिर के गेट नंबर 1 पर स्थित अवंतिका गेट के कंट्रोल रूम की छत पर हुई। सूचना मिलते ही दमकलें मौके पर पहुंची। कुछ ही देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया। इसके बाद मंदिर के गेट को दोबारा खोल दिया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही कलेक्टर रोशन सिंह, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा, नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे। महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया, कंट्रोल रूम की छत पर पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम की बैटरी में आग लगी थी, जिस पर तत्काल काबू पा लिया गया। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, केवल बैटरियों का ही नुकसान पहुंचा है।

### समिति ने सीजेआई ...

जांच रिपोर्ट सौंपी है। यह समिति इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के विरुद्ध लगे आरोपों की जांच के लिए गठित की गई थी। इस समिति का गठन सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने घटना के सात दिन बाद, 22 मार्च को किया था। समिति ने 43 दिनों बाद अपनी रिपोर्ट तैयार की। तीन मई को रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया गया और चार मई को यह रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश को सौंप दी गई।

**क्या है पूरा मामला ?:** 14-15 मार्च की रात को जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली वाले सरकारी बंगले में आग लग गई, जिसे बुझाने दमकल कर्मी पहुंचे। आग बुझाने के बाद जांच के दौरान मौके से भारी मात्रा में जले हुए नोट बरामद किए गए। कथित तौर पर इसकी वीडियो और तस्वीरें भी सामने आईं थी। जिसके बाद पूरा विवाद खड़ा हो गया। हालांकि, जस्टिस यशवंत ने आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया।

### रेस्क्यू से पहले...

(45), उनकी पत्नी नाजमी सबा (42), बेटी सारा (15), सिमरा (12), इनाया (7) की जलकर मौत हो गई। दानिश और उनके परिवार का शव जिस हालत में अंदर मिला है, उसे देखकर फायर कर्मी तक रोने लगे। घर के अंदर गए अफसर ने बताया कि एक बेटी का शव मां से लिपटा हुआ मिला। ऐसा लगता है कि मां ने बेटियों को बचाने के लिए खूब कोशिश की। आग लगने के बाद दानिश अपने बुजुर्ग पिता को लेकर बाहर आ गए थे। वह पत्नी और बेटी को लेने वापस अंदर गए, लेकिन आग से बाहर नहीं आ पाए।

### छात्रा ने अपने सीनियर ...

करते हुए छात्रा का मोबाइल जब्त कर लिया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि छात्रा अश्लील वीडियो बनाने वाले किसी रैकेट से जुड़ी हो सकती है। एक छात्रा, जो बीटेक चतुर्थ वर्ष की है, बाथरूम में नहा रही थी। तभी एक जूनियर छात्रा उसका वीडियो बना रही थी। यह घटना सरस्वती छात्रावास में हुई।

### थाने पहुंची छात्राएं....

उन्हें इस मामले की जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा कि छात्रा वाशरूम में एक अन्य छात्रा का वीडियो बना रही थी। उसके फोन और लैपटॉप जब्त कर लिए गए हैं। आरोपित छात्रा को गेस्ट हाउस में सुरक्षित पूछताछ के लिए रखा गया है। छात्रा के परिजनों को भी जानकारी दी गई है। पुलिस का मानना है कि इस मामले में और भी लोग शामिल हो सकते हैं।

### सीएसपी ने कहा-....

ही मिल गई थी, जिसके बाद वे आंतरिक जांच कर रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा के मोबाइल जब्त किए हैं।

### प्रदेश में ओले-...

यह प्रदेश में सबसे कम दिन का पारा भी रहा है। आधा दर्जन जिलों में पारा 3 से 6 डिग्री तक गिरा है। सोमवार को लगातार तीसरे दिन दो दर्जन जिलों में आंधी, बारिश और कुछ जगह ओले गिरे। भोपाल में भी दोपहर बाद गरज चमक के साथ आंधी और बारिश से मौसम में ठंडक घुली रही। मौसम केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन प्रदेश में मौसम ऐसा ही रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में सिस्टम सक्रिय है, जिससे दो-तीन दिन मौसम में बदलाव जारी रहेगा।

**यहां बारिश के साथ ओले गिरे:** सोमवार को भोपाल, ग्वालियर और शाजापुर, श्योपुर, भिंड, अशोकनगर, मुरैना, गुना, विदिशा, शिवपुरी, विदिशा, राजगढ़, आगर-मालवा, शाजापुर, खंडवा, छतरपुर, सतना, मैहर, कटनी, सिवनी, मंडला, उमरिया, शहडोल, छिंदवाड़ा और रीवा जिलों सहित दो दर्जन से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश हुई। सीहोर, शाजापुर सहित कुछ जिलों में बारिश के साथ मटर के बराबर ओले भी गिरे।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644



## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5858



**बाएँ से दाए-**
1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.प्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

### शब्द पहेली -5857 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |

## सूडोकु नवताल - 5868

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

### सूडोकु नवताल - 5867 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## खबर संक्षेप

### टाइटन वॉचेज के नए ऑटोमेटिक कलेक्शन लांच

**बैंगलुरू।** टाइटन वॉचेज अपने नए ऑटोमेटिक कलेक्शन के लांच के साथ इसी आकर्षण को आगे बढ़ाते हुए आपके स्टाइल को नए स्तर तक ले जाने के लिए तैयार है। यह कलेक्शन यांत्रिक घड़ी निर्माण की खूबसूरती को उजागर कर मैकेनिक्स की भव्यता का जश्न मनाता है। यह 17,995 से 22,495 रुपए के बीच उपलब्ध है।



### उषा के एयरोएज और एयरोएज प्लस पंखे लांच

**नई दिल्ली।** उषा इंटरनेशनल ने नए और शानदार छत के स्टाइलिश एयरोएज और एयरोएज प्लस पंखे लांच किए हैं। ये पंखे बेहतरीन हवा देने के साथ बिजली की बचत करते हैं और देखने में भी बहुत अच्छे लगते हैं। एयरोएज प्लस और एयरोएज बीएलडीसी छत पंखे सुंदरता और तकनीक का एक शानदार मेल हैं। इन्हें बीईई 5-स्टार रेटिंग मिली है।



### एमएफआईएन में ऑनलाइन सर्टिफिकेशन प्रोग्राम शुरु

**मुंबई।** माइक्रोफाइनेंस इंडस्ट्री नेटवर्क (एमएफआईएन) ने शिक्षा और उन्नति कार्यक्रम इन माइक्रोफाइनेंस नामक एक ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कार्यक्रम लांच किया। यह पहल भारत के माइक्रोफाइनेंस क्षेत्र में पेशेवर क्षमताओं के निर्माण, उत्तरदायी ऋण प्रणाली को बढ़ावा देने और उपभोक्ता संरक्षण को सशक्त करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आलोक मिश्रा, सीईओ और निदेशक, एमएफआईएन , डॉ. निरूपम मेह्रोत्रा, निदेशक, बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



### नैस्डैक पर सर्जिकल रोबोटिक के निर्माता हुए सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** भारतीय मेडिकल टेक्नोलॉजी में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए स्वदेशी एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के निर्माता एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल को नैस्डैक पर सूचीबद्ध किया गया है। एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष में प्रभावशाली आर्थिक विकास दर्ज किया। इस अवधि के दौरान कंपनी का राजस्व जो पिछले साल 5.9 मिलियन डॉलर था।



## चावल के निर्यात में पारदर्शिता लाने और हेराफेरी को रोकने की पहल

# सामान्य और बासमती ग्रेड के चावल के लिए 6 नए एचएस कोड निर्धारित

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सामान्य श्रेणी एवं बासमती ग्रेड के चावल के लिए पूर्व में निर्धारित तीन आईटीसी एचएस कोड का समाप्त करते हुए केन्द्र सरकार ने उसकी जगह छह नए एचएस कोड का निर्धारण किया है। इसके आधार पर आगे इसकी निर्यात नीति में बदलाव करना आसान होगा।



जिन तीन किस्मों के चावल के लिए पुराने एचएस कोड को समाप्त किया गया है उसमें सेला चावल (एचएस कोड 10063010), बासमती चावल (एचएस कोड 10063020) तथा अन्य श्रेणी का चावल (एचएस कोड 10063090) शामिल है। अब विभिन्न ग्रेड के चावल के लिए नया एचएस कोड स्वीकृत हुआ है। इसके तहत जीआई से मान्यता प्राप्त सेला चावल के लिए एचएस कोड 10063011, सेला बासमती चावल के लिए 10063012, अन्य सेला चावल के लिए 10063019, दूसरी किस्मों,श्रेणियों के जीआई मान्यता प्राप्त चावल के लिए 10063091, अन्य श्रेणी के बासमती चावल के लिए 10063092 तथा अन्य संवर्ग के दूसरे चावल के लिए एचएस कोड 10063099 नियत किया गया है। लम्बे समय से भौगोलिक संकेतक का दर्जा (जीआई टैग) प्राप्त चावल के लिए अलग या विशिष्ट एचएस कोड के निर्धारण की मांग की जा रही थी ताकि यदि कभी चावल के निर्यात पर प्रतिबंध अथवा ऋणात्मक नियंत्रण लगाने की जरूरत पड़े तो जी आई टैग वाले बासमती एवं गैर बासमती चावल को उसके दायरे से बाहर रखा जा सके।

जानकारी के अनुसार वर्तमान समय में सभी किस्मों एवं श्रेणियों के चावल का निर्यात पूरी तरह नियंत्रण मुक्त एवं शुल्क मुक्त है इसलिए अभी इस एचएस कोड का कोई खास उपयोग नहीं होगा,लेकिन भविष्य में चावल के निर्यात में पारदर्शिता लाने तथा हेराफेरी को रोकने में इससे सहायता अवश्यक मिलेगी। नए एचएस कोड पूरी तरह स्पष्ट है और इसके अंतर्गत ही विभिन्न किस्मों के चावल का निर्यात किया जा सकेगा। विशिष्ट किस्म एवं स्थानीय स्तर पर उत्पादन होने वाले खास श्रेणी के चावल को ही जीआई टैग प्रदान किया जाता है।

## पतंजलि का उद्देश्य आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करना: बालकृष्ण

# माइक्रोप्लास्टिक जनित समस्याओं का आयुर्वेदिक समाधान 'ब्रोंकोम'

वैज्ञानिकों द्वारा चूहों पर किए गए नवीनतम शोध में यह पुष्टि हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

आज पूरा विश्व प्लास्टिक के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं से ग्रसित है। यह प्लास्टिक के छोटे- छोटे कण जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है, अब हवा, पानी और भोजन में भी पाए जा रहे हैं। और हम बिना जाने हर रोज़ इनका सेवन कर रहे हैं। जब ये कण मानव शरीर में प्रवेश करते हैं, खासकर फेफड़ों में, तो यह कण, सूजन, जलन और कोशिकीय क्षति जैसी समस्याएं उत्पन्न करते हैं। इससे फेफडे का संक्रमण और वायु प्रदूषण से उत्पन्न गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा चूहों पर किए गए नवीनतम शोध ने यह पुष्टि की है कि माइक्रोप्लास्टिक के कारण होने वाले फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी को आयुर्वेदिक औषधि ब्रोंकोम से काफी हद तक रोका जा सकता है। इस अनुपम अनुसंधान से पुष्टि हुई कि ब्रोंकोम के उपचार ने माइक्रोप्लास्टिक से होने वाले फेफड़ों के इन्फ्लेमेशन से जुड़ें मार्कर्स जैसे साईट्रोकान रिलीज तथा इसके साथ-साथ वायुप्रदूषण से उत्पन्न गंभीर बीमारियों को कम किया। यह शोध विश्व प्रतिष्ठित एल्सिवियर प्रकाशन के अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल बायोमेडिसिन एवं फार्मेकोथैरेपी में प्रकाशित हुआ है।

### पतंजलि का उद्देश्य विश्व की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्रदान करना




*इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि का उद्देश्य आयुर्वेद को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित करना और विश्व की स्वास्थ्य से जुड़ी वर्तमान समस्याओं का समाधान प्रदान करना है। यह शोध प्रमाणित करता है कि सनातन ज्ञान, लक्षित अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित औषधियों के माध्यम से पर्यावरणीय कारकों द्वारा जनित बीमारियों का भी समाधान संभव है। पतंजलि अनुसन्धान संस्थान के उपाध्यक्ष और प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर कहा कि सनातन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के इस अद्भुत संगम में पूरे विश्व को निरोगी बनाने की अपार क्षमता है। हमारा प्रयास है कि आयुर्वेद के इस प्राचीन ज्ञान को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ प्रस्तुत किया जाए।*

## वित्त वर्ष 25 में 2.6 करोड़ से ज्यादा गाड़ियां बिकीं

# मारुति ने 1.38 लाख कारें बेचीं, दोपहिया वाहनों की बिक्री में हीरो की 30 फीसदी हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में देशभर में 2.6 करोड़ गाड़ियां बिकीं हैं। सालाना आधार पर इसमें 6.46 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसमें अकेले टू-व्हीलर सेगमेंट में 1.88 करोड़ गाड़ियों की सेल हुई। पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले यह 7.71 फीसदी ज्यादा रही। वहीं नए वित्त वर्ष 2025-26 के पहले महीने अप्रैल में देश में गाड़ियों की सेल 22 लाख से ज्यादा रही। पिछले साल अप्रैल के मुकाबले इसमें 2.95 फीसदी की ग्रोथ हुई है। इस दौरान टू-व्हीलर्स कैटेगरी में 16 लाख से ज्यादा गाड़ी बिकी, जो अप्रैल 2024 के मुकाबले 2.25 फीसदी ज्यादा है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल एसोसिएशन (फाडा) ने फाइनेंशियल ईयर 2025 और अप्रैल 2025 में बिकने वाली गाड़ियों की सेल्स रिपोर्ट जारी की है। अप्रैल में हीरो ने सबसे ज्यादा 5.11 लाख दोपहिया वाहन बेचें। वहीं, पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में मारुति सुजुकी ने 39.44फीसदी हिस्सेदारी के साथ 1,38,021 कारें बेचकर टॉप पर रही।



### *कमर्शियल व्हीकल की बिक्री 0.17 फीसदी घटी*

*वित्त वर्ष 2024-25 में कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट के वाहनों की बिक्री में 0.17फीसदी की कमी देखी गई। इस दौरान देशभर में 10,08,623 कमर्शियल व्हीकल बिके, जबकि पिछले 10,10,324 व्हीकल बिके थे।*

### *टू-व्हीलर की रिटेल सेल्स 7.71 फीसदी बढ़ी*

*टू-व्हीलर की रिटेल सेल्स में वर्ष 2024-25 में 7.71 फीसदी का उछाल आया है। इस दौरान देशभर में 1.88 करोड़ टू-व्हीलर बिके, जबकि पिछले साल में 1.76 करोड़ टू-व्हीलर बिके थे।*

## आधिकारिक रिकॉर्ड से हटेंगे 3300 से अधिक कंपनियों के नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय 3,300 से अधिक कंपनियों के नाम आधिकारिक रिकॉर्ड से हटाएगा। मंत्रालय के पास उपलब्ध ताजे आंकड़ों के अनुसार विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) ने कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अप्रैल में इन कंपनियों के नाम हटाने के संबंध में सार्वजनिक नोटिस जारी किए। उपरोक्त 3,300 कंपनियों में से महाराष्ट्र में 700 से अधिक, दिल्ली में लगभग 500, कर्नाटक में 350 से अधिक, गुजरात, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 200-200 से अधिक कंपनियां हैं। कंपनी रजिस्ट्रार को कंपनी अधिनियम की धारा 248(2) के तहत कुछ आधारों पर कंपनियों से आवेदन मिले थे। इनमें यह भी शामिल था कि वे अपनी स्थापना के एक वर्ष के भीतर कारोबार शुरू करने में विफल रहीं या उन्होंने दो वित्त वर्षों की अवधि के दौरान कोई कारोबार नहीं किया।

## होमबायर्स की जरूरत को पूरा करने एक्सिस फाइनेंस दिशा होम लोन लांच

**मुंबई।** एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने एक्सिस फाइनेंस दिशा होम लोन लांच करने की घोषणा की है। यह उत्पाद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और निम्न-आय वर्ग के होमबायर्स की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। दिशा होम लोन में विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में लोगों की जरूरतों के अनुसार होम लोन समाधान प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, और इसके साथ ही ऋण प्रक्रिया को बहुत सहज और सरल बनाने का भी प्रयास किया गया है। यह अनुभव निष्पादन में गति और ग्राहकों की आवश्यकताओं के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा और चुस्त प्रणालियों द्वारा समर्थित होगा, जिससे निष्पादन में तेजी और ग्राहकों की जरूरतों के प्रति ज़िम्मेदारी सुनिश्चित की जाएगी। यह उत्पाद विभिन्न प्रकार के रोजगार वाले व्यक्तियों को सेवा प्रदान करेगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**

क्रमांक 2714/ जलप्रदाय शाखा/2025 हरदा दिनांक 05.05.2025

ई- निविदा सूचना

Tender Notice no. 2025_UAD_420945_1 Date 02.05.2025 कार्य का नाम:- नगर पालिका हरदा को हरदा/हंडिया जल संयत्रं अंतर्गत मोटर पम्प, संबरर्सिबल पम्प, स्टार्टर, केवल एवं अन्य विद्युत फिटिंग सामग्री प्रदाय करने हेतु अनुमानित लागत्त रू. 25,000,00/- अमानत राशि रू. 18,750/-ई-निविदा दिनांक 05.05.2025 से 04.06.2025 तक क्रय कि जा सकती है। जो दिनांक 04.06.2025 समय 6.00 PM तक खोली जा सकेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद हरदा

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

क्रमांक / 1162/ खनिज /2025 भोपाल, दिनांक -29/4 /2025

सूचना

(म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम- 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स श्री बालाजी स्टोन क्रेशर द्वारा प्रो. रमेशयादव आ. स्व श्री घीसालाल यादव निवासी 92 बिजली कॉलोनी आनंद नगर तहसील हुजूर जिला भोपाल मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम-1996 के नियम-18-क के तहत् उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन नवकरण आवेदन पत्र दिनांक 19.03.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी/ अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | रोजीवे | 131 | 1.560. हेक्ट. | शासकीय | यांत्रिकी क्रिया गिट्टी बनाने के लिये पत्थर (अर्थात् क्रेशर के उपयोग हेतु) | पूर्व अवधि 24.03.2016 से 24.03.2026 तक |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला भोपाल में आपत्ति का लेख / कारण दशार्ते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला भोपाल, म.प्र.

जी - 12417/25 स्वच्छता ही सेवा

## बहुप्रतीक्षित 'सोनालीका तूफानी धमाका' ऑफर लांच

# सोनालीका ने अप्रैल में कुल 11,962 ट्रैक्टर बिक्री की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रैक्टर एक्सपोर्ट ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2026 में शानदार शुरुआत करते हुए अप्रैल 2025 में कुल 11,962 ट्रैक्टरों की बिक्री दर्ज की है, जो ब्रांड की लगातार बढ़ती किसान-केंद्रित प्रतिबद्धता को दर्शाता है। किसानों की क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार अपने अत्याधुनिक ट्रैक्टरों को अनुकूलित करके, सोनालीका उन्नत समाधान पेश करने में आगे रहा है जो पूरे भारत में किसानों के लिए लाभ उपलब्ध करा रहा है।



सोनालीका ट्रैक्टर्स ने पहले ही अपना बहुप्रतीक्षित 'सोनालीका तूफानी धमाका' ऑफर लांच कर दिया है, जो देशभर के किसानों के लिए अविश्वसनीय कीमतों पर सोनालीका हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर घर लाने का एक सुनहरा अवसर है। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहाकि हमने अप्रैल 2025 में कुल 11,962 ट्रैक्टर बिक्री के साथ अपने वित्त वर्ष 2026 की यात्रा की सकारात्मक शुरुआत की है, जिसने आने वाले प्रभावशाली वर्ष के लिए दिशा तैयार कर दी है। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ट्रैक्टर देने के लिए 'कभी कोई समझौता नहीं' नीति का पालन किया है जो हितधारकों के हित को अधिकतम करता है जो आने वाले वर्ष में नई पहलों के साथ हमारे ग्राहकों के लिए खुशी सुनिश्चित करेगा।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, (मुख्यालय) नगरीय पुलिस भोपाल**

क्रमांक/पु.उपा./मुख्य/न.पु.भो./रनि/290/25 भोपाल, दिनांकः- 01/05/2025

// निविदा सूचना //

नगरीय पुलिस भोपाल स्थित निम्नलिखित कार्यालयों एवं परिसरो की साफ-सफाई हेतु वार्षिक अनुबंध किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु अधिकृत फर्मों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

:: कार्य का विवरण ::

| क्र. | कार्य का विवरण | निर्मित क्षेत्रफल | निविदा शुक्ल | ई.एम.डी. राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पुलिस आयुक्त कार्यालय एवं परिसर की साफ सफाई कार्य | 42370 वर्गफिट | 2000/- | 36,000/- |

1. निविदा पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) भोपाल म.प्र. के नाम से बेवसाईट www.mpetenders.gov.in पर ऑन लाईन जमा की जायेंगी।
2. निविदा शुल्क एवं ई.एम.डी. की राशि ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। पात्रता अनुसार ई.एम. डी. में छूट प्रदान की जा सकेगी। निविदा शुल्क में छूट प्रदान नही की जावेगी।
3. बेवसाईट www.mpetenders.gov.in एवं म.प्र. पुलिस की वेबसाइट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।
4. शेड्यूल :-

:: निविदा की समय-सारणी ::


| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 03/05/2025 के 12.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 03/05/2025 के 12.00 बजे |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 24/05/2025 के 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 26/05/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग | दिनांक 16/05/2025 के 12.00 बजे |
| प्रिबिड मीटिंग एवं निविदा खोले जाने का स्थान | पुराना पुलिस कंट्रोल रूम भोपाल |

पुलिस उपायुक्त
(मुख्यालय) भोपाल

G-12424/25 " स्वच्छता ही सेवा "

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण में व्यक्तित्व विकास पर एक दिवसीय सेमिनार



**भोपाल।** राधारमण इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा विगत दिवस एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित था। सेमिनार में विशेषज्ञ के रूप में आए विकास पटेल ने व्यक्तित्व विकास, स्पोकन इंग्लिश, कॉम्पिटिटिव इंग्लिश, सॉफ्ट स्किल्स और बॉडी लैंग्वेज के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर पटेल ने बताया कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में तकनीकी ज्ञान से नौकरी तो मिल सकती है, लेकिन व्यक्ति की पहचान, नेतृत्व क्षमता और दीर्घकालिक सफलता उसके व्यक्तित्व पर निर्भर करती है। उन्होंने आत्म-जागरूकता, प्रभावी संप्रेषण (कम्युनिकेशन स्किल्स), भावनात्मक बुद्धिमत्ता (इमोशनल इंटेलिजेंस) और सकारात्मक दृष्टिकोण (पॉजिटिव एटीट्यूड) को सफलता के लिए आवश्यक गुण बताया। सेमिनार में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और कार्यशाला के दौरान पटेल से अपने अनुभव साझा किए। सेमिनार में राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन आरआर सक्सेना ने कहाकि हमारा उद्देश्य छात्रों को केवल तकनीकी शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें एक संपूर्ण व्यक्तित्व के रूप में विकसित करना है। ऐसे सेमिनार युवाओं को आत्मविश्वास, नेतृत्व और संप्रेषण जैसे गुणों से सुसज्जित करते हैं, जो उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाते हैं।

### एसबीआई लेडीज क्लब ने सफाई कर्मियों को सम्मानित कर सामग्री भेंट की



**भोपाल।** एसबीआई लेडीज क्लब भोपाल मंडल, पर्यावरण-संरक्षण, स्वास्थ्य-देखभाल, स्वच्छता कार्यक्रम, निराश्रित और वंचितों को सहायता, गरीब बच्चों को पढ़ाई और खेलकूद की सुविधा उपलब्ध करने में हमेशा तत्पर रहता है। इसके अलावा वह अनेकों बार अन्य सहयोगी संस्थाओं को वित्तीय सहयोग भी प्रदान करती है। क्लब अपने सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ हर एक-दो महीने में कम से कम एक सामाजिक कल्याण गतिविधि आयोजित करती है। यह बात एसबीआई लेडीज क्लब भोपाल सर्किल की अध्यक्ष गीतू शेखर शर्मा ने चार इमली अधिकारी आवासीय परिसर स्थित कम्युनिटी हाल में सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए आयोजित समारोह में कही। इस अवसर पर उन्होंने एसबीआई लेडीज क्लब की ओर से बैंक और आवासीय क्षेत्रों में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों को टिफिन बॉक्स और पानी की बोतल उपयोगी सामग्री भेंट की। जिसको सभी उपस्थित जनों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम में एसबीआई महिला क्लब की अध्यक्ष गीतू शेखर शर्मा के साथ-साथ उपाध्यक्ष अर्चना कुंदन सहित क्लब के अन्य पदाधिकारी और सदस्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन चंदा सिंह द्वारा किया गया।

### जयनारायण बने श्री आस्था फॉउंडेशन फॉर एजूकेशन समिति के अध्यक्ष




**भोपाल।** एलएनसीटी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी और एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज का संचालन करने वाली संस्था श्री आस्था फॉउण्डेशन फॉर एजूकेशन समिति के प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव हुए। एलएनसीटी ग्रुप के जयनारायण चौकसे ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ली। श्री आस्था फाउंडेशन फॉर एजुकेशन समिति, इंदौर के निर्वाचन के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के आधार पर उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ, इंदौर द्वारा रिट याचिका क्रमांक 27769/2023 में 21 अप्रैल 2025 को आदेश पारित कर 15 मार्च 2024 की सदस्यता सूची के अनुसार चार सप्ताह में निर्वाचन कराने के लिए आदेशित किया गया था। उच्च न्यायालय इंदौर के आदेश के पालन मे 15 मार्च 2024 की स्थिति की सदस्यता सूची के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया 5 अप्रैल 2025 को संपन्न हुआ। उपरोक्त निर्वाचन कार्यक्रम निर्वाचन स्थल एलएनसीटी विद्यापीठ यूनिवर्सिटी, इंदौर, सेवाकुंज हास्पिटल परिसर, ग्राम कनाडिया, इंदौर में संपन्न किया गया। निर्वाचन पश्चात परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें जय नारायण चौकसे अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए तथा उनके द्वारा कार्यकारिणी के विभिन्न पदों पर मनोनयन की कार्यवाही की गई।

### सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्मश्री' से बांसुरी वादक सम्मानित



**भोपाल।** प्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित रोनू मजूमदार को भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में प्रदान किया गया। पंडित रोनू मजूमदार ने यह पुरस्कार सम्पूर्ण भारत, अपने माता-पिता और गुरुओं को समर्पित किया। पुरस्कार प्राप्ति के बाद पंडित रोनू मजूमदार ने कहाकि मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित भाई शाह का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मेरे जीवन के 50 वर्षों के समर्पण को इस क्षेत्र में पहचान दी।

### अमृता इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लॉ में 2025 के लिए प्रवेश शुरू



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष रैंक प्राप्त विश्वविद्यालय अमृता विश्व विद्यापीठम के अंतर्गत, अमृता इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लॉ ने अपने प्रतिष्ठित पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ प्रोग्राम- बीए, एलएलबी और बीबीए, एलएलबी में 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए एडमिशन शुरू कर दिए हैं। यह कोर्स किफायती शुल्क में उपलब्ध है।अमृता इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लॉ, कोयंबटूर के डीन डॉ. अनिल जी. वारियाथ ने कहा हम केवल अच्छे वकील नहीं, बल्कि नैतिक और वैश्विक दृष्टिकोण वाले विधिक प्रोफेशनल्स तैयार कर रहे हैं । अमृता इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लॉ भारतीय विधिक शिक्षा की गहराई को अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ जोड़ता है कृ जिससे छात्र न केवल भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए तैयार होते हैं, बल्कि वैश्विक अवसरों के लिए भी सशक्त बनते हैं।

### आईआईटी दे रहा 'स्वयं प्लस' में निःशुल्क एआई कोर्स का अवसर



**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने स्वयं प्लस के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर पांच कोर्स शुरू किए हैं। ये निःशुल्क और ऑनलाइन हैं। 25 से 45 घंटों के ये कोर्स विद्यार्थियों, शिक्षकों और पहले से कार्यरत प्रोफेशनलों के लिए उपलब्ध हैं। इन कोर्सों का मुख्य उद्देश्य एआई सीखने का अवसर सर्व सुलभ करना है। इनमें आवेदन के लिए पहले से एआई का ज्ञान नहीं चाहिए इसलिए इच्छुक सभी व्यक्ति इनका लाभ ले सकते हैं। रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 12 मई 2025 है। इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित लिंक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। आईआईटी के डीन (प्लानिंग) और स्वयं प्लस के कॉर्डिनेटर प्रो. आर. सारथी ने इन प्रोग्रामों की अहमियत बताते हुए कहाकि ये कोर्स राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क (एनसीआरएफ) से अनुसार तैयार किए गए हैं। उच्च शिक्षा संस्थान आगामी शैक्षणिक कैलेंडर के लिए इन्हें क्रेडिट प्रोग्राम के तौर पर भी अपना सकते हैं।

E-mail id-mobhopal@gmail.com

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल**

क्रमांक/1198/खनिज / 2025 भोपाल, दिनांक 2/5/2025

// सूचना //

(म.प्र. गौण खनिज नियम-1996 के नियम- 18-क)

यह सूचित किया जाता है कि श्री शुभम नागर पिता श्री दिनेश नागर निवासी- ग्राम हिनोती सड़क बैरसिया रोड जिला भोपाल (म.प्र.) द्वारा गौण खनिज नियम 1996 के नियम-18-क के तहत् उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र क्र. 349 दिनांक 30.01.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:-

// आवेदन का संक्षिप्त विवरण //

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार निजी / अन्य भूमिस्वामी की सहमति प्राप्त | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | बैरसिया | चांदबड़ कदीम | 394/3, 395/1/2, 396, 397/1 | 0.390, 1.210, 0.600, 1.500 हेक्टे. में से 3.700 हे. | निजी भूमि | पत्थर | 3.700 हे. |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला भोपाल में आपत्ति का लेख / कारण दशार्ते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति/ दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला भोपाल (म.प्र.)

G-12401/25 सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो

चिंतन

# भारत के लेकर 'उपदेशक' दृष्टिकोण नहीं रखे यूरोप

भारत ने यूरोप को आईना दिखाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल के वर्षों में भारत के प्रति यूरोप के व्यवहार में कथनी व करनी में फर्क को रेखांकित करते हुए दो टूक कहा कि, भारत को व्यवहारिक साझेदार चाहिए, उपदेशक नहीं चाहिए। जब से रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ है तब से यूरोप भारत पर रूस को लेकर दबाव बनाता रहा है, लेकिन रूस के साथ यूरोप के संबंध में ही दोहरापन रहा है। पहलगाम आतंकी हमले पर भी यूरोप व ब्रिटेन के बयानों में निंदा से अधिक नसीहत है। आर्कटिक सर्किल इंडिया फोरम 2025 में रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के साथ गहरे संबंधों के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता और पारस्परिक हितों का प्रदर्शन करना होगा। जयशंकर ने भारत व रूस के बीच यथार्थ की धरातल पर सामंजस्यपूर्ण संबंधों का उदाहरण देकर यूरोप को उसका अक्स दिखाया कि भारत को लेकर यूरोप का दृष्टिकोण व्यवहारिक होना चाहिए। यूरोप को समझना होगा कि रूस को शामिल किए बिना रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजने की कोई भी कोशिश विफल ही होगी। यूरोपीस संघ (ईयू) में जर्मनी और फ्रांस बड़े देश हैं। दोनों देश भारत से रूस के खिलाफ सख्त रुख की मांग करते रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में दोनों देशों ने भारत से रूस पर प्रतिबंध लगाने का दबाव बनाया, लेकिन भारत ने रूस के साथ यथार्थवादी रवैया रखा। ये दोनों देश ऐसे हैं, जो खुद रूस से गैस लेते रहे। वर्ष 2023 तक दोनों मुल्कों ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स के रास्ते रूसी गैस खरीदी और भारत को रूस से तेल न लेने की नसीहत दी। जयशंकर ने यूरोप के इसी तरह के दोहरे रवैये की पोल खोली। पहलगाम हमले पर यूरोप के एक बड़े पक्ष की चुप्पी या फिर संयम बरतने की नसीहत भारत को नागवार गुजरी है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को आतंकवादियों के कायराना हमले में 26 पर्यटक समेत 27 लोग मारे गए थे। इस हमले की जिम्मेदारी कश्मीर में ऑपरेशनल दरेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा के छद्म गुट हैं। इसके बाद भी यूरोप की तरफ से पहलगाम आतंकी हमले की निंदा और पीड़ित भारत के प्रति समर्थन में उदारता नहीं देखी गई। यूरोपीय संघ की विदेश मामलों की नेता काजा कैलास ने 2 मई को अपने बयान में भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील की। पहलगाम हमले के बाद ईयू के ये बयान पाकिस्तान की ओर ज्यादा झुका हुआ है। यूरोप की ये पुरानी समस्या रही है कि वह हमलावर और पीड़ित में फर्क नहीं कर पा रहा है। अगर यूरोप भारत की सुरक्षा चिंताओं की परवाह नहीं करेगा, भारत के ट्रेड हितों की अनदेखी करेगा, तो भारत यूरोप का उपदेश क्यों सुनेगा। यूरोपीय संघ से अलग ब्रिटेन ने भी यूक्रेन व रूस जंग में तटस्थ रहने पर भारत की आलोचना की थी। यूक्रेन पर हमले के बाद बोरिस जॉनसन ने भारत से रूस से रिश्ते तोड़ लेने की अपील की थी, जबकि 21वीं सदी का भारत औपनिवेशिक काल से काफी आगे निकल चुका है। भारत का स्वतंत्र व गुटनिरपेक्ष विदेश नीति है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद यूरोप खुद ही यूक्रेन युद्ध पर एक्सपोज हो चुका है। यह सही है कि यूरोप के अधिकांश देशों से दशकों से भारत के बेहतर रिश्ते हैं, पर यूक्रेन व रूस से जंग के बाद यूरोप के तेवर भारत के प्रति भूराजनीतिक परिदृश्य और वैश्विक व्यापार के नजरिये से व्यवहारिक नहीं थे। इस जंग को लेकर ट्रंप के बदले रुख से यूरोप बैकफुट पर आ गया है, वह जंग समर्थक दिख रहा है, जबकि उसे जंग को समाप्त कराने की दिशा में प्रयासरत दिखना चाहिए। यूरोप को अपनी कथनी व करनी को लेकर आत्मचिंतन करना चाहिए।

भोपाल कांड
डॉ. मोनिका शर्मा



# शोषण के भयावह दुष्चक्र को तोड़ने में सजगता आवश्यक

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक कॉलेज में छात्राओं के शारीरिक शोषण और फिर ब्लैकमेलिंग की घटना से जुड़े सभी पहलू भयावह हैं। ध्यातव्य है कि आरोपियों ने न केवल योजनागत रूप से अंजाम दिए गए अपने कुत्सित कर्मों को स्वीकार कर लिया है, बल्कि उनके मोबाइल और लैपटॉप में इसके सबूत भी सामने आए हैं। फोन में अश्लील वीडियो में 10-15 लड़कियों के वीडियो मिले हैं। शोषण के चक्रव्यूह में सोच-समझकर हिंदू लड़कियों को फंसाने और उनका शोषण करने के बाद ब्लैकमेल कर जिस्मफरोशी के धंधे में धकेलने की बात सामने आई है। बाकायदा गिरोह बनाकर छात्राओं का शोषण करने वालों के इस समूह में कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने छह से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जबकि कई आरोपी अभी फरार हैं। मामला मध्यप्रदेश के कई शहरों और कोलकाता एवं बिहार तक फैला है। देशभर के परिवारों को भयभीत करने वाले इस मामले में सामने में आया है कि पहले पहचान छिपाकर सहज मित्रता की गई। बाद में शारीरिक संबंधों का वीडियो बना डरा-धमकाकर शोषण का सिलसिला जारी रखा गया। जांच में सामने आया है कि छात्राओं को नशा देकर उनके अश्लील वीडियो निकाले गए। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि मानसिक रूप से कमजोर करने और अपने नियंत्रण में रखने के लिए कई लड़कियों को जान बूझकर नशे की लत लगाई गई। ज्ञात हो कि यह कांड सामने आने के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और महिला आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भोपाल पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। वहीं राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। हाल के बरसों में तय रणनीति तहत स्कूल-कॉलेज की छात्राओं के साथ जालसाजी और शोषण के कई मामले सामने आए हैं। कुछ समय पहले राजस्थान के ब्यावर में 6 नाबालिग बच्चियों को ब्लैकमेल कर देह शोषण और धर्म बदलने का दबाव बनाने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ था। भोपाल में हुए इस मामले में भी शारीरिक शोषण के अलावा कई दुर्भाव भरी हरकतें की गईं। पीड़िताओं को ब्लैकमेल कर अपने दोस्तों से मिलने के लिए मजबूर किया गया। पीड़िताओं के मुताबिक नशा करने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया। बुर्का पहनकर तस्वीर भेजने को विवश किया गया। लड़कियों ने ऐसी तस्वीरें भेजी भी हैं, जिनसे जुड़े चैट्स आरोपियों के फोन से मिले हैं। इतना ही नहीं शारीरिक शोषण के वीडियो विदेश में बेचे जाने का भी आरोप है। मामले से जुड़ी इन बातों पर गौर करने से पता चलता है कि ऐसी सुनियोजित साजिश केवल शारीरिक शोषण का मामला नहीं है। आपराधिक मानसिकता के पीछे दुर्भाव भरी स्याह सोच भी मौजूद है। यही पक्ष ऐसी घटनाओं की भयावहता को और बढ़ा देता है। दरअसल, झूठ की बुनियाद पर मित्रता और फिर शोषण के अंधकार में धकेलने के ऐसे मामले समग्र समाज को चिंता में डालते हैं। आपसी भरोसे के रीतने का परिवेश बनाते हैं। धार्मिक स्वतंत्रता वाले हमारे देश में छात्राओं के साथ हुई यह धोखाधड़ी कई मोर्चों पर सोचने को विवश करती है। तकनीक के गलत इस्तेमाल से लेकर धार्मिक स्वतंत्रता के हनन से जुड़े प्रयास तक ऐसी घटनाएं समाज में दरार डालने का भी काम करती हैं। ज्ञात हो कि आरोपियों के खिलाफ पोक्सो अधिनियम, मध्य प्रदेश धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। देश के हर परिवार को स्तब्ध कर देने वाले इस मामले में कुत्सित प्रवृत्ति के लोगों को कड़ी सजा मिलना आवश्यक है। साथ ही बेटियों के स्वजनों को भी सजग रहने दरकार है। ऐसी घटनाएं समय रहते घर की बेटियों के मन-मस्तिष्क को सही दिशा देने का पहलू भी लिए हैं। बेटियां शोषण के किसी दुष्चक्र में फंस जाने पर पहले ही पड़ाव पर अपनी परेशानियां साझा कर सकें, इतना भरोसा तो परिवारजन अपनी बेटी को अवश्य दें। नकली पहचान के साथ बहला-फुसलाकर शोषण करने के ऐसे मामलों पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय लोगों, अभिभावकों और प्रशासनिक अमले की साझी कोशिशें ही कारगर हो सकती हैं। इस दुष्चक्र को तोड़ने के लिए समग्र समाज की सजगता आवश्यक है।

((लेखिका स्वतंत्र पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)




टैरिफ वार आर्थिकी
प्रो. अश्वनी महाजन

हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

# विश्व में चीनी माल की बाढ़ संभव

हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा के एक सप्ताह से भी कम समय में, 8 अप्रैल, 2025 को 75 देशों पर अपने पारस्परिक टैरिफ को रोक दिया, लेकिन इस रोक में एकमात्र अपवाद था चीन, जिस पर ट्रंप ने पहले 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसे बाद में बढ़ाकर 245 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसे हम 'दंडात्मक टैरिफ' भी कह सकते हैं, क्योंकि चीन ने ट्रंप द्वारा पारस्परिक टैरिफ का जवाब देने का विकल्प चुना है। एक्स पर अपने पोस्ट में ट्रंप ने कहा, 'चीन ने विश्व के बाज़ारों के प्रति जो सम्मान नहीं दिखाया है, उसके आधार पर, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा चीन पर लगाए जाने वाले टैरिफ को तत्काल प्रभाव से बढ़ाकर 125% कर रहा हूं। उम्मीद है कि निकट भविष्य में किसी समय चीन को एहसास होगा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों को लूटने के दिन अब टिकाऊ या स्वीकार्य नहीं हैं।'

हालांकि, अमेरिका को छोड़कर भारत समेत किसी भी देश ने चीन पर टैरिफ नहीं बढ़ाया है, लेकिन अधिकांश देश, चीन द्वारा की जाने वाली डंपिंग से चिंतित हैं, जिससे उनके घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है। डंपिंग को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में दुरुपयोग माना जाता है। चीन ने डंपिंग की इस कला में महारत हासिल कर ली है, इसे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिसका उद्देश्य आयात करने वाले देशों के घरेलू उद्योग को खत्म करना है और एक बार जब कोई देश चीनी सामग्रियों पर निर्भर हो जाता है, तो फिर उसका शोषण शुरू हो जाता है। सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) का मामला चीनी डंपिंग और शोषण का ज्वलंत उदाहरण हैं। 2004 के बाद, पेनिसिलिन जी और फोलिक एसिड सहित कई प्रकार की एपीआई को भारतीय बाजारों में बेहद कम कीमतों पर डंप किया गया। इस खेल में न केवल भारतीय एपीआई उद्योग को खत्म कर दिया गया, बल्कि देश की स्वास्थ्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल दिया गया। मार्च में, भारत ने घरेलू उद्योगों को चीनी डंपिंग से बचाने के लिए चार चीनी वस्तुओं- सॉफ्ट फेराइट कोर, वैक्यूम इंसुलेटेड फ्लास्क, एल्यूमीनियम पन्नी और ट्राइक्लोरो आइसोसायन्यूरिक एसिड पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया था। एंटी-डंपिंग शुल्क 276 अमेरिकी डॉलर से लेकर 1,732 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तक है और यह पांच साल के लिए है। इससे पहले 2024 में ही, व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) द्वारा दायर एंटी-डंपिंग जांचों में से 79 प्रतिशत चीनी उत्पादकों के खिलाफ दायर की गई थीं। यह ध्यान देने योग्य है कि डीजीटीआर भारत में व्यापार उपायों की जांच और सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है, जो अन्य उपायों के साथ-साथ डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की भी सिफारिश करता है। चीन पहले से कहीं ज्यादा डंप क्यों करेगा? कारण यह है कि अमेरिकी टैरिफ के बाद, चीन के लिए अमेरिका को इतनी आसानी से निर्यात करना मुश्किल हो जाएगा; इसलिए, चीन अपने उत्पादों को अन्य बाजारों में डंप करने के लिए मजबूर होगा। सर्वप्रथम चीन के पास बहुत अधिक अतिरिक्त उत्पादन क्षमता है, जिससे अधिशेष उत्पादन




होता है। कुछ बाजारों में बेचने की क्षमता, चीन को अन्य बाजारों में समान सामग्री डंप करने के लिए मजबूर करती है। चीन का ध्यान हमेशा निर्यात आधारित विकास पर रहा है, जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है। दूसरे, चीनी कंपनियों को अन्य रूपों में सब्सिडी और सरकारी सहायता मिलती है, जिससे वे अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से कम कीमतों पर बेच पाते हैं। तीसरे, व्यापार तनाव भी वैकल्पिक बाजारों पर किसी तरह नियंत्रण करने के चीनी खेल का हिस्सा है। चीनी डंपिंग को लेकर आशंकाएं बेवजह नहीं हैं। अतीत में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जब चीन ने भारत समेत विदेशी बाज़ारों में डंपिंग की अनैतिक प्रथा अपनाई। अतीत में, हमारा एपीआई उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक और टेलीकॉम उद्योग, कपड़ा और परिधान उद्योग, खिलौना उद्योग और कई अन्य उद्योग चीनी डंपिंग का शिकार रहे हैं। सरकार के ठोस प्रयासों के बावजूद, ये उद्योग चीन से अनुचित प्रतिस्पर्धा की छाया से बाहर नहीं आ पाए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका लंबे समय से चीनी आयात पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रहा है। हालांकि, ट्रंप के कार्यकाल में चीन को अपने निर्यात को अन्य तरीकों से बदलने का कोई मौका न देने के उद्देश्य से ठोस प्रयास किए गए हैं, ताकि ट्रंप के टैरिफ से बचा जा सके। इस संदर्भ में अमेरिकी सीनेट ने दो विधेयक पेश किए हैं, नीदर परमानेंट नॉर नार्मल ट्रेड रिलेशंस अधिनियम (पीएनटीआर अधिनियम) और एक्सिंग नॉन मार्केट टैरिफ इवेजन एक्ट (एएनटीई अधिनियम)। पहला पीएनटीआर चीन से आयात पर केंद्रित है और दूसरा एएनटीई अन्य देशों में माल का उत्पादन करने वाली चीनी फर्मों को लक्षित करता है, जबकि पीएनटीआर अधिनियम चीन से सीधे आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा और एएनटीई अधिनियम वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में चीनी स्वामित्व वाली फैक्ट्रियों से आने वाले माल को प्रतिबंधित करेगा, इसलिए नए कानूनों के माध्यम से अमेरिका उन सभी संभावित माध्यमों को बंद करने की कोशिश कर रहा है, जिनसे चीन अमेरिका में अपने उत्पादों को बेचने की कोशिश कर सकता है। भारत द्वारा चीनी डंपिंग को रोकने के लिए विभिन्न तरीकों के बावजूद, चीनी आयात पर निर्भरता लगातार बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में, अप्रैल से फरवरी के बीच के पहले 10 महीनों में, चीन से भारत का आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 10.4% बढ़कर 103.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। दूसरी ओर, चीन को निर्यात 15.7% घटकर 12.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया। इससे जाहिर तौर पर चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़ गया है।

चीनी डंपिंग को रोकने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। अब जब भारत दुनिया के लिए विनिर्माण केंद्र बनने की आकांक्षा रखता है, तो वह चीन से डंपिंग के किसी भी नए दौर को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि यह उसके आत्मनिर्भर भारत के सपने को खतरे में डाल सकता है। हमें न केवल चीन को भारतीय बाजारों में अपने माल की डंपिंग के अनैतिक और अवैध तरीकों का उपयोग करने से रोकने के लिए अपनी प्रशासनिक मशीनरी को सुव्यवस्थित करना होगा। जब भी भारत ने एंटी-डंपिंग शुल्क या सुरक्षा उपायों या किसी अन्य तरीके का इस्तेमाल किया है, तो चीन ने इसे टालने की कोशिश की है। उत्पाद संशोधन, अवशोषण, परिहार, या और कई अन्य तरीके। चीन भी आसियान और अन्य देशों के माध्यम से अपने माल को पुनः भेज रहा है। चीनी सामानों पर अंकुश लगाने के नई दिल्ली के प्रयासों को विफल करने के लिए, चीन ने अपने कारखानों को अन्य देशों में स्थानांतरित कर दिया है। हम न केवल चीन से उत्पन्न होने वाले चीनी सामानों पर बल्कि बाहर स्थापित चीनी कारखानों द्वारा उत्पादित सामानों पर भी अंकुश लगाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के नए प्रस्तावित कानूनों से संकेत ले सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।

# धैर्य से काम लेने में ही समझदारी



संकलित
प्रेरणा

एक बार महात्मा बुद्ध अपने कुछ शिष्यों के साथ एक गांव में भ्रमण कर रहे थे। उन दिनों कोई वाहन नहीं हुआ करते थे सो लोग पैदल ही मीलों की यात्रा करते थे। ऐसे ही गांव में घूमते हुए काफ़ी देर हो गयी थी। बुद्ध जी को काफ़ी प्यास लगी थी। उन्होनें अपने एक शिष्य को गांव से पानी लाने की आज्ञा दी। जब वह शिष्य गांव में अंदर गया तो उसने देखा वहां एक नदी थी जहां बहुत सारे लोग कपड़े धो रहे थे कुछ लोग नहा रहे थे तो नदी का पानी काफ़ी गंदा सा दिख रहा था। शिष्य को लगा कि गुरु जी के लिए ऐसा गंदा पानी ले जाना ठीक नहीं होगा, ये सोचकर वह वापस आ गया। महात्मा बुद्ध को बहुत प्यास लगी थी इसीलिए उन्होनें फिर से दूसरे शिष्य को पानी लाने भेजा। कुछ देर बाद वह शिष्य लौटा और पानी ले आया। महात्मा बुद्ध ने शिष्य से पूछा कि नदी का पानी तो गंदा था फिर तुम साफ पानी कैसे ले आए। शिष्य बोला की प्रभु वहां नदी का पानी वास्तव में गंदा था लेकिन लोगों के जाने के बाद मैंने कुछ देर इंतजार किया। और कुछ देर बाद मिट्टी नीचे बैठ गई और साफ पानी उपर आ गया। बुद्ध यह सुनकर बड़े प्रसन्न हुए और बाकी शिष्यों को भी सीख दी कि हमारा ये जो जीवन है यह पानी की तरह है। जब तक हमारे कर्म अच्छे हैं तब तक सब कुछ शुद्ध है, लेकिन जीवन में कई बार दुख और समस्या भी आते हैं जिससे जीवन रूपी पानी गंदा लगने लगता है। कुछ लोग पहले वाले शिष्य की तरह बुराई को देख कर घबरा जाते हहैं, वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ पाते।

## सटाका





## आज की पाती

### बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ी सुगबुगाहट

बिहार में विधानसभा चुनाव होना है। चुनाव प्रचार के लिए हर पार्टी के नेता मैदान में डटे हुए है। बिहार में एनडीए की सरकार है। पार्टी को भरोसा है कि इस बार भी सीएम नीतीश कुमार की सरकार बनेगी। चुनाव का बिगुल बजते ही पार्टियां हमलावर हो गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार में विकास ,कानून व्यवस्था और भाईचारा चाहिए, वो मिल रहा है। नीतीश कुमार के राज में विकास की गंगा बह रही है।उधर, कांग्रेस ने एनडीए पर निशाना साधते हुए कहा कि वे संविधान बदलना चाहते है। प्रोपोगेंडा फैलाना कांग्रेस को पहले भी भारी पड़ा था। कांग्रेस के पास वैसे भी सत्तारूढ़ सरकार को घेरने के कोई मुद्दे नही है। कांग्रेस पिछले सभी चुनावो में जीरो पर अटकी हुई थी।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# पेरू की सोने की खदान से अपहृत 13 श्रमिक मृत मिले

पेरू में सोने की प्रमुख खदान से करीब एक सप्ताह पहले अपहृत किए गए 13 सुरक्षा गार्ड के शव रविवार को बरामद किए गए। उनकी मौत ऐसे समय में हुई है, जब दक्षिण अमेरिकी देश के महत्वपूर्ण खनन उद्योग में हिंसा बढ़ गई है। पेरू के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। सोने की खदान, ला पोडेरोसा की ओर से कहा गया कि खोज और बचाव दल ने रविवार को खदान में कर्मचारियों के शव बरामद किए। कंपनी ने उनके अपहरण का आरोप अनौपचारिक खनन कर्मियों पर लगाया, जो कथित तौर पर आपराधिक गिरोहों से जुड़े थे। आरोप है कि इन खनन कर्मियों ने 26 अप्रैल को सोने की खदान पर घात लगाकर हमला किया था। पेरू के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि उसने इन जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए विशेष पुलिस बल तैनात किया है। पेरू की राजधानी लीमा स्थित निजी कंपनी ला पोडेरोसा ने कहा कि पेरू के सुदूर उत्तर-पश्चिमी शहर पाटाज़ में खदान पर नियंत्रण के लिए लड़ रहे आपराधिक समूहों ने 1980 में कंपनी के परिचालन शुरू करने के बाद से अब तक कंपनी के 39 श्रमिकों की हत्या कर दी है, जिनमें वर्तमान में मारे गए 13 श्रमिक भी शामिल हैं।



## ऑफ बीट

# क्या विटामिन डी से रोका जा सकता है कोलोरेक्टल कैंसर

कम विटामिन डी स्तर को लंबे समय से कोलोरेक्टल कैंसर होने के उच्च जोखिम से जोड़ा जाता रहा है। विटामिन डी के कम रक्त स्तर वाले लोगों में उच्च स्तर वाले लोगों की तुलना में सीआरसी होने का जोखिम 31 प्रतिशत अधिक था। इसी तरह, एक अन्य अध्ययन में विटामिन डी युक्त आहार का सेवन करने वाले व्यक्तियों में सीआरसी जोखिम 25 प्रतिशत कम होने की बात सामने आयी। सबसे अधिक विटामिन डी का सेवन करने वाली महिलाओं में सबसे कम सेवन करने वाली महिलाओं की तुलना में कोलोरेक्टल कैंसर विकसित होने का जोखिम 58 प्रतिशत कम था। विटामिन डी सूर्य के प्रकाश की प्रतिक्रिया में त्वचा में संश्लेषित होता है और पूरे शरीर में पाए जाने वाले विटामिन डी रिसेप्टर्स (वीडीआर) के माध्यम से अपने जैविक प्रभाव डालता है, जिसमें बृहदान्त्र ऊतक भी शामिल है। सक्रिय होने पर, ये रिसेप्टर सूजन, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और कोशिका वृद्धि से संबंधित जीन गतिविधि को विनियमित करने में मदद करते हैं जो कैंसर होने की मुख्य प्रक्रियाएं होती हैं। प्रीक्लीनिकल अध्ययनों से पता चला है कि विटामिन डी (कैल्सीट्रिऑल) का सक्रिय रूप सूजन को दबा सकता है।





## ट्रेंड

### खिलाड़ियों को शुभकामनाएं

बिहार में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। यह मंच आपकी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को सामने लाए और सच्ची खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा दे।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### प्रेस की स्वतंत्रता खतरे में

प्रेस की स्वतंत्रता अभूतपूर्व खतरे का सामना कर रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन कर सकती है- या इसे दबा सकती है। पक्षपातपूर्ण एल्गोरिदम, सरासर झूठ और नफरत फैलाने वाले भाषण इंटरनेट पर बारूदी सुरंग हैं।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव



### पाक की हिम्मत

पाक आतंकवादियों ने हमारे 26 निर्दोष लोगों को मार दिया, सबने एक आवाज में कहा "मोदीजी घर में घुसकर आतंकवादियों को मारो पीओके वापस लो।" मोदीजी बिहार चुनाव में व्यस्त हो गये। पाक की हिम्मत देखिए वो एलओसी फायरिंग कर रहा है।

-संजय सिंह, आप नेता



### कोशिश करें, आगे बढ़ें

अगर आपको नहीं पता कि आप क्या चाहते हैं तो यह पता लगाना आपका मिशन होना चाहिए। स्पष्टता सोचने से नहीं आती, यह काम करने से आती है। गलत रास्ता भी आपको अटके रहने से कहीं ज़्यादा सिखाएगा। कोशिश करें। आगे बढ़ें। सीखें। मदद करें। कुछ करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति



अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

मुगलों का वंशज बताकर लाल किले की मांग करने वाली सुल्ताना से सीजेआई का सवाल

# आपको फतेहपुर सीकरी और ताजमहल क्यों नहीं चाहिए?

शीर्ष कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी ▶▶ सीजेआई और जस्टिस संजय ने की टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वह याचिका खारिज कर दी है,जिसमें याचिकाकर्ता सुल्ताना बेगम ने खुद को मुगलों का वंशज बताते हुए दिल्ली के लाल किले पर कब्जे की मांग की थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से पूछा कि सिर्फ लाल किला क्यों, ताजमहल और फतेहपुर सीकरी पर कब्जा क्यों नहीं चाहिए, वो भी तो मुगलों ने बनवाए हैं। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने बेगम की याचिका खारिज कर दी और कहा कि याचिका पूरी तरह से गलत है। सुल्ताना बेगम का दावा है कि वह बहादुर शाह जफर-2 के परपोते की विधवा है। बेंच ने कहा इसे खारिज किया जाता है।

## यूट्यूब चैनल '4पीएम' को ब्लॉक करने के खिलाफ केंद्र हलफनामा दे

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को यूट्यूब चैनल '4पीएम' पर रोक लगाने के आदेश को रद्द करने के अनुरोध वाली वाली याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। याचिका में दावा किया गया है कि मध्यस्थ ने केंद्र सरकार की ओर से कथित रूप से जारी उस गोपनीय निर्देश के तहत चैनल को ब्लॉक किया है जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के अस्पष्ट आधार का हवाला दिया गया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जतायी और केंद्र तथा अन्य को नोटिस जारी कर याचिका पर हलफनामा मांगा।

**केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का दिया था हवाला**



### सुल्ताना के वकील की मांग ठुकराई

सुल्ताना की याचिका पिछले साल दिसंबर में दिल्ली हाईकोर्ट ने देरी के आधार पर खारिज कर दी थी, जिस पर उनके वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हाईकोर्ट में याचिका देरी के आधार पर खारिज की गई थी न कि गुण-दोष के आधार पर इसलिए सुप्रीम कोर्ट भी वही रियायत दे और देरी के आधार पर ही खारिज करे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उनकी ये मांग मानने से इनकार कर दिया। बेगम ने 2021 में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे सिंगल जज की बेंच ने खारिज कर दिया था। इसके 900 दिन बाद याचिकाकर्ता हाईकोर्ट पहुंचीं। यहां जस्टिस विभू बाकरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने ढाई साल की देरी के आधार पर याचिका खारिज कर दी।

आईबी अधिकारी की हत्या का मामला

# ताहिर की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने पुलिस से जवाब मांगा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन की उस याचिका पर पुलिस से जवाब मांगा, जिसमें फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए



दंगों के दौरान आईबी अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या से संबंधित एक मामले में नियमित जमानत की मांग की गई है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने हुसैन की याचिका पर पुलिस को नोटिस जारी किया। न्यायाधीश ने कहा कि 3सप्ताह में वस्तु स्थिति रिपोर्ट सौंपें। उन्होंने मामले की सुनवाई जुलाई में तय कर दी। अधिवक्ता तारा नरूला के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि हुसैन पहले ही पांच साल से अधिक का समय जेल में बिता चुके हैं और मुकदमे में तेजी लाने के लिए निचली अदालत के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, इसके पूरा होने में समय लग सकता है। याचिका में कहा गया है कि निचली अदालत ने 12 मार्च को उनकी जमानत याचिका को गलती से खारिज कर दिया था।

## खबर संक्षेप

### बंगाल में बाइक पेड़ से टकराई, 3 की मौत

**हावड़ा।** बंगाल के हावड़ा जिले में एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई, जिससे उस पर सवार दो किशोरों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार रात उस समय हुई जब उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बगनान के पास एक पेड़ से टकरा गई और वे पास की झाड़ी में गिर गए, शव बरामद हो गए हैं।




### सीबीआई डीजी नियुक्ति पीएमओ में किया मंथन

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी थे। समिति के सदस्य सीजेआई संजीव खन्ना भी बैठक में शामिल हुए। वर्तमान निदेशक प्रवीण सूद हैं। उनका कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो रहा है।



### आज करना था घेराव डल्लेवाल नजरबंद

**फरीदकोट।** जिला पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल को सोमवार सुबह उनके घर में ही नजरबंद कर दिया। यह कदम संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक द्वारामंगलवार को शंभू थाने के घेराव की योजना के मद्देनजर उठाया गया। मोर्चा ने थाने का घेराव करने की घोषणा की थी।



### रायगढ़ में बस पलटी 1 की मौत, 26 घायल

**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक निजी लग्जरी बस के पलट गई। हादसे में एक 30 वर्षीय एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 26 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना करनाला में एक ढलान पर हुई, जब बस मुंबई से कोंकण क्षेत्र की ओर जा रही थी। इस दौरान चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस पलट गई।



दंगों के लंबे समय बाद मुर्शिदाबाद गईं ममता, फोड़ा केंद्र पर ठीकरा

# दंगा भड़काने वालों को बताया 'बंगाल का दुश्मन' केंद्र सरकार को सीमाओं की सुरक्षा करनी चाहिए

केंद्र सरकार पर सांप्रदायिक नफरत फैलाने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर सोमवार को सांप्रदायिक नफरत फैलाने और देश की सीमा की सुरक्षा करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। बेनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में हाल की हिंसा से प्रभावित परिवारों को भाजपा द्वारा उनसे मिलने से रोका जा रहा है। पिछले महीने हुए दंगों के बाद पहली बार मुर्शिदाबाद पहुंचने पर बेनर्जी ने कहा कि कुछ बाहरी लोग और कुछ धार्मिक नेता समुदायों के बीच हिंसा और दुश्मनी भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि जो लोग दंगे भड़का रहे हैं, वे पश्चिम बंगाल के दुश्मन हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की तीखी आलोचना करते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने आयोग के सदस्यों के मुर्शिदाबाद के हालिया दौरे के मद्देनजर उसकी प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या एनएचआरसी के सदस्यों ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा किया था, जहां अब राष्ट्रपति शासन है। बंगाल जाने पर सवाल उठाया।

**एनएचआरसी की भी तीखी आलोचना की**

### केंद्र को संवैधानिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाई

ममता ने केंद्र को चेतावनी दोहराते हुए कहा कि सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के बजाय हमारी सीमाओं की रक्षा के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने केंद्र की उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी की भी याद दिलाई। जब आप कुर्सी पर होते हैं, तो आप लोगों को धार्मिक आधार पर नहीं बांट सकते।



### एनएचआरसी यहां दौरा करने में तत्पर था

ममता ने आरोप लगाया कि क्या एनएचआरसी ने मणिपुर और उत्तर प्रदेश का दौरा किया? वे मुर्शिदाबाद का दौरा करने में तत्पर थे। जिस तरह 2016 में नोटबंदी की घोषणा के एक दिन बाद ऑनलाइन भुगतान मंच ने अखबारों में पहले पन्ने पर विज्ञापन दिए थे, उसी तरह एनएचआरसी ने दंगे होने के तुरंत बाद मुर्शिदाबाद का दौरा किया। यह पूर्व नियोजित था। मैंने अधिकतर साजिशों का पर्दाफाश कर दिया है, मैं मीडिया के सामने इसका पर्दाफाश करूंगी। कुछ मीडिया संस्थान बेबुनियाद बातें फैलाने में भाजपा के हाथों की कठपुतली बन गए।

### प्रभावित परिवारों को 'जबरन' स्थानांतरित किया

बेनर्जी ने दावा किया कि भाजपा ने मुर्शिदाबाद दंगों से प्रभावित परिवारों को 'जबरन' अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया ताकि वे उनसे मिल न सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा मुर्शिदाबाद दंगों से प्रभावित लोगों के परिवारों को वहां से दूर ले गई ताकि वे मुझसे न मिल सकें। क्या यह अपहरण नहीं है? अगर मैं उनसे यहीं मिलती और उन्हें चेक सौंपती तो क्या नुकसान होता?

### कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

## पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की जाए



पहलगाम में हाल में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान, गिरफ्तारी और निर्वासन की मांग को लेकर भाजपा ने दक्षिण 24 परगना जिले के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। करीब 200 भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री देबश्री चौधरी के नेतृत्व में प्रशासनिक भवन के पास एकत्र होकर राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस निर्देश पर अमल नहीं कर रही है, जिसमें सभी राज्यों से पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने को कहा गया है। चौधरी ने कहा कि हमें यकीन है कि दक्षिण 24 परगना और पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में कई पाकिस्तानी नागरिक छिपे हुए हैं।

### पुलिस ने रोका, एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा

प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने 'जज कोर्ट रोड' पर बैरिकेड लगाकर रास्ता रोका, जिससे करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। केंद्र सरकार ने कश्मीर में शांति भंग करने के लिए आतंकवादियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया था।

गांधी चौक पर रैली में बोले अनुराग

# भारत विरोधी गतिविधियां कीं,तो मिट जाएगा पाक



एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने पाकिस्तान पर सीमा पर अशांति फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत विरोधी गतिविधियां जारी रखता है, तो उसे पूरी तरह मिटा दिया जाएगा। आतंकी हमले के विरोध में पार्टी की ओर से यहां गांधी चौक पर आयोजित जिला स्तरीय रैली को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि उचित समय पर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया जाएगा। अगर पाकिस्तान भारत विरोधी हरकतें करता रहेगा, तो उसे विश्व की राज्य व्यवस्था से पूरी तरह मिट जाएगा। शिमला में भाजपा नेताओं ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा और राज्य में कानूनी या अवैध तरीके से रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान कर उन्हें वापस उनके देश भेजने की मांग की। लोअर बाजार क्षेत्र में पाक विरोधी नारे लगाते हुए मार्च भी निकाला।

### कांग्रेस बेकार बयान दे रही

उन्होंने बताया कि प्रदेश के 17 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किए गए हैं। प्रदेश भाजपाध्यक्ष बिंदल ने कहा कि अगर राज्य सरकार पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस नहीं भेजती, तो भाजपा जल्द ही एक 'जागरण अभियान' चलाएगी। ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि जहां एक ओर केंद्र ने पाक के खिलाफ कूटनीतिक कदम उठाते हुए भारत में रह रहे पाकिस्तानियों को वापस भेजने की प्रक्रिया तेज कर दी है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार इस विषय पर गंभीर नहीं है। कांग्रेस केंद्र के फैसलों का समर्थन करती है, वहीं दूसरी ओर इसके कुछ नेता अनावश्यक बयानबाजी कर रहे हैं।

संजौली मस्जिद विवाद पर कहा

### कब्जा जमाएंगे...पर कागज नहीं दिखाएंगे

ठाकुर ने वक्फ बोर्ड पर निशाना साधते हुए कहा कि 'कब्जा जमाएंगे पर कागज नहीं दिखाएंगे' वक्फ बोर्ड की मानसिकता बन गया है। ठाकुर ने कांगड़ा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि शिमला में संजौली मस्जिद का निर्माण अवैध रूप से किया गया था और न केवल ऊपरी मंजिलें बल्कि पूरा ढांचा अनधिकृत था। वक्फ बोर्ड भूमि स्वामित्व और मस्जिद के निर्माण की अनुमति के कागजात नहीं दिखा सका और इसलिए अदालत ने शनिवार को इसे गिराने का आदेश दिया। संजौली मस्जिद उन हजारों उदाहरणों में से एक है, जहां वक्फ बोर्ड ने वैध दस्तावेजों के बिना जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया है।

जल विवाद के बीच हरियाणा में आक्रोश

# पंजाब में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए मान सरकार के खिलाफ मटके फोड़े

एजेंसी ▶▶ कैथल

इंडियन नेशनल लोकदल ने पंजाब सरकार की ओर से हरियाणा का पानी कम किए जाने पर प्रदर्शन किया। लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे और सीटीएम गुरविंद्र सिंह को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने विरोध में पंजाब सरकार की प्रतीकात्मक शवयात्रा भी निकली। इससे पहले इनेलो कार्यकर्ता जवाहर पार्क में एकत्रित हुए। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव एवं इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा ने इस विरोध प्रदर्शन की अगुवाई की। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने भाग लेते हुए पंजाब के सीएम भगवंत मान के नाम के मटके भी फोड़े।



### आप सरकार अब अराजकता फैला रही

माजरा ने कहा कि आप सरकार की पंजाब से जड़े उखड़ती हुई दिख गई हैं। अब पंजाब से भी इस पार्टी को अपना सूपड़ा साफ होता दिख रहा है तो लोगों की भावनाओं का फायदा उठाने की फिराक में आप ने अब संघीय ढांचे को नकार कर अराजकता फैलाने का काम किया है।

अजय पर बरसे त्रिवेदी

## राफेल पर मजाक उड़ा कांग्रेस सेना का मनोबल तोड़ रही

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की ओर से राफेल को लेकर दिए बयान पर भाजपा ने इसे सेना का मनोबल तोड़ने वाला बताया है। भाजपा ने कहा कि सीमा पार से पाकिस्तानी सेना गोलीबारी कर रही है, वहीं सीमा के इस पार से इंडी गठबंधन के नेता सेना को निशाना बना रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं के बयान भारतीय सेना के मनोबल को कमजोर करने के लक्ष्य से किए जाते हैं। इंडी गठबंधन के नेता मुखौटा लगाकर यह भी कहते हैं कि वो सरकार के साथ हैं, लेकिन वैसा ही है जैसा कि पाक यहां पर अपनी गतिविधियां चलाता है।



महाराष्ट्र के पुणे में वारदात, यवत पुलिस ने किया खुलासा

# बेटे की मौत का बदला लेने के लिए एक ही परिवार के 7 रिश्तेदारों को मौत के घाट उतारा

25 जनवरी 2023 को दर्ज की गई थी

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में एक ही परिवार के 7 लोगों की हत्या ने सनसनी मचा दी थी। जनवरी 2023 मे पुणे के दौंड तालुका में भीमा नदी से एक परिवार के 7 सदस्यों के शव बरामद किए गए। 25 जनवरी 2023 को यवत पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई। सब-इंस्पेक्टर संजय नागरगोजे को 18 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे परगांव गांव में नदी में एक अज्ञात महिला का शव मिला था। इसके बाद 20 जनवरी को उसी स्थान के पास एक पुरुष का शव मिला। 22 जनवरी को दो और शव मिले, जिनमें एक महिला भी शामिल थी।



### मोबाइल फोन से खुला राज

महिला के शव पर मिले मोबाइल फोन से पुलिस को पता चला कि वह बीड जिले के गेवराई की रहने वाली संगीता मोहन पवार थी। परिवार के सदस्यों से संपर्क किया और अन्य तीन शवों की पहचान संगीता के पति मोहन उत्तम पवार, उनके दामाद शमराव पंडित फुलवारेऔर बेटी रानी फुलवारे के रूप में हुई। पुणे ग्रामीण पुलिस की जांच से पता चला कि उनकी हत्या रिश्तेदारों ने की थी। इसके बाद, हत्याओं में कथित भूमिका के लिए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया।

धामी-चौहान ने की कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा

# कृषि तथा ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने को केंद्र सरकार निरंतर कर रही सहयोग

मुख्यमंत्री ने किया केंद्रीय मंत्री का स्वागत

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को देहरादून में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में राज्य में केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि और ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री का उत्तराखंड में स्वागत किया और कृषि तथा ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। चौहान ने कहा कि किसानों को लभा दिलाने के लिए केंद्र सरकार प्रयासरत है।



### चौहान ने बीजापुर स्टेट गेस्ट हाउस परिसर में एक पौधा भी रोपा

चौहान ने जानकारी 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार किसानों की समृद्धि, गांवों के विकास और जनकल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उत्तराखंड में केंद्र की योजनाएं बेहतर तरीके से लागू की जा रही हैं। बैठक में उत्तराखंड सरकार के कृषि, किसान कल्याण, सैनिक कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री गणेश जोशी आदि थे।

औपचारिक घोषणा 2025-26 के केंद्रीय बजट में की गई थी


# शाह को मिल सकती है 'नेशनल मैनुफैक्चरिंग मिशन' की जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल मैनुफैक्चरिंग मिशन का नेतृत्व किसी वरिष्ठ और प्रभावशाली केंद्रीय मंत्री को सौंपा जा सकता है। सूत्रों ने बताया कि इसकी पुरजोर मांग नीति आयोग की एक महत्वपूर्ण बैठक में संबंधित हितधारकों ने उठाई। उम्मीद की जा रही है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। विदित हो कि देश में देसी उत्पादकता को बढ़ाने के लिए प्रधानंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट मेक इन इंडिया को पंख लगाने के लिए हाल ही में नेशनल मैनुफैक्चरिंग मिशन की स्थापना की गई है। मिशन के स्थापना की औपचारिक घोषणा 2025-26 के केंद्रीय बजट में की गई थी। मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को अगले 10 वर्षों में 25 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

### नीति आयोग ने परामर्श बैठक की

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों ही नीति आयोग के सीईओ वीवीआर सुब्रह्नयम ने राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के लिए एक हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की। इस बैठक में सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और फिसमी जैसे औद्योगिक संगठनों के साथ-साथ अन्य हितधारकों ने भाग लिया। बैठक में कई प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए एक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री को इसका नेतृत्व सौंपा जाना चाहिए। एक प्रतिभागी ने कहा, हमने नीति आयोग के सीईओ से सुझाव दिया कि एक शक्तिशाली और वरिष्ठ मंत्री को मिशन का नेतृत्व करना चाहिए, क्योंकि सरकार को अन्य मंत्रालयों और राज्य सरकारों के साथ समन्वय की आवश्यकता होगी। एक अन्य प्रतिभागी ने नेतृत्व को महत्वपूर्ण मुद्दा बताया, क्योंकि सरकार का लक्ष्य विनिर्माण क्षेत्र की जीडीपी में हिस्सेदारी को वर्तमान 17 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी करना है। मजबूत नेतृत्व के बिना, विभिन्न मंत्रालयों और राज्यों के बीच समन्वय में चुनौतियां आ सकती हैं। मिशन के तहत 20-30 चयनित औद्योगिक पार्कों के विकास को बढ़ावा देना शुमार है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारतीय विनिर्माण की भागीदारी बढ़ाना और नौकरी सृजन और स्वच्छ प्रौद्योगिकी विनिर्माण को प्रोत्साहन देना, मिशन का लक्ष्य रखा गया है।



### 100 करोड़ आवंटित किए

मिशन की स्थापना के लिए बजटीय आवंटन 2025-26 के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। मिशन के लिए नीति आयोग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसके सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया गया है, जो मिशन की रूपरेखा तैयार कर रही है। नीति आयोग ने अपनी प्रस्तुति में चीन को एक केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत किया, जिसने उन्नत सूचना प्रौद्योगिकी, रेल परिवहन उपकरण, रोबोटिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में प्राथमिकता देकर वैश्विक विनिर्माण में अग्रणी स्थान हासिल किया।

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने दी डीआरडीओ, नौसेना और उद्योग जगत को बधाई

# डीआरडीओ और नौसेना ने किया स्वदेशी 'एमआईजीएम' माइन का परीक्षण, समुद्र के नीचे जहाजों और पनडुब्बियों को निशाना बना सकेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम हमले की वजह से भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने स्वदेश में डिजाइन के साथ विकसित की गई मल्टी इंफ्लुएंस ग्राउंड माइन (एमआईजीएम) का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सफलता के लिए डीआरडीओ, नौसेना और उद्योग जगत की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा, यह सिस्टम समुद्र के अंदर नौसेना की युद्धक क्षमताओं में इजाफा करेगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि यह सिस्टम विशेषतौर पर समुद्र के नीचे से दुश्मन के स्टेल्थ तकनीक से लैस जंगी जहाजों और पनडुब्बियों को निशाना बनाने में पूरी तरह से सक्षम है। विभाग के दोनों महत्वपूर्ण अंगों ने 5 मई को विस्फोटक की कम मात्रा के साथ एमआईजीएम का सफल परीक्षण किया। यह सिस्टम नौसेना की एक बेहद उन्नत पानी के अंदर काम करने वाली माइन है। जिसे बल की विशाखापट्टनम स्थित नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लेबोरेटरी ने डीआरडीओ की हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी (पुणे) और टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी (चंडीगढ़) द्वारा विकसित किया गया है।

» यह सिस्टम को नौसेना की विशाखापट्टनम स्थित नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लेबोरेटरी ने डीआरडीओ की हाई एनर्जी मैटेरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी (पुणे) और टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरी (चंडीगढ़) द्वारा विकसित किया गया है।

**खास बातें**

- ये कम गहराई वाले तटीय क्षेत्रों से लेकर गहरे समुद्र तक प्रभावी
- इन्हें रडार, सोनार या अन्य प्रणाली से पकड़ा नहीं जा सकता

### एमआईजीएम का लाभ



एमआईजीएम को इस प्रकार से डिजाइन किया गया है कि इससे नौसेना की आधुनिक स्टेल्थ तकनीक से लैस जहाजों और पनडुब्बियों के खिलाफ क्षमता बढ़ेगी। इस सिस्टम के उत्पादन भागीदारों में भारत डायनामिक्स लिमिटेड (विशाखापत्तनम) और अपोलो माइक्रोसिस्टम्स लिमिटेड (हैदराबाद) शामिल हैं। डीआरडीओ सचिव डॉ. समीर.वी. कामत ने भी परीक्षण में शामिल सभी टीमों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि परीक्षण की सफलता के साथ ही अब ये सिस्टम नौसेना में शामिल किए जाने के लिए तैयार है।

### इसे निष्क्रिय करना या इससे बचना मुश्किल

मल्टी-इनफ्लुएंस ग्राउंड माइन (एमआईजीएम) एक प्रकार की आधुनिक समुद्री बारूदी सुरंग है, जो विभिन्न प्रकार के खतरों को भांपकर जहाजों या पनडुब्बियों को निशाना बनाती है। यह पारंपरिक बारूदी सुरंगों से अधिक उन्नत होती है, क्योंकि यह एक साथ कई सेंसरों और ट्रिगर मैकेनिज्म का उपयोग करती है, जिससे इसे निष्क्रिय करना या बचना मुश्किल हो जाता है। ये बारूदी सुंरग डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग और प्रोग्रामेबल लॉजिक का उपयोग करती हैं, जिससे वे विशिष्ट लक्ष्यों को पहचानने में सक्षम होती हैं। इन्हें समुद्र तल पर, पानी में तैरते हुए, या आंशिक रूप से दबाकर तैनात किया जा सकता है। ये कम गहराई वाले तटीय क्षेत्रों से लेकर गहरे समुद्र तक प्रभावी होती हैं। इनका डिजाइन ऐसा होता है कि इन्हें रडार, सोनार, या अन्य डिटेक्शन सिस्टम से आसानी से पकड़ा नहीं जा सकता।

### लखनऊ में होगा ब्रह्मोस सुविधा का उद्घाटन

उधर, सूत्रों ने बताया कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल से जुड़ी एक सुविधा (यूनिट) का 11 मई 2025 को लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन करेंगे। करीब तीन साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शिलान्यास किया था। बताते चलें कि अभी देश में कुल करीब तीन जगहों पर ब्रह्मोस से जुड़ी सुविधाएं हैं। इनमें नागपुर, हैदराबाद और पिलानी शामिल हैं। लेकिन अब इस सूची में चौथी सुविधा के साथ लखनऊ का नाम भी शामिल होने जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### फीनिक्स में हमलावरों ने नौ लोगों को मारी गोली



**फीनिक्स।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना ने सभी को हिलाकर रख दिया है। इस बार एक रेस्तरां में फायरिंग हुई है। वारदात में नौ लोगों को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात फीनिक्स के उपनगरीय इलाके में स्थित एक रेस्तरां में नौ लोगों को गोली मारी गई। ग्लेनडेल पुलिस विभाग के अधिकारी मोरोनी मेंडेज ने घटनास्थल पर ब्रीफिंग के दौरान बताया कि पुलिस को एल कैमरन गिगांटे मैरिस्कोस एंड स्टीकहाउस में शाम करीब 7:45 बजे गोली चलने की सूचना मिली।

### मस्क ने एक्स पर अपना नाम गोर्कलोन रस्ट रखा



**वॉशिंगटन।** इलॉन मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना डिस्प्ले नाम बदलकर 'गोर्कलोन रस्ट' कर लिया है। साथ ही उन्होंने अपनी प्रोफाइल फोटो भी बदल दी है। मस्क ने ग्रोक नाम के अपने एआई चैटबॉट के पैरोडी अकाउंट एटगोर्क को टैग करते हुए लिखा- हैलो एटगोर्क, मैंने अपनी प्रोफाइल फोटो तुम्हारी प्रोफाइल फोटो जैसी कर ली है, कैसा लगा? इस पर एटगोर्क अकाउंट ने जवाब दिया- ठीक लग रही है, लेकिन क्या मेरा पूरा चेहरा ही कॉपी करना जरूरी था?

### राजनाथ सिंह और जापानी रक्षा मंत्री के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक

# जापान ने आतंकवाद की निंदा की, भारत को एकजुटता के साथ पूर्ण समर्थन की पेशकश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सोमवार को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें जापान के रक्षा मंत्री जनरल नकातानी ने इस दुखद आतंकी हमले पर अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए भारत को पूर्ण सहायता और समर्थन देने की पेशकश की है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के खिलाफ सीमा-पार आतंकवाद की पाकिस्तान की सरकारी नीति की निंदा की।

उन्होंने कहा, इस तरह के हमले क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को अस्थिर करते हैं। राजनाथ ने आतंकवाद और उसे बढ़ावा देने वाली सरकार प्रायोजित कार्रवाईयों के खिलाफ एकजुट रुख अपनाने का आह्वान भी बैठक में किया। इसके अलावा दोनों पक्षों ने सभी प्रारूपों में आतंकवाद की निंदा करते हुए इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया है।

वहीं, बैठक से पहले जनरल नकातानी ने मानेकशॉ केंद्र में तीनों सशस्त्र सेनाओं द्वारा दी गई संयुक्त सलामी गारद का निरीक्षण किया। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर दोनों देश सहमत**

**क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर भी की विस्तार से बातचीत**

### साइबर, अंतरिक्ष, ऑटोमेशन और एआई क्षेत्र में बढ़ाएंगे सहयोग



मंत्रालय ने बताया कि दोनों रक्षा मंत्रियों ने अपनी बातचीत में साइबर और अंतरिक्ष जैसे उभरते हुए क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने का फैसला लिया। रक्षा मंत्री ने अपने जापानी समकक्ष के साथ वार्ता में भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमताओं जैसे खासतौर पर टैंक इंजन और एयरो इंजन सहित नए क्षेत्रों में जापानी पक्ष के साथ सहयोग करने की क्षमता को रेखांकित किया। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल संचालन के क्षेत्रों से जुड़ी क्षमताओं पर भी प्रकाश डाला। दोनों पक्षों ने ऑटोमेशन, कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में सहयोग की खोज सहित उद्योग संबंधी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

### रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की समीक्षा की

दोनों रक्षा मंत्रियों ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के रक्षा और सुरक्षा स्तंभों की समीक्षा की। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और क्षेत्रीय शांति में योगदान देने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। राजनाथ सिंह और जनरल नकातानी ने दोनों देशों के बीच रक्षा अभ्यासों और आदान-प्रदान की बढ़ती विविधता व बारंबारता का स्वागत किया। इसके अलावा इन जुड़ावों के दायरे और संरचना को बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों भारत और जापान के बीच मजबूत समुद्री सहयोग में नए आयाम जोड़ने पर एकमत नजर आए।

### छह महीने के भीतर दूसरी बैठक

यह मुलाकात लाओ पीडीआर में आसियान रक्षा मंत्रियों की 'मीटिंग-प्लस' के अवसर पर नवंबर में हुई उनकी पहली मुलाकात के बाद छह महीने के भीतर दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच दूसरी बैठक थी। उस बैठक में, सिंह और जनरल नकातानी ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच अधिक अंतर-संचालन के लिए आपूर्ति और सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान पर विचार-विमर्श किया था। यदि पारस्परिक आपूर्ति एवं सेवा समझौता हो जाता है, तो इससे दोनों देशों की सेनाओं को उपकरणों की मरम्मत और आपूर्ति के लिए एक-दूसरे के ठिकानों का उपयोग करने की सुविधा मिलने के साथ ही समग्र रक्षा सहयोग को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। माना जाता है कि दोनों पक्षों ने पूर्वी और दक्षिणी चीन सागर के रणनीतिक जलक्षेत्र में स्थिति की भी समीक्षा की, जहां बीजिंग अपनी सैन्य स्थिति बढ़ा रहा है।

**जर्मनी-फ्रांस का बड़ा फैसला**

### कहा- नहीं करेंगे पाक एयरस्पेस का यूज!



पाकिस्तान द्वारा भारत के लिए एयरस्पेस बंद करने के बाद अब दो विदेशी एयरलाइंस ने भी पाकिस्तान से मुंह मोड़ लिया है। इन एयलाइंस ने कहा कि वह अब किसी दूसरे रास्ते से उड़ान भरेंगे और अपने यात्रियों को सुरक्षित उनके स्थान तक पहुंचाएंगे। फ्रांस की एयर फ्रांस और जर्मनी की लुफ्टहंसा ने पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने से मना किया है और इस क्षेत्र के लिए अपना परिचालन निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान द्वारा हवाई क्षेत्र बंद करने के कारण इंटरनेशनल एयरलाइंस को हर दिन 3 लाख डॉलर रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। एयर फ्रांस और लुफ्थांसा दोनों ने कहा कि अगली सूचना तक पाकिस्तान के ऊपर से उड़ानें निलंबित करने का फैसला किया है।

**यूएन महासचिव गुटेरेस ने दी भारत-पाक को समझाइश**

# गलती न करें, सैन्य समाधान कोई हल नहीं, हालात और बिगढ़ सकते



एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रिश्ते इन दिनों 'कई सालों में सबसे ज्यादा तनावपूर्ण हो गए हैं। गुटेरेस ने कहा कि मुझे दुख होता है कि भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तनाव पर हैं। उन्होंने कहा कि सैन्य समाधान कोई समाधान नहीं है और इस रास्ते पर जाना हालात को और बिगाड़ सकता है। गुटेरेस ने दोनों देशों को चेतावनी दी कि अगर तनाव और बढ़ा तो इसका असर सिर्फ इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में अस्थिरता फैलेगी। उन्होंने कहा कि 'कोई गलती न करें, सैन्य हल कोई हल नहीं है। युद्ध कभी भी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने और तनाव कम करने की अपील की। उन्होंने कहा, अब समय है कि दोनों पक्ष एक कदम पीछे हटें और हालात को और बिगड़ने से बचाएं।

### कानून के दायरे में लाकर दें सजा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले पर भी यूएन प्रमुख ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, नागरिकों को निशाना बनाना पूरी तरह से अस्वीकार्य है और इसके जिम्मेदार लोगों को कानून के दायरे में लाकर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट रहना चाहिए, लेकिन इसके साथ-साथ नागरिकों की सुरक्षा और कानून का पालन सबसे जरूरी है।

### » दोनों के बीच मध्यस्थता के लिए यूएन तैयार

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने यह भी पेशकश की कि यदि भारत और पाकिस्तान चाहें, तो यूएन दोनों के बीच बातचीत और तनाव कम करने में मदद करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र हर उस पहल का समर्थन करेगा जो तनाव कम करने और शांति बढ़ाने में सहायक हो। हम दोनों देशों के लिए अपने दरवाजे खुले रखते हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में शांति केवल तब संभव है जब भारत और पाकिस्तान दोनों जिम्मेदारी से पेश आएं और अपने विवादों को बातचीत और कूटनीति के जरिये सुलझाएं।

**खालिस्तानी आतंकी दल्ला से जुड़ा मामला**

# राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली की 10 जगहों पर एनआईए ने की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने राजधानी दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा के 10 जगहों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी के दौरान एनआईए की टीम ने पिछले साल हुई गोलीबारी की घटना की जांच की है। कनाडा स्थित खालिस्तानी आतंकवादी अर्श दल्ला से जुड़े 2024 के नीमराणा होटल फायरिंग हमले के पीछे की साजिश की गहराई से जांच की गई।

ये जांच एनआईए ने की है। टीम ने शनिवार को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 10 स्थानों पर छापेमारी की है। पिछले साल 8 सितंबर को होटल हाईवे किंग के परिसर के चारों ओर 35 गोलियां बरसाई गई थीं। लोगों को आतंकित करने और धमकाने के उद्देश्य से ऐसा किया किया गया था। बाद में दोनों हमलावरों की पहचान बांबिया गिरोह के सदस्यों के रूप में की गई, जिनका दल्ला के आतंकवादी-गैंगस्टर नेटवर्क से संबंध था। इन दहशतगर्दों ने प्रतिबंधित हथियारों का इस्तेमाल किया था और होटल के मालिक और मैनेजर को जबरन वसूली के लिए धमकाया भी था।

**सेना तैनाती से इनकार पर बिफरे राष्ट्रपति ट्रंप**

# मेक्सिको की राष्ट्रपति नशा तस्करों से डरी हुई, वे सीधा सोच भी नहीं सकती

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को बताया कि मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने मैक्सिको में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रंप ने इस पर नाराजगी जताई और आरोप लगाया कि शिनबाम मैक्सिको के ताकतवर नशा तस्करों से डर गई हैं।

ट्रंप का यह बयान क्लाउडिया शिनबाम के उस बयान के एक दिन बाद सामने आया है, जिसमें क्लाउडिया ने बताया कि ट्रंप, मैक्सिको में अमेरिकी सैनिकों की तैनाती का दबाव बना रहे हैं। हालांकि क्लाउडिया ने इससे इनकार कर दिया था। ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वे (क्लाउडिया शिनबाम) नशा



तस्करों से बेहद डरी हुई हैं कि वे सीधा सोच भी नहीं सकतीं। ये ही इनकार की वजह है। हालांकि वह एक अच्छी महिला हैं। ट्रंप प्रशासन ने नशा तस्करी रोकने के लिए मैक्सिको से लगती दक्षिणी सीमा पर सेना की तैनाती बढ़ाई है। साथ ही अवैध अप्रवासियों को रोकने के लिए भी सेना की भूमिका बढ़ाई गई है। शिनबाम ने कहा था कि संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है। संप्रभुता को प्यार किया जाता है और उसकी रक्षा की जाती है।

### चिनाब नदी पर बने सलाल बांध के सभी गेट बंद

# जल स्तर में आई गिरावट, स्थानीय लोग बोले- 'हम सरकार के साथ'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध और सलाल बांध को बंद कर दिया है। सलाल बांध के गेट बंद होने के बाद से सोमवार को रियासी जिले में चिनाब नदी के जलस्तर में काफी गिरावट देखने को मिली है। वहीं, रामबन में चिनाब नदी पर बगलिहार जलविद्युत परियोजना बांध के जल प्रवाह को भी रोका गया। स्थानीय व्यक्ति दिनेश और राधेश्याम ने कहा कि हमें खुशी है कि सरकार ने पाकिस्तान की तरफ पानी का प्रवाह रोक दिया है। जिस तरह से पहलगाम में हमारे पर्यटकों को मारा गया, पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे हम सरकार के साथ हैं।

### पुंछ के सुरनकोट में गोला-बारूद बरामद



जलस्तर कम होने के बाद नदी में टहलते लोग

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में स्थानीय पुलिस और सेना की रोमियो फोर्स ने सुरनकोट गांव में संयुक्त अभियान के दौरान एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। इस ठिकाने से गोला-बारूद और अन्य सामान बरामद किया गया है। पुंछ पुलिस ने संदिग्ध ठिकाने की तस्वीरें जारी की हैं। अधिकारियों के अनुसार, यहां से पांच इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), कई रेडियो सेट, तार, दूरबीन और कंबल बरामद किए गए हैं।

### » आतंकवादी इंसान नहीं: मौलाना मदनी

जमीयत उलेमा-ए-हिंद (अरशद मदनी गुट) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने रविवार को पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले करने वाले आतंकवादी इस्लाम के सिद्धांतों से अनजान हैं और उन्हें इंसान नहीं माना जा सकता। मदनी ने कहा कि सरकार को आतंकवाद को उसके स्रोत पर रोकना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हमले न हों। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को सौ प्रतिशत यकीन है कि कश्मीर में सिर्फ हमलावरों के घर ढहाए गए तो यह कार्रवाई उचित है, लेकिन केवल संदेह के आधार पर ऐसी कार्रवाई गलत होगी। उन्होंने जोर दिया कि जमीयत शांतिप्रिय संगठन है।

**केआईआईटी में छात्रा की मौत, तीन महीनों में यह दूसरा मामला**

# नेपाली संसद ने की भारत से उच्च स्तरीय बातचीत की मांग

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल की संसद के निचले सदन (प्रतिनिधि सभा) ने सोमवार को देश की सरकार से भारत के साथ उच्च स्तरीय कूटनीतिक वार्ता करने की मांग की है, ताकि ओडिशा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में पढ़ने वाली नेपाली छात्रा की मौत की जांच की जा सके। इससे एक दिन पहले नेपाल की संसद के ऊपरी सदन (नेशनल असेंबली) ने भी इसी प्रकार की सिफारिश सरकार को दी थी। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष देवराज घिमिरे ने सोमवार को सरकार को यह निर्देश जारी किया कि वह भारत सरकार से इस विषय में उच्च स्तरीय संवाद शुरू करे। बता दें, मृतका प्रिसा साह, कंप्यूटर साइंस की पहली वर्ष की बीटेक छात्रा थी। वह मई के मध्य में छुट्टी के लिए नेपाल लौटने की योजना बना रही थी, लेकिन 1 मई को वह अपने हॉस्टल के कमरे में मृत पाई गई। केआईआईटी में यह पिछले तीन महीनों में किसी नेपाली महिला छात्रा की दूसरी मौत है।

### छात्रा की मौत संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से जुड़ा मुद्दा

**सरकार के साथ कूटनीतिक संवाद शुरू करें**



घिमिरे ने कहा कि ओडिशा, भारत में केआईआईटी में पढ़ने वाली नेपाली छात्रा प्रीसा साह की मौत के विषय में माननीय सदस्यों द्वारा तत्काल ध्यानाकर्षण में उठाई गई चिंता पर सदन की गंभीर नजर है। पढ़ाई के लिए विदेश गए छात्रों की एक के बाद एक रहस्यमय मौतें, देश की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से जुड़ा एक गंभीर मुद्दा है। मैं सरकार को निर्देश देता हूं कि वह इस मामले में गहरी रुचि ले और भारत सरकार के साथ उच्चतम स्तर पर कूटनीतिक संवाद शुरू करे, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

**पहलगाम आतंकी हमले के बाद**

### पाकिस्तान के 12 सैन्य अफसर ट्रेनिंग लेने के लिए पहुंचे नेपाल

पाकिस्तान की सेना के 12 अधिकारी 12 दिवसीय सैन्य प्रशिक्षण के लिए काठमांडू पहुंचे हैं। भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जारी तनाव के बीच यह घटना सामने आई है। इसे लेकर नेपाली सेना ने एक बयान में कहा कि यह अधिकारी पाकिस्तान सेना के नेशनल सिक्योरिटी एंड वार कॉलेज के हैं। पाकिस्तान के नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के मातहत रहे यह अधिकारी एयर कोमोडोर साद मंसूर अंसारी के नेतृत्व में नेपाल आए हैं। नेपाली सेना के माउंटेन वारफेयर कॉलेज में इन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। नेपाल के लोग पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के फैसले से आश्चर्यचकित हैं। नेपाली सेना के अवकाश प्राप्त ब्रिगेडियर जनरल विनोज बस्नेत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस तरह के तनाव के बीच नेपाल द्वारा पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों को बुलाना रणनीतिक रूप से सही नहीं है।

**हमास पर दबाव बनाने की तैयारी**

# गाजा में सैन्य अभियान तेज करेगा इजराइल, सुरक्षा कैबिनेट ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल ने सोमवार को गाजा पट्टी के पूरे हिस्से पर कब्जा करने और अनिश्चित समय तक वहां बने रहने की योजना को मंजूरी दे दी। इजराइल के दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के शीर्ष मंत्रियों की एक प्रभावशाली सुरक्षा कैबिनेट ने सोमवार सुबह बैठक में गाजा में अभियान तेज करने पर चर्चा की। इस योजना के तहत अधिक फिलिस्तीनी क्षेत्र पर दावा किया जाएगा।

वहीं, इस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विरोध सामने आ सकता है। इजराइल के अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में 'पट्टी पर कब्जा करना और क्षेत्रों को नियंत्रण में



लेना' शामिल है। इस योजना में चरमपंथी हमास समूह को मानवीय सहायता वितरित करने से रोकने की भी कोशिश की जाएगी, जिसके बारे में इजराइल का कहना है कि इससे गाजा में समूह का शासन मजबूत होगा। अधिकारियों ने कहा कि इस योजना में हमास के ठिकानों पर शक्तिशाली हमले करना भी शामिल है।




# वार्षिक रैंकिंग : भारत वनडे और टी20 का बादशाह, ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में नंबर-1

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की सोमवार को जारी नवीनतम वार्षिक पुरुष रैंकिंग में सफेद गेंद प्रारूप में अपना दबदबा कायम रखते हुए वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपनी बादशाहत कायम रखी। टेस्ट प्रारूप में भारत एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर खिसक गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर काबिज है। नवीनतम रैंकिंग में मई 2024 के बाद से खेले गए सभी मैचों की दर 100 प्रतिशत और उससे पहले के दो वर्षों की 50 प्रतिशत है।

## वनडे : चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन के बढ़े अंक

वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचने वाले भारत को वनडे रैंकिंग में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का फायदा मिला है। इससे उसके रेटिंग अंक 122 से बढ़कर 124 हो गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में उपविजेता न्यूजीलैंड ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तीसरे स्थान पर है। श्रीलंका ने हाल के महीनों में घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला जीत भी शामिल है। इससे उसे पांच रेटिंग अंक का फायदा हुआ और वह चौथे स्थान पर पहुंच गया है।



## टी20 : शीर्ष पर विश्व चैंपियन

टी20 में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत शीर्ष पर है, हालांकि दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया पर उसकी बढ़त 10 से घटकर नौ अंक हो गई है। पहली बार वार्षिक अपडेट में वैश्विक टी20 रैंकिंग में 100 टीमों को शामिल किया गया है। सूची में वे सभी टीमें शामिल हैं जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। इंग्लैंड तीसरे नंबर पर है, जबकि न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका क्रमशः चौथे, पांचवें और छठे नंबर पर हैं। इनके बाद श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, आयरलैंड और जिंबॉब्वे का नंबर आता है।

## टेस्ट में बेस्ट ऑस्ट्रेलिया

मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट टीम रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, हालांकि वार्षिक अपडेट के बाद उसकी बढ़त 15 से घटकर 13 अंक रह गई है। ऑस्ट्रेलिया के 126 रेटिंग अंक हैं। इंग्लैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पछाड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई। उसके रेटिंग अंक 113 हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका (111) और भारत (105) एक एक स्थान फिसलकर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके बाद न्यूजीलैंड, श्रीलंका, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे हैं। टेस्ट तालिका में अभी केवल 10 टीम शामिल हैं।

### खास खबर

## हैदराबाद प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर



**हैदराबाद।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने के साथ सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गई। दोनों टीम को इस मैच से एक-एक अंक मिला जिससे दिल्ली के 11 मैच में 13 अंक हो गए हैं और टीम पांचवें स्थान पर बनी हुई है। सनराइजर्स की टीम 11 मैच में सात अंक के साथ आठवें स्थान पर है लेकिन अब अधिकतम 13 अंक जुटा सकती है जबकि पहले ही चार टीम 14 या इससे अधिक अंक हासिल कर चुकी हैं। सनराइजर्स की टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली तीसरी टीम है। राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपरकिंग्स भी पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
505 रन
बेंगलुरु

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

## आईपीएल : अंक तालिका में अभी तीसरे और चौथे स्थान पर दोनों टीमें

# मुंबई-गुजरात प्लेआफ के प्रबल दावेदार आज बल्लेबाजों और गेंदबाजों में जंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्लेआफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार मुंबई इंडियंस का सामना आईपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस से होगा तो फॉर्म में चल रहे गुजरात के शीर्षक्रम के तीनों बल्लेबाजों के लिए बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कड़ी चुनौती होगी। सभी टीमों में सर्वश्रेष्ठ नेट रनरेट वाली मुंबई की टीम को बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे ताकि प्लेआफ में प्रवेश कर सके। पांच बार की चैंपियन टीम इनमें से दो मैच अपने मैदान पर खेलेगी जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं।

चौथी रैंकिंग वाली गुजरात की टीम को अभी चार मैच खेलने हैं जिनमें से दो अहमदाबाद में खेलने हैं जहां उसने पांच में से चार मैच जीते हैं। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम को भी प्लेआफ में पहुंचने के लिये दो मैच और जीतने हैं। गुजरात के बी साइ सुदर्शन (504 रन), जोस बटलर (470) और कप्तान गिल (465) जबर्दस्त फॉर्म में हैं। अब उन्हें मुंबई के ट्रेंट बोल्ट (16 विकेट), हार्दिक पंड्या (13), जसप्रीत बुमराह (11) और दीपक चाहर (नौ) का सामना करना है जो आसान नहीं होगा। मुंबई के जीत की राह पर लौटने के बाद से इन्होंने किसी मैच में 200 से अधिक रन विरोधी टीम को बनाने नहीं दिए हैं।





### लगातार 7वीं जीत पर मुंबई की नजर

मुंबई खराब शुरुआत के बाद लगातार छह मैच जीतकर आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। गुजरात की सफलता की कुंजी उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन रही है। दूसरी ओर मुंबई को भी लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात के शानदार रिकॉर्ड से चिंता हो रही होगी। गुजरात ने लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन मैच भारी अंतर से जीते हैं। गुजरात के शीर्ष तीन बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म के कारण बाकी बल्लेबाजों की परीक्षा नहीं हो सकी है। मध्यक्रम में शेरफान रदरफोर्ड (201) को कुछ मौका मिला है ।

### फार्म में इंडियंस बल्लेबाज

मुंबई के गेंदबाजों का लक्ष्य अब गुजरात के शीर्षक्रम को सस्ते में आउट करने का होगा। तीन सत्र पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने पदार्पण के साथ आईपीएल खिताब जीता था। वही हार्दिक अब मुंबई के कप्तान हैं जिसने बेहद औसत शुरुआत के बाद वापसी की है। हार्दिक खुद 157 रन बनाने के साथ 13 विकेट ले चुके हैं। रोहित शर्मा (293 रन) और सूर्यकुमार यादव (475 रन) भी फॉर्म में हैं। रियान रिकेलटन (334 रन) धीमी शुरुआत के बाद लय पकड़ चुके हैं। तिलक वर्मा (239) और नमन धीर (155) बल्लेबाजी को गहराई देते हैं।

### चेन्नई में बेदी की जगह उर्विल टीम में शामिल

**चेन्नई।** चेन्नई सुपरकिंग्स ने बाएं टखने में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र से बाहर हुए वंश बेदी की जगह गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को अपनी टीम में शामिल किया है। पटेल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में त्रिपुरा के खिलाफ 28 गेंदों में शतक जड़ा कर



सुर्खियां बटोरी थी। यह किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज टी20 शतक है। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने 47 टी20 मैचों में 1,162 रन बनाए हैं। वह इससे पहले 2023 सत्र में गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा थे। पटेल 30 लाख रुपए की अपनी आधार मूल्य पर चेन्नई की टीम से जुड़े।

### प्लेऑफ का सपना अभी भी बरकरार : पंत



**धर्मशाला।** खराब प्रदर्शन से निराश लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने अभी भी आईपीएल प्लेआफ में प्रवेश की उम्मीद छोड़ी नहीं है और उनका मानना है कि बाकी तीन मैचों में उनकी टीम हालात बदल सकती है। बल्लेबाजों के एक बार फिर खराब प्रदर्शन के कारण लखनऊ को रविवार को पंजाब किंग्स ने 37 रन से हराया। पंत ने मैच के बाद कहा, 'सपना अभी भी बरकरार है। अगर हम अगले तीन मैच जीत जाएं तो हालात बदल सकते हैं।'

### पर्व ने जीता जूनियर विश्व कांस्य पदक



**लीमा।** भारतीय भारोत्तोलक पर्व चौधरी ने यहां आईडब्ल्यूएफ युवा और जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। पर्व ने लड़कों के युवा वर्ग के 96 किग्रा भार वर्ग में कुल 315 किग्रा वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में 140 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में उन्होंने 175 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत का तीसरा पदक है। ज्योशना सबर (40 किग्रा) और हर्षबर्धन साहू (49 किग्रा) ने भी पिछले सप्ताह अपने-अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीते थे।

### कैस्पर रूड ने जीता अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब



**मैड्रिड।** कैस्पर रूड रविवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जैक ड्रेपर को 7-5, 3-6, 6-4 से हराकर मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बन गए। रूड ने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के बाद वापसी की और तीसरे सेट में अपने एकमात्र ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाकर जीत पक्की कर ली। रूड ने मैच के बाद कहा, ''यहां चैंपियन बनना मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक था जिसके बारे में मैंने तब सपना देखा था जब मैं छोटा था, इसलिए इसे पूरा करना एक अविश्वसनीय अहसास है।' इस जीत से रूड विश्व रैंकिंग में फिर से चोटी के 10 खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं।

## खबर संक्षेप



### मैं बहुत आगे के बारे में नहीं सोचता : अर्शदीप

**धर्मशाला।** जाब किंग्स की लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ आईपीएल मैच में जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जीवन जीने का तरीका बेहद सरल है, बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना और वर्तमान में जीने का पूरा आनंद लेना। अर्शदीप ने लखनऊ के चोटी के तीन बल्लेबाजों को आउट करके पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होंने अब तक आईपीएल के वर्तमान सत्र में 11 मैचों में 16 विकेट ले लिए हैं और प्रसिद्ध कृष्णा (19 विकेट) और जोश हेज़लवुड (18 विकेट) के बाद सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

### सिनर का डोपिंग प्रतिबंध खत्म, करेंगे वापसी

**रोम।** विश्व के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर पर डोपिंग के लिए लगा तीन महीने का प्रतिबंध सोमवार को खत्म हो गया और वह अपने घरेलू टूर्नामेंट इटालियन ओपन से कोर्ट पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। सिनर ने इस साल के शुरू में लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतने के बाद कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। इसके बाद उन्हें विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ हुए समझौते के तहत तीन महीने का प्रतिबंध झेलना पड़ा था। इटालियन ओपन में यह पहला अवसर होगा जब कोई स्थानीय खिलाड़ी विश्व के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में अपनी चुनौती पेश करेगा।



### भारत ने दिव्यांग क्रिकेट श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0 से हराया

**बेंगलुरु।** भारतीय शारीरिक दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पी डी दीपक लोहिया स्मृति ट्रॉफी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में श्रीलंका को 5-0 से हराया। पांच मैचों की श्रृंखला यहां 26 अप्रैल से पांच मई के बीच किनि क्रिकेट मैदान पर खेली गई थी। पांचवें मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 191 रन बनाए और श्रीलंका को 15 ओवर में 88 रन पर आउट कर दिया। भारत ने पहला मैच 103 रन से, दूसरा छह विकेट से, तीसरा तीन विकेट से और चौथा 66 रन से जीता था।



## 54 मैच बाद भी प्लेऑफ तय नहीं पांच टीमें पा सकती हैं 18 अंक!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*आईपीएल 2025 में अब तक 54 मुकाबले खेले जा चुके हैं और अब तक सिर्फ दो ही टीमें- चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स ही एलिमिनेट हो सकी हैं। अभी भी कोई भी टीम प्लेऑफ के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालिफाई नहीं कर सकी है और शीर्ष चार स्थानों के लिए आठ टीमों के बीच जंग है। हालांकि, पिछले 17 सत्र में कभी ऐसा नहीं हुआ कि जिस टीम ने 16 अंक पाए हों वह क्वालिफाई न कर पाया हो। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का क्वालिफाई करना तय माना जा रहा है। बाकी के तीन स्थानों के लिए सात टीमों के बीच जंग है।*

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

आरसीबी की टीम सीएसके के खिलाफ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच चुकी है। पांच टीमों के लिए 18 अंकों पर समाप्त करना अभी भी संभव है। इसका मतलब है कि क्वालिफिकेशन पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए आरसीबी को दो और जीत की जरूरत है। हालांकि, अगर अन्य परिणाम उनके पक्ष में जाते हैं, तो वे नेट रन रेट पर निर्भर हुए बिना 16 अंकों के साथ भी क्वालिफाई कर सकते हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स

शुरुआती छह मैचों में पांच जीत के साथ दिल्ली ने सीजन की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन 10 मैचों तक आते आते यह आंकड़े छह जीत ही रह गए। यानी पिछले चार मैचों में टीम को तीन में हार मिली है। यही वजह है कि कभी शीर्ष पर रही दिल्ली की टीम पांचवें स्थान पर लुढ़क गई है। अन्य टीमों की तरह 18 अंक पाकर भी दिल्ली का प्लेऑफ में पहुंचना तय नहीं है, लेकिन 14 अंक पाकर भी वह पूरी तरह समीकरण से बाहर नहीं होंगे।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

रविवार को राजस्थान के खिलाफ जीत ने केकेआर को शीर्ष चार की दौड़ में बनाए रखा है। 11 मैचों में 11 अंकों के साथ टीम फिलहाल छठे स्थान पर है। हालांकि वे अधिकतम 17 अंक ही पा सकते हैं। अभी पांच टीमों के लिए 18 या अधिक अंकों पर समाप्त करना संभव है।

### पंजाब किंग्स

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ पंजाब की जीत ने उन्हें 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। अभी उनके तीन मैच बचे हैं। दो और जीत पंजाब को प्लेऑफ में पहुंचा देगी। यदि पंजाब की टीम अपने शेष तीनों मैच हार जाती है तो उन्हें अन्य परिणामों पर बहुत अधिक निर्भर रहना होगा।

### गुजरात टाइटंस

गुजरात की टीम के अभी फिलहाल चार और मैच बाकी हैं और टीम के पास 14 अंक हैं। उनका नेट रन रेट मुंबई इंडियंस के बाद दूसरा सर्वश्रेष्ठ है। जीटी के पक्ष में फिलहाल हर एक समीकरण है। अगर सबकुछ सही रहा तो यह टीम शीर्ष दो में भी अपना स्थान पक्की कर सकती है। उनके शेष तीन मैचों में से दो घर पर हैं, जो कि उनके समीकरण और दावे को और मजबूत बनाता है। घर पर उनका सीएसके और लखनऊ जैसी टीमों के खिलाफ 4-1 का जीत-हार का रिकॉर्ड है।

### मुंबई इंडियंस

लगातार छह जीत के साथ मुंबई की टीम ने इस सत्र में जबरदस्त वापसी की। मुंबई का शीर्ष चार में समाप्त होना लगभग तय माना जा रहा है। अगर वह मौजूदा फॉर्म को जारी रखते हैं तो शीर्ष दो में भी स्थान बना सकते हैं। सभी टीमों में मुंबई का नेट रन रेट सर्वश्रेष्ठ भी है। मुंबई के अगर 14 अंक भी रहते हैं तो भी यह टीम शीर्ष चार में पहुंच सकती है, लेकिन इसके लिए अन्य परिणामों और नेट रन रेट पर निर्भर रहना होगा। उनके पास 18 या इससे ज्यादा अंक बनाने का भी मौका है।

## श्रीकांत सहित भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ताइपे ओपन में देंगे चुनौती

**ताइपे।** लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे किदाम्बी श्रीकांत और कई भारतीय युवा बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 240000 डॉलर ईनामी राशि के ताइपे ओपन में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत लगातार चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं जिसके कारण वह मौजूदा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 61वें स्थान पर खिसक गए हैं। श्रीकांत का सामना पहले दौर में हमवतन एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रहमण्यम से होगा जिन्होंने इस साल मार्च में स्विस ओपन में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को हराया था। विश्व जूनियर चैम्पियनशिप 2023 कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी पहले दौर में चीनी ताइपे के तीसरी वरीयता प्राप्त ली चिया हाओ से खेलेंगे। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता तरूण मन्नेपल्ली का सामना जापान के शोगो ओगावा से होगा जबकि एम लुवांग मेसनाम की टक्कर सातवीं वरीयता प्राप्त कनाडा के ब्रायन यांग से होगा।



## आडवाणी ने लगातार तीसरी बार जीता बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने फाइनल में धीमी शुरुआत से उबरते हुए ध्रुव सितवाला को 5-2 से हराकर अपना तीसरा सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक खिताब जीता। आडवाणी ने सितवाला के खिलाफ 10-150, 150-148, 81- 150, 150-96, 150-136, 150-147, 150-137 से हराया।

रविवार को देर रात खेले गए फाइनल के शुरुआती तीन फ्रेम में आडवाणी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी दूर थे लेकिन उन्होंने दूसरे फ्रेम में सितवाला द्वारा दिए गए अवसरों का पूरा फायदा उठाते हुए जीत दर्ज की। आडवाणी ने चौथा फ्रेम जीतकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया और लय हासिल करने के बाद खेल पर नियंत्रण बना लिया। उन्होंने अगले तीन फ्रेम जीतकर जीत सुनिश्चित की और ढाई लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की। उप विजेता सितवाला को डेढ़ लाख रुपये की इनामी राशि मिली। आडवाणी ने कहा, 'यह जीत मेरे लिए विशेष है।' आडवाणी ने इससे पहले 2023 और 2024 में भी यह खिताब जीता।



## नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू

**बेंगलुरु।** नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता में चोपड़ा, थॉमस रोहलर और एंडरसन पीटर्स सहित कई ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। यह भारत में होने वाली भाला फेंक की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार टिकट 199 रुपए से 9,999 रुपए की रेंज में उपलब्ध है। ज़ोमैटो इस प्रतियोगिता का आधिकारिक टिकट भागीदार है। विज्ञप्ति के अनुसार 44,999 रुपये की कीमत वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं।



### दक्षिण अफ्रीका ड्रगरहित खेल संस्थान ने जारी किया बयान

# 'ट्रीटमेंट' के बाद रबाडा खेलने के लिए उपलब्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मनोरंजन के लिए प्रतिबंधित ड्रग का सेवन करने के कारण अस्थायी निलंबन झेल रहे दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा 'ड्रग सेवन उपचार कार्यक्रम' पूरा करने के बाद अब आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के लिए खेलने को उपलब्ध हैं।

दक्षिण अफ्रीका ड्रगरहित खेल संस्थान के एक बयान के अनुसार रबाडा अब मैदान पर उतर सकते हैं। रबाडा निलंबन पूरा करके गुजरात टीम से जुड़ चुके हैं। गुजरात का सामना मंगलवार को मुंबई में मुंबई इंडियंस से होगा। तीस वर्ष के रबाडा को जनवरी में एसए20 के दौरान डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाया गया था। अब निलंबन हटने से वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भी खेल सकेंगे। विज्ञप्ति में कहा गया, 'रबाडा प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के दोषी पाये गए थे और उन्हें एक अप्रैल 2025 को इसके बारे में सूचित कर दिया गया था। उन पर अस्थायी निलंबन लगाया गया और वह तुरंत भारत से दक्षिण अफ्रीका लौट आए।

दक्षिण अफ्रीका डोपिंग निरोधक नियमों के अनुसार खिलाड़ी को ड्रग सेवन उपचार कार्यक्रम पूरा करने की पेशकश की गई थी। उपचार कार्यक्रम के दो सत्र रबाडा ने संतोषजनक ढंग से पूरे किए जिससे उन पर लगा निलंबन हटाया गया। वह एक महीने निलंबन झेल चुके हैं और अब खेल में लौट सकते हैं।'



### चार साल की सजा पर एक महीने में की वापसी

कोकीन, हेरोइन, एमडीएमए और गांजा उन पदार्थों में से है जिनके लिए रबाडा पर निलंबन लगाया गया था। इसके लिए अधिकतम चार साल का प्रतिबंध लगाया जाता है लेकिन खिलाड़ी अगर साबित कर दे कि यह स्पर्धा से बाहर हुआ है और प्रदर्शन में सुधार के लिए नहीं है तो प्रतिबंध घटाकर तीन महीने का किया जा सकता है। वह उपचार कार्यक्रम में भाग लेने को राजी हो जाए तो इसे घटाकर एक महीने का किया जा सकता है।' रबाडा आईपीएल में दो मैच खेलने के बाद ही चले गए थे ।

### रबाडा के डोपिंग मामले की गोपनीयता पर भड़के पेन

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने कैगिसो रबाडा के डोप टेस्ट में नाकाम रहने के मामले में पारदर्शिता के अभाव की आलोचना करते हुए कहा है कि इस मामले से जुड़े अधिकारियों को पूरा खुलासा करना चाहिए। रबाडा ने एक सनसनीखेज खुलासे में बताया कि मनोरंजन के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवा के इस्तेमाल के कारण वह अस्थायी निलंबन झेल रहे हैं।

## इनर व्हील क्लब के ईद मिलन महफिल-ए-ईद का आयोजन

# मखमली आवाज से छेड़े संगीत के सुर

### शहर के जाने-माने गजलकारों ने सुरमई छटा बिखेरी

***कार्यक्रम में दिखाई दी लजीज व्यंजन, गजल, मजेदार गेम्स और भोपाली तहजीब की झलक***

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

एक यादगार शाम लजीज व्यंजन, गजल, मजेदार गेम्स और भोपाली तहजीब की झलक के साथ सजी हुई नजर आई इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल राइज की ईद मिलन महफिल-ए-ईद में।

नूर उस सबा होटल में आयोजित इस शाम को और भी सुरमई बनाया शहर के जाने-माने गजलकारों ने, जिन्होंने अपनी रूहानियत भरी आवाज में गजल की ऐसी सुरमई छटा बिखेरी कि श्रोता झूमने को मजबूर हो गए।







**कला प्रेमियों ने लिया लजीज व्यंजनों का लुत्फ**

लजीज जायकेदार व्यंजनों का लुत्फ भी कला प्रेमियों ने उठाया। कार्यक्रम में जहां ईद का जश्न देखने को मिला, वहीं कीर्ति सूद, उपासना त्यागी की मखमली आवाज का जादू भी चला। साथ साजिद खान और जोया खान की गजलों ने शाम को सुहाना बनाया।



## यूनाइटेड फोरम के नए पदाधिकारी को दिलाई निष्ठा की शपथ, कार्य करने के गुण बताए

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी में मनोनीत यूनाइटेड फोरम का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पदाधिकारी को निष्ठा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत यूनाइटेड फोरम के प्रदेश संरक्षक इंजी वीके एस परिहार के मार्गदर्शन में हुई।

प्रदेश संरक्षक एवं प्रदेश कार्य अध्यक्ष आरएस कुशवाह ने नवीन पदाधिकारियों को कार्य करने के गुण बताए। समारोह में इं जेएल तेजराज अधीक्षण यंत्री इंजी. जाहिद खान, प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री इं. बीबीएस परिहार, इंजी. आरएनएस ठाकुर, अधीक्षण यंत्री राकेश नायक, संजय जोशी, समीर शर्मा, अंकुर कसकर, मनोज अग्रवाल, हरिश मेहता, सत्येंद्र मलिक, अनंत मिश्रा, चंदेल, सुश्री प्रियंका शर्मा, इंदु दुबे, नंदिनी पटेल, पंकज शर्मा, महावीर सिंह, दुर्गा पांडे, संदीप यादव, प्रवीण दुबे, प्रशांत पाल, चंद्र मणि, रोहित, पुष्पेंद्र, कुलदीप, पंचेश्वर, अखिलेश सूर्यवंशी, विवेक विश्वकर्मा आदि उपस्थिति रही।

## आज राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का करेंगे शुभारंभ

### खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग सामग्री पर मिलेगी 20 प्रतिशत तक छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल मंगलवार, 6 मई को गौहर महल में राज्य स्तरीय खादी उत्सव 2025 के अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। मप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने खादी ग्रामोद्योग उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विक्रय के लिए राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 15 मई तक रहेगी।

इस आयोजन में प्रदेश के विभिन्न खादी वस्त्र एवं ग्रामोद्योग सामग्री का उत्पादन एवं विक्रय करने वाली सस्थाओं , इकाईयों एवं प्रदेश के स्व-सहायता समूहों द्वारा भाग लिया जा रहा है। प्रदर्शनी में सभी प्रकार के खादी वस्त्रों एवं ग्रामोद्योग सामग्री पर 20 प्रतिशत छूट का लाभ आमजन को प्रदान किया जाएगा।

प्रदर्शनी में प्रदेश के कारीगरों की ओर से निर्मित खादी, रेशमी सिल्क साड़ियां, कोसा साड़ियां, सिल्क एवं कोसा वस्त्र, सूट, दुपट्टे आकर्षक डिजाइन एवं कलर में कबीरा ब्राण्ड के रेडीमेड गारमेंट्स एवं विन्ध्यावैली उत्पाद का भरपूर स्टॉक उपलब्ध है। इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्र की विरासत खादी वस्त्रों का अधिकाधिक क्रय कर विशेष छूट का लाभ उठाएं एवं प्रदेश के कत्तिन, बुनकरों एवं अन्य कारीगरों को निरंतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने में सहयोग प्रदान करें।

## विविध विधाओं में संस्कृति विभाग देगा 23 राष्ट्रीय एवं 9 राज्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा कला, साहित्य, सिनेमा, संस्कृति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में स्थापित राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मान प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2025 के 23 राष्ट्रीय एवं 9 राज्य सम्मानों के लिए अनुशंसाएं आमंत्रित की गई हैं। संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि यह सम्मान देश के सृजन सक्रिय साहित्यकार, कलाकार, संस्था की उच्च सृजनात्मकता, असाधारण उपलब्धि, अनवरत दीर्घ साधना तथा समग्र रचनात्मक अवदान के लिए प्रदान किए जाते हैं। प्रत्येक सम्मान के लिए अलग-अलग अनुशंसाएं 30 मई तक कार्यालय, संस्कृति संचालनालय, 1-शिवाजी नगर, गैस राहत भवन, भोपाल के पते पर पहुंचाना आवश्यक है।

- राष्ट्रीय एवं राज्य सम्मान वर्ष 2025 के लिए अनुशंसाएं आंमत्रित

## स्टार्टअप के पेटेंट तैयार करने की प्रक्रिया, ड्राफ्टिंग के नियम और फाइलिंग की समझाई बारीकियां

### रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में स्टार्टअप्स के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ एवं आईपीआर सेल द्वारा 'स्टार्टअप्स के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा एवं प्रबंधन' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अपर्णा पांढरकर, भारतीय पेटेंट एजेंट एवं स्टार्टअप प्रोत्साहक, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार और डॉ. अजय कुमार चौबे, संस्थापक एवं निदेशक ई-स्किल भारत, स्टार्टअप इंडिया मेंटर और इग्नू-एनसीआईडीई के नवाचार समन्वयक बतौर वक्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आईपीआर की मूल अवधारणाओं, पेटेंट प्रक्रिया और नवाचार के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था, जिससे वे अपने विचारों की सुरक्षा कर सकें और उन्हें व्यावसायिक स्तर तक ले जा सकें।



**व्यावहारिक उदाहरणों और केस स्टडीज का दिया ब्यौरा**

पहले दिन अपर्णा पांढरकर ने पेटेंट ड्राफ्टिंग एवं फाइलिंग चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को पेटेंट तैयार करने की प्रक्रिया, ड्राफ्टिंग के नियम और फाइलिंग की तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों और केस स्टडीज के माध्यम से छात्रों को पेटेंट प्रक्रिया को गहराई से समझाया, जिससे नवोन्मेषी विचारों को विधिक सुरक्षा मिल सके।




Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. #The Instant Cashback offer is only applicable in following states – Bihar, Jharkhand, Gujarat, Tamil Nadu, Haryana, Punjab, Chandigarh, Rajasthan, Jammu & Kashmir, Himachal Pradesh, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Uttarakhand, Chhattisgarh, Puducherry, Dadra & Nagar Haveli, Daman & Diu and Andaman & Nicobar. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930